3 **बस्तर संभाग** ग्रामीण कर रहे पलायन मनरेगा का कार्य वाहनों से : गागड़ा

6 **अभिमत** पाक से रिश्तों में सावधानी आवश्यक

10 **संस्कारधानी** खबर से हड़कंप : समन्वयक ने आनन फानन में स्कूलों में ...

11 **छत्तीसगढ़** कुलपति से मिलने पहुंचे छात्रों से निज सचिव ने ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 4 मार्च 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 193 मूल्य 3.00 ₹

# आत्मनिर्भर भारत के लिए युवाओं में आत्मविश्वास जरूरी : पीएम मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं में आत्मविश्वास बहुत जरूरी है और यह तभी आता है जब युवा को अपनी शिक्षा, अपने ज्ञान और अपने स्किल पर पूरा भरोसा और विश्वास हो। श्री मोदी ने बुधवार को शिक्षा मंत्रालय की ओर से आयोजित शिक्षा के क्षेत्र में बजट के क्रियान्वयन पर बेबिनार में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का ये मंथन ऐसे समय में हो रहा है जब देश अपने व्यक्तिगत, बौद्धिक, उद्यमी मानसिकता और प्रतिभा को दिशा देने वाले पूरे वातावरण को परिवर्तन करने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इसे और गति देने के लिए आप सभी से बजट से पहले भी सुझाव लिए गए थे। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में भी देश के लाखों लोगों से विचार-विमर्श करने का सौभाग्य मिला था और अब इसके क्रियान्वयन के लिए हम सभी को साथ मिलकर चलना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देश के युवाओं में आत्मविश्वास उतना ही जरूरी है। आत्मविश्वास तभी आता है, जब युवा को अपनी शिक्षा, अपने ज्ञान, अपनी स्किल पर पूरा भरोसा हो और विश्वास हो। आत्मविश्वास तभी आता है, जब उसको एहसास होता है कि उसकी पढ़ाई, उसे अपना काम करने का अवसर दे रही है और जरूरी स्किल भी दे रही है। प्रधानमंत्री ने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, इसी सोच के साथ बनाई गई है। प्री-नर्सरी से पीएचडी तक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के हर प्रावधान को जल्द से जल्द ज़मीन पर उतारने के लिए अब हमें तेजी से काम करना है। कोरोना वायरस की वजह से अगर रफ्तार कुछ धीमी भी पड़ी थी तो अब उसके प्रभाव से निकलकर हमें जरा गति बढ़ानी भी जरूरी है और आगे बढ़ना भी जरूरी है। इस वर्ष का बजट भी इस दिशा में बहुत मददगार सिद्ध होगा। इस वर्ष के बजट में स्वास्थ्य के बाद दूसरे सबसे बड़े क्षेत्र शिक्षा, स्किल, शोध और नवाचार हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक नवाचार इंडेक्स में भारत दुनिया की शीर्ष 50 इन्नोवेटिव देशों में शामिल हो चुका है और निरंतर सुधार कर रहा है। उच्च शिक्षा, शोध और इन्नोवेशन को निरंतर प्रोत्साहन से छात्रों और युवा वैज्ञानिकों के लिए नये अवसर बहुत ज्यादा बढ़ रहे हैं। इसके साथ अच्छी बात यह भी है कि शोध और विकास में बेटियों की भागीदारी में एक अच्छी संतोषकारक वृद्धि देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश के शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ा सुधार लाया जा रहा है। इस वेबिनार में बैठे तमाम विशेषज्ञ, तमाम शिक्षाविदों से बेहतर ये कौन जानता है कि विषय की समझ में भाषा का बहुत बड़ा योगदान होता है। नयी शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा के ज्यादा से ज्यादा उपयोग के लिए प्रोत्साहन दिया गया है। अब ये सभी शिक्षाविदों का, हर भाषा के जानकारों का दायित्व है कि देश और दुनिया का बेहतर कंटेंट भारतीय भाषाओं में कैसे तैयार हो। तकनीक के इस युग में यह पूरी तरह से संभव है। श्री मोदी ने कहा कि देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। गांव हो, गरीब हो, जिसको अपनी भाषा के सिवाय और कुछ नहीं आता है, उसकी प्रतिभा भी कम नहीं होती है। भाषा के कारण हमारे गांव की, हमारे गरीब की प्रतिभा को हमें मरने नहीं देना चाहिए। देश में देश की विकास यात्रा से उसको वंचित नहीं रखना चाहिए। भारत की प्रतिभा गांव में भी है, भारत की प्रतिभा गरीब के घर में भी है। इसलिए भाषा की बाधाओं से बाहर निकल कर हमें उसकी भाषा में उसकी प्रतिभा को फलने-फूलने के लिए अवसर देना है, ये मिशन मोड में करने की जरूरत है। बजट में घोषित राष्ट्रीय भाषा अनुवाद मिशन से इसके लिए बहुत प्रोत्साहन मिलेगा।

## विवक न्यूज़

### राष्ट्रपति ने लगवाया कोरोना का टीका



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कोरोना के दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत बुधवार को टीका लगवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री कोविंद ने दिल्ली के रिसर्च एवं रेफरल अस्पताल में कोरोना वैक्सीन ली। राष्ट्रपति की पत्नी सविता कोविंद भी उनके साथ अस्पताल पहुंची थीं। दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान के तहत, एक मार्च से 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्?ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को टीका लगाया जाएगा।

### रेल, सड़क एवं जलमार्ग का एकीकरण जरुरी : पीयूष

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक राष्ट्र-एक बाजार की अवधारणा के लिए रेल, सड़क एवं जलमार्ग के एकीकरण पर जोर देते हुए कहा है कि इससे परिवहन की लागत में कमी लायी जा सकती है। श्री गोयल ने भारतीय नौवहन सम्मेलन 2021 को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार बहुउद्देश्यीय परिवहन प्रणाली पर काम कर रही है जिससे मालवहन लागत में कमी लायी जा सके और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा सकें। उन्होंने उद्योग के सभी पक्षधारकों से 'सेवा प्रदाता से ज्ञान प्रदाता' में परिवर्तित होने की अपील की और कहा कि इसके लिए तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए।

### रूपया 65 पैसे उछला

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर पर बने दबाव और घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में जारी तेजी से मिले समर्थन के बल पर रुपया आज अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में 65 पैसे उछल कर 72.72 रुपए प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 73.37 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 73.26 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका निचला स्तर भी रहा। सत्र के दौरान रुपया 72.71 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 65 पैसे मजबूत होकर 72.72 रुपए प्रति डॉलर पर रहा।

# भाजपा सरकार में किसी को नहीं मिल रहा न्याय : राहुल-प्रियंका



वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है और ना ही लोगों को उनके सवालों का जवाब दिया जा रहा है। श्री गांधी और श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं लेकिन जनहित से जुड़े हर सवाल पर चुप्पी साधी जा रही है। भाजपा की सरकारें जो प्रचार करती हैं स्थिति उसके ठीक विपरीत होती है और लोगों की समस्याओं की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। श्री गांधी ने सरकार से सवालों के जवाब मांगते हुए ट्वीट किया छात्रों के सवालों का, बेरोज़गारी के इन सालों का और व्यवसायों में पड़े तालों का आज हिसाब दो। श्रीमती वाड्रा ने योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि हाथरस में छेड़छाड़ के खिलाफ मुक़दमा वापस न लेने वाली एक लड़की के पिता की हत्या कर दी गई। बुलंदशहर में कई दिनों से गायब एक बच्ची का शव एक घर में गड़ा हुआ मिला। अपराध को लेकर यूपी भाजपा सरकार के झूठे प्रचार के ठीक विपरीत जमीन पर हर रोज कोई न कोई परिवार न्याय के लिए चीख रहा है।

# शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए देश के टॉप 5 आकांक्षी जिलों में छत्तीसगढ़ के दो जिलों ने बनाया स्थान

- **नीति आयोग की डेल्टा रेकिंग में पूरे देश में छत्तीसगढ़ का दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा तीसरा और बस्तर जिला चौथे नंबर पर**
- **मुख्यमंत्री भूपेश ने जिलेवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यो में पूरे देश के टॉप 5 आकांक्षी जिलों में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दो जिलों ने अपना स्थान बनाया है। भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यो के आधार पर देश के आकांक्षी जिलों की जनवरी 2021 की डेल्टा रेकिंग जारी की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ का दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले ने तीसरा स्थान और बस्तर जिले ने चौथा स्थान बनाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा और बस्तर जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है और कहा की है कि कभी विकास में पिछड़े माने जाने वाले ये जिले आज दूसरे जिलों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रहे है। नीति आयोग ने देश के आंकाक्षी जिलो में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बेहतर कार्य करने टॉप 5 जिलों की डेल्टा रेकिंग जारी करते हुए इन्हें बधाई दी है और कहा कि सामाजिक और आर्थिक समृद्धि में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# बीमारू नहीं बल्कि देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है यूपी : योगी

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चार साल पहले देश दुनिया में बीमारू राज्य के तौर पर माना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और उनकी सरकार अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद अपने दूसरे कार्यकाल मे न सिर्फ इसे देश की पहली बड़ी अर्थव्यवस्था बनायेगी बल्कि एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को पूरा करेगी। विधानसभा में बुधवार को बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने करीब दो घंटे के उदबोधन के दौरान कहा कि पिछले चार वर्षो में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का सृजन हुआ है। चार साल पहले जिस प्रदेश को देश और दुनिया में बीमारू कहा जाता था, जो भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के बाद भी अर्थव्यवस्था के पैमाने पर पांचवे पायदान पर था, जहां युवा पलायन को मजबूर था, आज उसकी प्रगति और उसकी नीतियां अन्य राज्यों के लिए नजीर बन रही हैं। उन्होनें कहा कि 2015-16 में 10.90 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी वाला राज्य समन्वित प्रयासों से आज 21.73 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी के साथ देश मे दूसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन कर उभरा है। राज्य वही है, संसाधन वही हैं काम करने वाले वही हैं, बदली है तो बस कार्यसंस्कृति।पिछली सरकारों की तरह अब यहां परिवार केंद्रित योजनाएं नहीं बनतीं, बल्कि किसान, नौजवान, महिला और गरीब वर्तमान सरकार की नीतियों के केंद्र में है। सरकार की नीति और नीयत साफ है और यही वजह है कि जनता सरकार के साथ है। श्री योगी ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी वाले प्रदेश का बजट पिछली सरकारों के समय महज दो लाख करोड़ का होता था यह 'ऊंट के मुंह मे जीरा' की कहावत को चरितार्थ करने जैसा था। जब बजट ही नहीं होगा तो काम कैसे आगे बढ़ेगा। कोई दूरदर्शिता नहीं थी, कोई विजन नहीं था। आज वही यूपी है जहां चार साल पहले प्रति व्यक्ति आय 45,000 रुपये थी। आज 95,000 रुपये है।

# आपातकाल के दौरान सारे संगठन कमजोर कर दिये गये थे : जावड़ेकर

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आपातकाल के सम्बंध में दिए गए बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा है कि आपातकाल के दौरान उस वक्त की सरकार ने सारे संगठनों को कमजोर कर दिया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आपातकाल के दौरान सरकार का विरोध करने वाले तमाम सांसदों, विधायकों को गिरफ्तार किया गया था। लगभग सारे राजनीतिक दलों को प्रतिबंधित किया गया था। यही नहीं, आलोचना करने वाले अखबारों को भी बंद कर दिया गया था। श्री जावड़ेकर ने कहा कि श्री राहुल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को समझने में काफी समय लगेगा। दुनिया में देशभक्ति की सबसे बड़ी पाठशाला आरएसएस है। गुजरात के निकाय चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन के बारे में श्री जावड़ेकर ने कहा कि गुजरात में जिला परिषद के चुनाव में भाजपा ने सभी 31 सीटें जीती हैं जबकि कांग्रेस का चुनावों में सफ़ाया हो गया। गुजरात के निकाय चुनावों में भाजपा की सफलता का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात के लोगों ने नए कृषि कानून के पक्ष में वोट दिया है। लोगों ने कांग्रेस के नकारात्मक प्रचार को खारिज कर दिया है। दिल्ली के नगर निगम उपचुनाव में भाजपा की हार को लेकर श्री जावड़ेकर ने कहा कि दिल्ली के नतीजों पर सिर्फ इतना कहूंगा कि जिसकी सीट जिसके पास थी उसके पास गई। उल्लेखनीय है कि वायनाड से सांसद राहुल ने मंगलवार को कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया आपातकाल एक 'गलती' थी।

## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में आज से भिड़ंत

# फाइनल का टिकट कटाने उतरेगा भारत

वार्ता < अहमदाबाद
www.dailypioneer.com

टेस्ट इतिहास में कोई टेस्ट इतना महत्वपूर्ण साबित नहीं हुआ होगा जितना भारत और इंग्लैंड के बीच गुरूवार से यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होने वाला चौथा और अंतिम स्टेडियम बन गया है जिस पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की दूसरी टीम का भविष्य टिका हुआ है। भारत को फाइनल में जाने के लिए इस टेस्ट में जीत या ड्रा की जरूरत है जबकि फाइनल की होड़ से बाहर हो चुके इंग्लैंड ने यदि यह टेस्ट जीता तो सीरीज के ड्रा होने के कारण भारत बाहर हो जाएगा और ऑस्ट्रेलिया भाग्य के भरोसे फाइनल में पहुंच जाएगा। फाइनल इस साल जून में इंग्लैंड के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर होना है और न्यूजीलैंड की टीम पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है जबकि फाइनल की दूसरी टीम का फैसला होना बाकी है। अहमदाबाद में खेला गया तीसरा टेस्ट मात्र दो दिन में ही समाप्त हो गया था जिसे भारत ने 10 विकेट से जीता था। इंग्लैंड की टीम ने भारतीय स्पिनरों के सामने घुटने टेक दिए थे और दोनों परियों में उसने 112 और 81 रन बनाये थे। लेफ्ट आर्म स्पिनर अक्षर पटेल ने तीसरे दिन रात्रि टेस्ट में 11 और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने सात विकेट लेकर अंग्रेजों को दो दिन में जमीन सूंघने पर मजबूर कर दिया था। चेन्नई में दूसरे टेस्ट में भी स्पिनरों का बोलबाला रहा था और भारत ने दूसरा टेस्ट 317 रन के रिकॉर्ड अंतर से जीता था। चौथे



टेस्ट में भी दोनों टीमों की परीक्षा स्पिन ट्रैक से ही होगी जिसके लिए दोनों टीमें पूरी तैयारी कर चुकी होंगी। इंग्लैंड के कप्तान जो रुट स्पिन ट्रैक की चुनौती के लिए तैयार हैं और उनका मानना है कि यदि उनकी टीम यह मैच जीतकर सीरीज को 2-2 से ड्रा करा लेती है तो यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। भारत ने 2012 के बाद से किसी घरेलू सीरीज में दो टेस्ट नहीं गंवाएं हैं। तब भारत को इंग्लैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। यह घरेलू सीरीज में भारत की आखिरी पराजय थी। दोनों टीमें जानती हैं कि चौथे टेस्ट में उनका सामना एक और स्पिनिंग ट्रैक से होगा। इंग्लैंड के विकेटकीपर बेन स्टोक्स कह चुके हैं कि चौथे टेस्ट की पिच में तीसरे टेस्ट से ज्यादा टर्न होगा जबकि भारतीय उपकप्तान अजिंक्या रहाणे ने कहा है कि चौथे टेस्ट की पिच दूसरे और तीसरे टेस्ट जैसी ही होगी। इस बार फर्क इतना ही होगा कि चौथे टेस्ट में गुलाबी नहीं लाल बॉल होगी जिससे स्पिनरों की गेंद में उतनी तेजी नहीं होगी जितनी गुलाबी बॉल से थी। तीसरे टेस्ट में गुलाबी बॉल से 12 खिलाड़ी पगबाधा हुए थे जबकि आठ खिलाड़ी बोल्ड हुए थे। चेन्नई टेस्ट में लाल बाल से सात खिलाड़ी पगबाधा हुए थे जबकि पांच खिलाड़ी बोल्ड हुए थे। इसलिए माना जा रहा है कि चौथे टेस्ट में टर्न तो होगा लेकिन गेंद में उतनी तेजी नहीं होगी।

# एससीडी उपचुनाव : आप ने लहरायी पताका, भाजपा का सूपड़ा साफ

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पांच वार्डों के हुए उप चुनावों में चार पर जीत हासिल करके भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सूपड़ा साफ कर दिया है। एक वार्ड में कांग्रेस के उम्मीदवार ने जीत हासिल की। भाजपा का इन उप चुनावों में खाता भी नहीं खुल सका। जिन पांच वार्डों में उप चुनाव कराये गये उनमें से चार पर आप का पहले से ही कब्जा था जबकि एक वार्ड पर भाजपा काबिज थी। एमसीडी के पांच वार्डों में 28 फरवरी को मतदान कराया गया था। इन उप चुनावों के नतीजे आज घोषित किये गये। आप ने कल्याणपुरी, रोहिणी-सी, त्रिलोकपुरी और शालीमार बाग (उत्तर) वार्ड में जीत दर्ज की। आप के उम्मीदवार धीरेन्द्र कुमार ने कल्याणपुरी वार्ड में 7043 मतों से जीत हासिल की। आप प्रत्याशी राम चन्दर ने रोहिणी सी वार्ड में भाजपा उम्मीदवार राकेश गोयल को 2985 मतों से मात दी। आप उम्मीदवार विजय कुमार ने त्रिलोकपुरी वार्ड पर भाजपा के उम्मीदवार ओम प्रकाश को 4986 मतों से पराजित किया। आप प्रत्याशी सुनीता मिश्रा ने शालीमार बाग (उत्तर) वार्ड से भाजपा उम्मीदवार सुरभि जाजू को 2705 मतों से हराया। कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी जुबेर अहमद ने चौहान बांगर वार्ड पर आप उम्मीदवार मोहम्मद इशराक खान को 10642 मतों से पटखनी दी। एमसीडी उपचुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की जबर्दस्त सफलता हासिल करने पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री एवं आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने मतदाताओं को बधाई दी और कहा कि दिल्ली की जनता ने एक बार फिर 'काम के नाम' पर मतदान किया है। श्री केजरीवाल ने ट्विटर पर कहा,÷ दिल्ली के लोगों ने एक बार फिर 'काम के नाम' पर वोट दिया है। सबको बधाई। एमसीडी में 15 साल के भाजपा के कुशासन से जनता परेशान हो चुकी है। लोग अब एमसीडी में भी आप की सरकार बनाने के लिए बेताब हैं। उप मुख्यमंत्री एवं आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने इन उप चुनावों के नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ÷एमसीडी उप चुनावों में पांच में से चार वार्डों पर जीत हासिल करने पर आप कार्यकर्ताओं को बधाई। भाजपा के शासन से दिल्ली की जनता अब दुखी हो चुकी है। अगले साल होने वाले एमसीडी चुनावों में जनता अरविंद केजरीवाल जी की ईमानदार और काम करने वाली राजनीति को लेकर आएगी।

# देशी-विदेशी शराब पर विशेष कोरोना शुल्क से प्राप्त राशि के उपयोग के मुद्दे पर सदन गरमाया

## आबकारी मंत्री की ओर से वनमंत्री ने दिया उत्तर कहा-इससे प्राप्त राशि को निर्धारित उद्देश्यों के लिए खर्च किया जाएगा

■ मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ विधानसभा में जारी बजट सत्र के दौरान बुधवार को प्रदेश में देशी और विदेशी शराब पर विशेष कोरोना शुल्क से प्राप्त राशि के उपयोग का मुद्दा भाजपा सदस्यों ने जोरशोर से उठाया। इस मुद्दे पर आबकारी मंत्री की ओर से वनमंत्री मो. अकबर ने कहा कि विशेष कोरोना शुल्क से प्राप्त राशि का अभी उपयोग नहीं किया गया है और इसका व्यय निर्धारित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर भाजपा सदस्यों सहित जनता कांग्रेस छग के विधायक धर्मजीत सिंह ने बहिर्गमन कर दिया। प्रश्नकाल में आज भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने यह मुद्दा उठाते हुए आबकारी मंत्री से पूछा कि 02 मई तथा 15 मई 2020 को छग राजपत्र वाणिज्य कर आबकारी विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर द्वारा देशी-विदेशी के फुटकर विक्रय दर पर 10-10 रूपये प्रतिशत की दर से विशेष कोरोना शुल्क अधिरोपित करने की अधिसूचना के अनुसार दोनों मदो से 03 फरवरी 2021 तक कितनी राशि प्राप्त हुई एवं उक्त राशि का कोरोना महामारी के लिए स्वास्थ्य विभाग को इस मद से कितनी राशि उपयोग में लायी गयी है तथा कितनी राशि बची है। इसके जवाब में आबकारी मंत्री की ओर वनमंत्री मो. अकबर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि देशी मदिरा से विशेष आबकारी शुल्क के रूप में 198 करोड़ 19 लाख 98 हजार 240 एवं विदेशी मदिरा से 166 करोड़ 55 लाख 38 हजार 808 रूपये प्रश्नावधि तक छग स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा शासकीय कोष में जमा की गई।

उन्होंने यह भी बताया कि राशि अभी तक उपयोग में नहीं लायी गई है। मंत्री अकबर ने यह भी बताया कि दोनो मदों से प्राप्त राशि की सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत गठित मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन एवं विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत कर व्यय किया जाना है जिसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग को द्वितीय अनुपूरक में 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मंत्री द्वारा दिए उत्तर के बाद भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस पर कहा कि जिस उद्देश्य से देशी-विदेशी शराब पर शुल्क लगाया गया है उस राशि का एक रूपये भी स्वास्थ्य विभाग को नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना एक दौर गुजर चुका है, वहीं देश के कुछ राज्यों में कोरोना का दूसरा दौर फिर शुरू होने की खबरें आ रही है, जिसमें छग राज्य भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोरोना शुल्क की राशि का स्वास्थ्य विभाग की जगह दूसरे मदों पर खर्च किया जा रहा है जो प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है।

जनता कांग्रेस छग के विधायक धर्मजीत सिंह ने इस मामले में मंत्री से पूछा कि क्या विशेष कोराना शुल्क से प्राप्त राशि को वैक्सीन के लिए स्वास्थ्य विभाग को देंगे। इस पर मंत्री मो. अकबर ने कहा कि निर्धारित उद्देश्यों में राशि खर्च की जायेगी। इसके बाद भाजपा सदस्यों ने मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर बहिर्गमन कर दिया।

# चिरमिरी शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य का मुद्दा सदन में उठा

■ कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल ने प्रश्नकाल में उठाया मामला
■ जायसवाल, गुलाब कमरो, जकांछ के विधायक सहित भाजपा सदस्यों ने प्राचार्य पर कार्यवाही की मांग की
■ उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा-दो सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही






छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के चिरमिरी शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ प्राचार्य का मुद्दा सदन में जोर-शोर से उठा। इस मामले में प्राचार्य को निलंबित कर उसके खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की गई। उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने इस मामले में कहा कि प्राचार्य को पूर्व में निलंबित किया गया था लेकिन न्यायालय के आदेश के बाद उन्हें वापस उसी पद पर बहाल किया है, चूंकि प्राचार्य के खिलाफ कई शिकायतें विभाग को मिली है इसलिए इस मामले में दो सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच करायी जा रही है।

प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष के कांग्रेस विधायक डा. विनय जायसवाल ने मनेन्द्र गढ़ विधानसभा अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों में स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी मंत्री से मांगी। इसके जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 03 शासकीय महाविद्यालय संचालित है जिनमें कुल 124 पद स्वीकृत एवं 71 पद रिक्त है। इस पर डा. जायसवाल ने मंत्री से शेष रिक्त पदों को भी शीघ्र भरे जाने की मांग की। मंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द भरे जाने का आश्वासन दिया।

कांग्रेस सदस्य डा. विनय जायसवाल ने पूरक प्रश्न करते हुए मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया चिरमिरी शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य को 2012 में भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित किया गया था लेकिन पुनः उसी पद पर बहाल कर दिया गया है। उन्होंने मंत्री से पूछा कि निलंबन कार्यवाही के बाद पुनः उसी पद पर उन्हें कैसे बहाल कर दिया गया है। इस मामले की उन्होंने जांच की मांग की। उच्च शिक्षा मंत्री ने स्वीकार किया कि 2012 में प्राचार्य को निलंबित किया गया था। उन्होंने बताया कि लेकिन निलंबन के बाद प्राचार्य न्यायालय चली गई और न्यायालय के आदेश के बाद उसे पुनः उसी पद पर बहाल किया गया है। मंत्री ने बताया कि जब पहली बार प्राचार्य न्यायालय गई तो उस पर विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं करने का आदेश दिया और दूसरी बार उन्हें पुनः वर्तमान जगह पद पर बने रहने का आदेश जारी किया। मंत्री ने बताया कि न्यायालय के आदेश से उन्हें वहां पदस्थ किया गया है। हालांकि मंत्री उमेश पटेल ने यह भी बताया कि चूंकि प्राचार्य के खिलाफ अन्य लोगों से भी कई शिकायतें मिली है इसलिए इस मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है जो मामले की जांच कर रही है। जांच की रिपोर्ट आने पर निश्चित कार्यवाही की जायेगी। इस मामले में भाजपा सदस्य नारायण चंदेल, अजय चंद्राकर के अलावा जनता कांग्रेस छग के विधायक धर्मजीत सिंह और कांग्रेस विधायक गुलाब कमरो ने भी मंत्री से सवाल किये।

# जोगी कांग्रेस के धर्मजीत ने अमितेश को आड़े हाथों लिया



छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट पर अपनी बात रखते हुए जोगी कांग्रेस के उपनेता विधायक दल धर्मजीत सिंह ने कांग्रेस विधायक अमितेश शुक्ल को आड़े हाथ लिया। सिंह ने कहा कि किसी को भी हार जाने का सर्टिफिकेट मत बांटिए। सिंह ने कहा कि उस दिन शुक्ल ने मुझ पर टिप्पणी की थी कि आप चुनाव हार जाएंगे। इतना घमंड ठीक नहीं है। किसी को भी इतना घमंडी नहीं होना चाहिए।

दरअसल एक दिन पहले शुक्ल और सिंह की बजट पर चर्चा के दौरान झड़प हो गई थी। अमितेश शुक्ल ने जो टिप्पणी की थी वह धर्मजीत सिंह को नागवार गुजरी। सिंह ने कहा कि अमितेश शुक्ल को मैंने कुछ सुझाव दिया तो वे नाराज हो गए थे। मेरी तरफ मुखतिब होते हुए उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री का बेटा होना गुनाह है। धर्मजीत सिंह ने कहा की इतना घमंड ठीक नहीं है। इसके बाद सदन में शान्ति छा गई। इस टिप्पणी को सुनने के बाद मंत्री अमरजीत भगत ने माहौल को हंसते हुए संभाला और कहा कि अमितेश जी अपने स्थान पर उपस्थित नहीं हैं, इसलिए उनका जिक्र मत कीजिये। इस पर धर्मजीत सिंह ने कहा कि मैं किसी को जानबूझकर नहीं कह रहा हूं पर किसी को भी सर्टिफिकेट नहीं देना चाहिए। जनता किसी को भी फर्श से अर्श तक पहुंचाती है और अर्श से फर्श तक ला देती है, इतना घमंड किसी को नहीं करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपना भाषण समाप्त किया।

## अवैध रेत उत्खनन का मुद्दा गूंजा

छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा सदस्यों ने प्रदेश में रेत के अवैध उत्खनन का मामला जोरशोर से उठाया। इस मामले में भाजपा सदस्यों ने स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा कराये जाने की मांग करते हुए हंगामा किया, जिसके बाद आसंदी ने व्यवस्था दी कि इस विषय पर किसी ना किसी रूप में चर्चा करायी जाएगी। शून्यकाल में आज भाजपा सदस्यों ने रेत के अवैध उत्खनन का मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि एनजीटी के नियम का पालन नहीं हो रहा है। नियम क़ायदों को ताक पर रखा जा रहा है, शिवनाथ नदी की दिशा तक बदल जा रही है।भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि सरकार रेत माफिया को निर्देशित कर रही है या रेत माफिया सरकार को निर्देशित कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी संरक्षण में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। जनता कांग्रेस छग के विधायक धर्मजीत सिंह ने इस मुद्दे पर भाजपा सदस्यों का समर्थन करते हुए कहा रेत के नाम पर जंगलराज है। प्रदेश में शराब माफिया पहले से स य है। उन्होंने कहा कि अधिकारी ट्रांसफर के डर से कुछ नहीं बोलते, वहीं सरकारी संरक्षण में सत्ता पक्ष के लोग रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने भी कहा कि सारे शराब के गुंडे रेत पर उतर चुके हैं। पुलिस प्रशासन के संरक्षण में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है। हालात यह है कि अवैध रेत उत्खनन की वजह से शिवनाथ नदी की दिशा ही बदल रही है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि पूरे प्रदेश में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, और अधिकारी की हिम्मत नहीं की कार्यवाही करें।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया बालकोमेडिकल सेंटर सिटी क्लिनिक का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर के निवासियों को विश्वसनीय और विशेषज्ञ कैंसर परामर्श उपलब्ध कराने हेतु नया रायपुर में स्थित, सर्वसुविधायुक्त एवं आधुनिक कैंसर अस्पताल, बालकोमेडिकल सेंटरने सिटी क्लिनिक का आज उद्घाटन किया। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री, टी एस सिंहदेव जी ने आज शाम इस क्लिनिक का उद्घाटन किया। कोरोना परिस्थिति को देखते हुए इस कार्यक्रम को वर्चुअलीडूम के माध्यम से किया गया। यह क्लिनिक लालगंगाबिडनेस पार्क, पचपेड़ी नाका में खोला गया।

सिंहदेव ने कैंसर के क्षेत्र में बालको मेडिकल सेंटर द्वारा किये जाने वाले प्रयासों की सराहना की और कहा कैंसर हो जाने पर इससे छुटकारा पाना मुश्किल है पर नामुमकिन नहीं। मरीज़ अगर दृढ़ इच्छाशक्ति से इस बीमारी का सामना करें और उन्हें सही समय पर विशेषज्ञ द्वारा सही इलाज मुहैया हो तो कैंसर-मुक्त जीवन संभव है।

हम कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए कटिबद्ध हैं ताकि इसे रोका जा सके। बालको मेडिकल सेंटर-सिटी क्लिनिक द्वारा रायपुर के लोगों को उत्तम कैंसर देखभाल सहजता से मिलेगी। हम सिटी क्लिनिक के द्वारा रायपुर निवासियों को, उनके घरों के नजदीक सामान्य सभी कैंसर परामर्श के इलावास्तन कैंसर और रक्त कैंसर के लिए विशेष कैंसर परामर्श और सभी प्रकार के दर्द के लिए विशेषज्ञ दर्द क्लिनिक मुहैया करवा रहें हैं। बालको मेडिकल सेंटर के मेडिकल डायरेक्टर, डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव ने कहा।

डॉक्टर श्रीवास्तव ने बताया कैंसर उन कई संबंधित बीमारियों का समूह है जो तब होती हैं जब असामान्य कोशिकाओं का एक समूह अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगता है। इस तरह से अक्सर ट्यूमर बन जाते हैं। ट्यूमर या तो सामान्य होते हैं या घातक। कैंसर की रोकथाम के लिए जरूरी है।

# प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होंगे विभिन्न आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही महिलाओं को प्रोत्साहित करने, सामाज में विद्यमान कुरीतियों की रोकथाम और कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास संचालनालय द्वारा सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी और महिला एवं बाल विकास अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कार्यक्रम के आयोजन में कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी क्षेत्र की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें शासकीय योजनाओं, कानूनी प्रावधानों सहित उनके अर्थिक सशक्तिकरण संबंधी जानकारी दी जाएगी। नवनिर्वाचित पंचायती राज पदाधिकारियों को आमंत्रित कर विभागीय योजनाओं, ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना तथा अन्य ग्रामीण रोजगार उन्मूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इसके साथ ही चयनित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला अधिकारियों को महिला कृषकों को आमंत्रित कर उन्हें उन्नत कृषि और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने भी कहा गया है। इस अवसर पर महिलाओं के साथ पुरूषों की सहभागिता सुनिश्चित कर उनमें लिंग-भेद को दूर करने और समाज में महिलाओं की भागीदारी संबंधी जागरूकता लाने का प्रयास भी किया जाएगा।

# सजग के आडियो से अभिभावक सीख रहे नन्हें-मुन्नों को सफल जीवन के लिए तैयार करना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास विभाग और यूनिसेफ के सहयोग से सजग कार्यक्रम के तहत अभिभावकों के लिए तैयार किये गए आडियो जीवन की चुनौतियों के लिए बच्चों को तैयार करना सिखा रहे हैं। सजग की अब तक 32 कड़ियों का प्रसारण किया जा चुका है। सजग के ऑडियो में बच्चों के सही परवरिश के सुझाव, कहानी और गीत रहते हैं। ये आडियो विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल में कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराए जाते हैं और उनके माध्यम से आडियो संदेश अभिभावकों तक पहुंचते हैं। बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले संदेशों न सिर्फ लोग पसंद कर रहे हैं बल्कि सुनकर प्रेरित भी हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अप्रैल 2020 में कोरोना संकट के दौरान लागू लॉकडाउन की परिस्थितियों में नन्हे बच्चों के बौद्धिक विकास एवं सीखने की प्रक्रिया बाधित न हो और नौनिहालों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए उनके भवष्यि को गढ़ने की प्रक्रिया सतत जारी रखने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से तैयार किये गए चकमग और सजग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। सजग के आडियो माता-पिता को बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए उनमें अच्छे गुण विकसित करने की राह दिखाता है, जिससे बच्चा जीवन की कठिनाइयों को आसानी से पार करते हुए सफलता प्राप्त करे। सजग की 32 वीं कड़ी में 'फिर एक नजर' में पिछली 16 कड़ियों को फिर से पिरोया गया ताकि अभिभावक उन कड़ियों की सीख को ना भूलें और फिर से याद कर लें। सजग श्रृंखला की इन कडिज़यों में ये कोशिश हुई कि नन्हें मुन्नों को पनपते और उन्हें सफल, सबल,सुगढ़ बनाने के लिए उनमें किस तरह गुणों को विकसित करें जिससे बड़े होकर वे देश और समुदाय के लिए वरदान बनें। ऑडियो में कहानियों के माध्यम से मुश्किल समय में संतुलन और धैर्य रखना, सहयोग और विचारकर काम करना,आत्मविश्वास, अच्छे रिश्ते बनाने की समझ, कम साधन में अनुभवों से जिंदगी जीने का ढंग, व्यवहारिक समझ, परिस्थितियों में ढलना,दूसरों के दुखों में हाथ बंटाना, दुनिया के साथ खुद को बदलने का हौसला, साहस जैसे कई गुणों को बच्चों में विकसित करने संबंधी जानकारी दी गई है।

## हाईकमान मंत्री टीएस सिंहदेव को बनाया त्रिपुरा का पर्यवेक्षक



**रायपुर।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने त्रिपुरा के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी है। दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव को कांग्रेस ने त्रिपुरा का वरिष्ठ एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। इस संबंध में एक अधिसूचना भी जारी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग ने बीते मंगलवार को कहा था कि 30 सदस्यीय त्रिपुरा में 4 अप्रैल को मतदान होगा। राज्य चुनाव आयुक्त माणिक लाल डे ने कहा कि मतों की गिनती 8 अप्रैल को होगी।

### स्वदेशी मेला - 2021 : पधारो म्हारो राजस्थान से गुलजार हुआ परिसर

# पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों ने राजधानीवासियों के मन को ललचाया, गीतों पर झूमें दर्शक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com









जैसे-जैसे स्वदेशी मेले अपनी गति पकड़ रहा है वैसे-वैसे लोगों का रूझान और मेले के प्रति आकर्षण भी बढ़ता जा रहा है। रंगोली प्रतियोगिता में धरती को रंगों से सराबोर कर दिया और राजस्थान के पारंपरिक व्यंजनों से की खुषबू से परिसर महक उठा और भीनी-भीनी महका जहां- जहां पहुंचती रही लोगों को अपनी ओर खींचती रही। राजस्थानी परिधान से सजी महिलाओं ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा वहीं संध्या राजस्थानी लोकगीतों और पारंपरिक लोकनृत्यों घूमर से दर्षकों को झूमने पर विवशकर दिया।

भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा सात दिवसीय स्वदेशी मेला साइंस कॉलेज ग्राउंड में लगाया गया है, जिसमें विभिन्न कला, संस्कृतियों का अनूठा समागम देखने को मिल रहा है जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। सामाजिक समागम के अंतर्गत म्हारो राजस्थान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजस्थानी समाज की महिलाओं द्वारा राजस्थानी व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। राजस्थानी पोषाकों से सुसज्जित महिलाओं ने दाल-बाटी, चूरमा, मूंग बड़ी, पापड़, आचार, घेबर, मूंगदाल हलवा, गोंद पाक, मिर्ची भजिया, कांजी बड़ा सहित स्वादिष्ट व्यंजन रखे गए जिसके स्वाद के चटखारे लोग उठाते रहे। शाम को मंचीय प्रस्तुति में राजस्थानी गीतों, घूमर नृत्य सहित लोकगीतों की धुनों पर दर्षक थिरकते रहे।

**इंद्रधनुषी रंगों से सजी धरा-** दोपहर में मुक्तहस्त रंगोली प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई। ग्रुप ए में 12 वर्ष तक और ग्रुप बी में 12 वर्ष से अधिक के लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने मनोभावों को सुंदर आकार देते हुए खूबसूरत इंद्रधनुषी रंगों से धरा को रंग दिया। जिसमें प्रतिभागियों ने अनेकता में एकता, स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, नारी सषिक्तकरण, कोरोना की थीम आदि की थीम पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन किया। रंगोली प्रतियोगिता (ग्रुप ए) प्रथम-चारूषी द्वितीय-नागेष तृतीय-विदुषी एवं अंषिका, चतुर्थ-अवनी एवं प्रतियोगिता (ग्रुप बी) प्रथम-गुलषन द्वितीय-गायत्री रंगोली प्रतियोगिता में सहयोगी- दिग्विजय भाकरे, सुदक्षिणा षेडें दिप्ती घोड़की, मालती माहुले,चंद्रकली क्षत्रिय एवं निर्मल सिंह क्षत्रिय थे। निर्णायक गण नेहा ठाकुर एवं निधि झा थी।

## मेरी आवाज सुनो

एकल गायन प्रतियोगिता, मेरी आवाज सुनो का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने देशभक्ति, स्वदेषी भावना से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति दी एवं लोकगीतों की मधुर प्रस्तुत दी । इसमें निर्णायक दल में बुधवार को बच्चों एवं महिलाओं के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया । एवं स्वस्थ जीवन दिनचर्या संगोष्ठी जिसका विषय मिटटी के बर्तन में बनाए सुपाच्य भोजन और पाए निरोगी जीवन का आयोजन मेला परिसर में दोपहर 3 से 5 किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता नागपुर से सुनीता गांधी थी। सांस्कृतिक संध्या की कड़ी में छत्तीसगढ़ी समाज द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी एवं इनके समाज द्वारा बनाए गए व्यंजनों का लुफ्त उठाया जा सकेगा।

# ग्रामीण कर रहे पलायन मनरेगा का कार्य वाहनों से : गागड़ा





पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में हो रहे निर्माण कार्यो को लेकर पूर्वमंत्री महेश गागड़ा ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर शासन प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक के सह पर तालाबों का निर्माण डोजर गाड़ियों से किया जा रहा है। मनरेगा में जितने भी कार्य हुए है प्रत्येक पंचायत में मजदूरों से काम न लेकर मशीनों से कराया गया जबकि देखा जाए तो मनरेगा के कार्य स्थानीय ग्रामीणों के लिए रोजगार मुलक कार्य है ग्रामीण इनसे उपेक्षित होकर पड़ोसी राज्य की ओर पलायन कर रहे हैं। पटनम ब्लॉक के तमलापल्ली,गोरगुंडा गाँव में नवीन तालाब निर्माण कार्य चल रहा था। कई बार मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पटनम का दौरा किये जाने तालाब का कार्य चल रहा जहाँ डोजर वाहनों से कार्य किया जा रहा था। जाने के बाद घटना हुआ ग्रामीणों ने कहा कि यहां कोई काम नही हुआ। जितने भी कार्य हुए हैं उसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फायदा हुआ है न कि ग्रामीणों का। अप्रैल से लेकर नवम्बर तक कोरोना काल मे चांवल मुफ्त में देना था । प्रधानमंत्री अन्डरपुल से यह वितरण होना था मुफ्त में चावल देना था परंतु सिर्फ दो माह का ही राशन दिया गया, सोसायटी संचालक का कहना हैं कि विभाग द्वारा डीडी जमाकर चावल लिया जा रहा है ।

प्रशासन कही न कही चांवल का घपला कर ग्रामीणों को मिलने वाले चांवल से उन्हें वंचित किया जा रहा है । पामड़ क्षेत्र में भी हमे शिकायत मिली थी की ग्रामीणों को राशन नही मिल रहा है वह चांवल को भी शासन एवं प्रशासन मिलकर बंदरबाट कर रहे है।

ग्रामीण क्षेत्र में किसानों ने बारदाना ओने पौने दाम में खरीदा और बेचा उसका पैसा आज तक नही मील रहा है रकबा कम होने के कारण किसान लोन लिए बराबर धान बेच पाए। जिससे किसानों में नाराजगी है। इस बजट में किसानों के लिए और न ही युवा बेरोजगारो के लिए कुछ नही है युवा ठगा महसूस कर रहे हैं। लोकसभा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को गाड़ियों से किये गए कार्यो की शिकायत की जाएगी विधानसभा मे यह बात उठे जिले की ओर से हम प्रयास करेंगे।

# युवोदय के वॉलंटियर्स की भागीदारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सुनिश्चित की जाय : बंसल

- सलाहकार समिति एवं तकनीकी सहयोग समूह की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश





पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने कहा कि युवोदय के वॉलंटियर्स की सक्रिय भागीदारी बस्तर जिले में शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं रचनात्मक कार्यो को पूरा करने में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाय। कलेक्टर बंसल मंगलवार को कलेक्टोरेट जगदलपुर में प्रेरणा कक्ष में आयोजित युवोदय सलाहकार समिति एवं तकनीकी समूहो की बैठक उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में युवोदय के वॉलंटियर्स की भूमिका को अत्यन्त महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें जिला प्रशासन का विश्वसनीय सहयोगी बताया। बंसल ने बस्तर जिले में युवोदय के वॉलंटियर्स के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सुनिश्चित कराने हेतु अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने को कहा। बैठक में पद्मश्री धर्मपाल सैनी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इन्द्रजीत चन्द्रवाल सहित शिक्षाविद बीएल झा एवं सुश्री निर्मला आचार्य के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा युवोदय के वॉलंटियर्स उपस्थित थे।

बैठक में जिले में युवोदय के वॉलंटियर्स के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर बंसल ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सभी जनपद पंचायत कार्यालयों में युवोदय के सहायता केन्द्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कार्य को शीघ्र पूरा करने एवं सहायता केन्द्र में टेबल, कुर्सी कम्प्युटर आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान युवोदय के वॉलंटियरों को दिए गए टॉस्क के संबंध में भी जानकारी दी गई। बंसल ने स्वास्थ्य एवं सुपोषण कार्यो के अन्तर्गत सभी वॉलंटियर्स को कुपोषित बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं के घरों में अनिवार्य रूप से विजिट करने को कहा। इसके अलावा आमचो रेडियो तथा मनरेगा आदि रोजगारमूलक कार्यों में अधिक से अधिक मजदूर निकालने के कार्यो में भागादारी निभाने को कहा। स्कूल प्रारंभ होने पर सभी स्कूलों की शौचालयों एवं अन्य सुविधाओं की जांच तथा कल्चर टूरिज्म के कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा राजस्व सर्वे, वनाधिकार पत्र तथा राशन वितरण संबंधी समस्याओं के निराकरण में कार्य करने के निर्देश दिए एवं बैठक में उपस्थित लोगों से सुझाव भी लिया गया।

## एक लाख के ईनामी सहित दो नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा ।** जिले में चलाये जा रहे संयुक्त नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना गीदम क्षेत्र अन्तर्गत डीआरजी एवं थाना गीदम की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग अभियान पर निकली थी। नक्सल गस्त सचिंग के दौरान ग्राम पाहुरनार में नक्सल संगठन के प्रचार - प्रसार के लिए लाल रंग का बैनर लगा रहे दो नक्सलियों में 01 लाख रूपये के ईनामी सुखोराम उर्फ सुक्क ो मण्डावी एवं रमेश पुजारी को डीआरजी एवं थाना की संयुक्त पार्टी ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली सुखोराम उर्फ सुक्क ो मण्डावी पिता बुधराम मण्डावी उम्र 25 वर्ष निवासी स्कूलपारा हांदावाड़ा थाना बारसूर नक्सल संगठन में पद हांदावाड़ा डीएकेएएमएस अध्यक्ष एवं रमेश पुजारी पिता किशन पुजारी उम्र 22 वर्ष निवासी स्कूलपारा हांदावाड़ा थाना बारसूर नक्सल संगठन में पद हांदावाड़ा डीएकेएएमएस उपाध्यक्ष बताया है। उक्त दोनो नक्सली खाद्य पदार्थ, दैनिक उपयोग के सामान, दवाईयां एवं अन्य सामग्रियां आस-पास के बाजार से खरीदकर नक्सलियों तक पहुचाने का कार्य करते थे। साथ ही नक्सल संगठन के प्रचार-प्रसार के लिए बैनर एवं पोस्टर लगाने का काम करते थे। सुक्क ो मण्डावी एवं रमेश पुजारी को थाना गीदम में कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# गायत्री महायज्ञ के साथ सम्पन्न हुआ विभिन्न संस्कार, विवाह दिवोत्स्व संस्कार रहा आकर्षण का केंद

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोंडागांव जिला के बड़ेराजपुर विकासखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत बदबदत्तर में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ में शामिल होने के लिए गायत्री परिजनों के साथ ही आसपास के श्रद्धालू भाई बहनों नें भाग लिया सुबह की पाली में शुरू हुआ यज्ञीय कार्यक्रम दोपहर 2बजे तक चलता रहा। लोग आते रहे और लगातार गायत्री महामंत्रो के साथ साथ महामृत्युंजय मंत्रो की आहुति यज्ञ भगवान को समर्पित कर सबके अंदर राष्ट्र के प्रति भाईचारा का भाव उत्पन्न हो। सबका कल्याण हो सुख शांति पूर्वक जीवन व्यतीत करें। इस भाव के साथ शांतिकुंज हरिद्वार के ऋषि पुत्रों नें यज्ञ की महिमा बताते हुए, कहा कि यज्ञ करने वालो का सदैव कल्याण होता है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री परिवार का प्रतीक लाल मशाल बना हुआ, झंडे का ध्वजारोहण शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि योगेश्वर साहू के हाथों सम्पन्न हुआ, तत्पश्चात् नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारम्भ गुरु ईश वंदना, देवपूजन, गुरु गायत्री आह्वान, देवावाहन, शोडश मातृका पूजन, स्वस्तिवाचन मंत्रों, के साथ वैदिक महामंत्रो के उद्घोष के साथ पूजन प्रक्रिया सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीत वस्त्र धारी माताओं, बहनों, भाईयों की उपस्थिति में बदबदत्तर पूरा गायत्री मय हो गया । दोपहर 3बजे से विभिन्न संस्कारों का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें पुंसवन संस्कार 11, मुंडन संस्कार 12, नामकरण संस्कार 11, दीक्षा संस्कार -यज्ञोपवीत 14, विद्या संस्कार 100 बच्चोंका हुआ ।

वहीं 3जोड़ों का रमेश साहू-सोनाई बाई साहू, मनीराम कुंजाम, असन्तिन कुंजाम तथा दिनेश साहू, भुनेश्वरी साहू का विवाह दिवस संस्कार सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित परिजनों के लिए प्रेरणादायक रहा। लोगों को विवाह दिवस मनाने की शिक्षा मिली। शाम को दीपयज्ञ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें 1001 दीप जलाया गया, जिसकी मनोरम छटा दीपावली की याद दिला दी। कार्यक्रम स्थल में नशा मुक्ति से संबंधित प्रदर्शनी लगी है। नशा से होने वाली हानि को शंभू नाथ चाँदेकर के द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग भाग लिए ।

## एसडीओ की वाहन अनियंत्रित होकर पलटी

**बीजापुर ।** जिले के लोकनिर्माण विभाग में पदस्थ एसडीओ की वाहन महिंद्रा मराजो सीजी 20 जे 2167 बीजापुर से जगदलपुर की ओर जाते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन चालक और एसडीओ एचएन पात्र को मामूली चोटें आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुराने पुलिस लाइन के पास मंगलवार शाम करीब साढ़े आठ बजे मोड़ पर वाहन के सामने मोटर साइकिल आ जाने से उसे बचाने के चलते वाहन पलट गई। दुर्घटना में एसडीओ एचएन पात्र को और उनके ड्राइवर राधे नेताम को मामूली चोटें आई है। स्थानीय जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग में टीम प्रायोजक बनने 10 मार्च तक किए जा सकेंगे आवेदन

- 11 मार्च को 200 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा व 14 मार्च को ऑक्शन किया जायेगा
- टी -20 का लोगो व वेबसाइट हुई लांच

पायनियर संवाददाता ✓ सुकमा
www.dailypioneer.com

CPL CHHATTISGARH PREMIER LEAGUE T-20

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित मंच व अवसर दिलाने, प्रदेश में पेशेवर खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं को खेल संस्कृति से जोड़ने, देश के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट में पिछड़े छत्तीसगढ़िया खिलाड़ियों को शीर्ष तक पहुंचाने के उद्देश्य से,टी-20 छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग किसी भी संस्था के द्वारा प्रदेश में खेल विकास के लिए कराया जा रहा अब तक का सबसे बड़ा व सार्थक प्रयास है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन व जिला अध्यक्ष रोहित पांडे ने जानकारी देते हुए बतलाया कि प्रदेश के प्रत्येक जिलों में गांव-गांव से पिछड़े, आदिवासी, मजदूर, किसान, गरीब, अभाव ग्रसित, प्रतिभाशाली सभी वर्गों के 3200 क्रिकेट खिलाड़ियों को कई प्रतियोगिताओं व कैम्पों के माध्यम से प्रदर्शन के आधार पर चयनकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेलने लगातार तैयार किया जा रहा है। इन खिलाड़ियों का चयन ब्लॉक से जिला, जिला से संभाग स्तर पर सम्पन्न कराया जा चुका है। राज्य के लिए चयनित खिलाड़ियों को आईपीएल की तर्ज पर प्रदेश के 8 प्रमुख शहर सरगुजा, कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव और बस्तर के नामों से टीमों का गठन कर प्रतियोगिता 01 से 18 अप्रैल 2021 के मध्य नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कराई जायेगी। छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के लिए प्रायोजक व 08 टीमों की फ्रेंचाइजी बनने के लिए 01 मार्च से 10 मार्च तक आवेदन किए जा सकेंगे, 11 मार्च को ऑक्शन में शामिल होने वाले 200 खिलाड़ियों की घोषणा की जायेगी तथा 14 मार्च को रायपुर में चयनित खिलाड़ियों का ऑक्शन किया जायेगा, टूर्नामेंट के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाइट जारी की गई है। प्रवीण जैन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग प्रतियोगिता हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी, इस प्रतियोगिता से छत्तीसगढ़ी खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा उठ सकेगा और हमारे प्रदेश के खिलाड़ी भी आईपीएल सहित देश का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे।

## बस्तर की महिलाएं सीख रहीं हैं प्राकृतिक रंगाई का कौशल

**जगदलपुर।** हाथकरघा विभाग द्वारा एक मार्च से जिले की महात्मा गांधी बुनकर सहकारी समिति बस्तर में समिति के 10 महिलाओं को आगामी 02 माह तक प्राकृतिक रंगाई का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में सभी प्रकार के वस्त्रों को तैयार करने में एजोडाई (रसायन) युक्त धागों का प्रयोग किया जाता है। प्राकृतिक रंगाई में मुख्यतः ऑल के पेड़ों की छाल का पावडर, गोबर, राख, अरण्डी का तेल आदि पदार्थो का प्रयोग कर सफेद धागों का लाल, कत्था तथा भूरा रंग दिया जाता है। यह सम्पूर्ण प्र ि या 15 से 20 दिनों में पूर्ण होती है, तथा इसमें किसी भी प्रकार का रसायन उपयोग में नहीं लाया जाता है। जहाँ सामान्य सफेद धागों का बाजार मूल्य तीन हजार प्रति बंडल है। वहीं प्राकृति ऑल कलर धागों का बाजार मूल्य 12 से 15 हजार के मध्य जिला हाथकरघा कार्यालय जगदलपुर के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण संचालित हैं तथा जिले के बुनकर समुदाय के संवर्द्ध एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध एवं प्रयासरत हैं।

# फुटबॉल ग्राउंड में हुआ क्रिकेट का शुभारंभ पहले दिवस फॉरविल की टीम रही विजयी



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में वाईसीसी के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 3 मार्च बुधवार को नगर के फुटबॉल ग्राउंड में किया गया।जिसमें जिले के 34 टीमों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया है।टूर्नामेंट के पहले दिन गाडीनेस किरंदुल बनाम फॉरविल किरंदुल के मध्य मुकाबला हुआ गाडीनेस पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया एवं फॉरविल पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 103 रन बनाया वहीं लक्ष्य का पीछा करते गाडीनेस मात्र 53 रन पर ही ऑल आउट हो गई और मैच में फॉरविल ने 50 रन से जीत हासिल की।मैन ऑफ द मैच योगेश रहे जिन्होंने 28 रन बनाने के साथ 02 विकेट भी लिया।इस उद्घाटन मैच में एएमएनएस सीएसआर प्रमुख डॉ तेज प्रकाश, एस श्रीनिवास, अमृत टंडन, शैलेन्द्र सिंह, रणवीर सिंह चौहान, टीकम साहू, संतोष चक्रवर्ती, समीर मुखर्जी, आकाश, सरोज मांझी,शंकर भागवत,चेतन ठाकुर एवं दर्शकगण मौजूद थे।

## भाखरा, करंजी, मालगांव एवं बड़ेघोड़सोड़ा में आवर्ती चराई गोठानों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# जिले के आवर्ती चराई गोठानों को भी किया जायेगा आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के वनांचलों में बने आवर्ती चराई वाले गोठानों में पहुंच निरीक्षण किया। इस दौरान वे भाखरा, करंजी, मालगांव एवं बड़ेघोड़सोड़ा पहुंचे। जहां सर्वप्रथम उन्होंने भाखरा व करंजी स्थित आवर्ती चराई गोठानों को देखा एवं वहां बन रहे वर्मी कम्पोस्ट की अच्छी गुणवत्ता की प्रशंसा की। इसके बाद वे कुगाड़गारकापाल में निर्माणाधिन अंडा उत्पादन केन्द्र का निरीक्षण किया।

इस केन्द्र में लगभग आठ हजार से अधिक मुर्गियों से अंडे का उत्पादन किया जाना है। इस केन्द्र के पूर्णरूप से कार्यशील होने के बाद पांच हजार से अधिक अंडे प्रतिदिन प्राप्त होंगे। यह केन्द्र मुख्यमंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत प्रत्येक बच्चे में पोषण की सही मात्रा हेतु बच्चों को अंडा उपलब्ध कराने के लक्ष्य की पूर्ति हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र के निर्देशन में इस केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके बनने पर जिले में अंडे के उत्पादन में आत्मनिर्भता प्राप्त होगी।

इसके पश्चात मारकण्डेय नाला में नरवा विकास योजना अंतर्गत किये जा रहे उन्नयन कार्य का भी निरीक्षण किया। इस 2.8 किलोमीटर लम्बे नाले का 35 लाख रूपयें द्वारा डैम निर्माण, रिचार्ज पीट खोदने, वृक्षारोपण किनारों के संरक्षण एवं गहरीकरण के द्वारा इसमें पानी के रिचार्ज क्षेत्र को ब?ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके उन्नयन पश्चात इस नाले में सत्त जल रख कर आस पास के ग्रामों में जल आपूर्ति एवं सिचाई की जावेगी।

### मेढर तालाब में पक्षियों का किया अवलोकन

अनंतपुर के जंगलों में गागड़ा ग्राम के समीप पुरातन काल से निर्मित मेढर तालाब में पहुंच कलेक्टर ने वहां रहने वाले विभिन्न प्रजातियों पक्षियों के मनमोहक दृश्य का अवलोकन किया साथ ग्रामीणों एवं वन विभाग के अधिकारियों से तालाब को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के हेतु कार्ययोजना निर्माण के लिए चर्चा की। इस दौरे में जिला पंचायत सीईओ डीएन कश्यप, डीएफओ उत्तम गुप्ता, जनपद पंचायत सीईओ अमित भाटिया, एसडीओ फोरेस्ट एस पटेल, एसडीओ कृषि उग्रेश देवांगन एवं एडीएफ शिवा चित्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बड़े कनेरा में वनोपज खरीदी को देखा

इस दौरान कलेक्टर ने रास्ते में वनप्रबंधन समिति के स्वसहायता समूह द्वारा इमली एवं अन्य वनोपजों की खरीदी को देखा। मौके पर डीएफओ कोण्डागांव उत्तम गुप्ता ने बाजार में व्यापारियों द्वारा इमली की खरीदी के दौरान शासन द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य 36 रूपये से कम पर खरीदी करने के लिए फटकार लगाई साथ ही मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से अपने वनोपजों को शासन द्वारा तय न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम में ना बेचने की अपील की और कहा की एमएसपी से कम यदि बाजार में वनोपजों का मूल्य प्राप्त हो रहा हो तो नजदीकी वन प्रबंधन समिति पर जा कर ही वनोपजों का विक्रय करे। इसके साथ ही कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से बातचीत की एवं ग्रामीण नेलचन्द भारद्वाज द्वारा इमली बेचने पर प्रक्रिया का अवलोकन किया एवं ग्रामीण से उसकी समस्याओं के संबंध में चर्चा की।

# किरंदुल कोविड सेंटर में सीनियर सिटीजन को लगाई जा रही है कोरोना टीका

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कोविड केयर सेंटर में द्वितीय चरण का कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बता दें आज 03 मार्च बुधवार को 60 वर्ष से अधिक उम्र के सीनियर सिटीजन जिसमें सिलवीना पापाचन, विजेंद्र बाबू समेत कुल 70 लोगों को कोविशील्ड टीका लगाया गया । वैक्सीनेशन कार्य में डॉ पी एस पटेल, राजेश बेहेरा, पारसमणि मौर्या, संगीता राकेश लाल, चन्द्रकान्ता पटेल द्वारा सेवा दी जा रही है।



# पानी मांग रहीं सब्जी फसलें भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट

## ब्लाक के आधा दर्जन गांव में भीषण जल संकट

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



बड़ा संकट! तैयार होती सब्जी की फसलें अब पानी मांग रहीं हैं लेकिन बोर के अंतिम छोर की ओर तेजी से खिसकता पानी चिंता में डाल रहा है। जो बोर चल रहे हैं उनकी धार पतली होने लगी हैं या रुक-रुक कर पानी दे रहे हैं। यह दृश्य तेजी से फैलाव ले रहा है। संकट बड़ा जानकर सब्जी बीज की खरीदी से तेजी से किनारा किया जाने लगा है।

रबी सत्र में धान की फसल लेने का लालच भारी ही नहीं, बेहद भारी पड़ने लगा है। ऐसे किसानों का मोह, जल संकट के रूप में तेजी से सामने आ रहा है। ब्लॉक के आधा दर्जन गांव भीषण जल संकट से बहुत जल्द सामना करते हुए दिखाई देंगे। सब्जी उत्पादक गांव के रूप में पहचान बना चुका ग्राम टिकुलिया, टेहका, तरेंगा और रोहरा में धार के पतले होने की खबर से अब विभाग चिंता में आ चुका है तो सब्जी उत्पादक किसानों ने बीज दुकानों से दूरी बनानी चालू कर दी है। ऐसे में आने वाले माह पानी संकट और कमजोर सब्जी उत्पादन के रूप में दिखाई दे सकते हैं।

### फैलने लगा सन्नाटा

शिवनाथ के तट पर बसा ग्राम सिमरिया, देवरी और गुड़ाघाट की भी पहचान सब्जी उत्पादक गांव के रूप में रही है लेकिन नदी तट पर बसे होने के बावजूद इन गांवों में भी सन्नाटा फैलता नजर आने लगा है। पूरे साल सब्जी की मांग को पूरा करने वाला टिकुलिया का दम निकलने लगा है क्योंकि भूजल स्तर हर दिन कम होता जा रहा है। भाटापारा-निपनिया मार्ग पर बसा ग्राम सूरजपुरा, दतरेंगी, कड़ार, लेवई और अकलतरा में हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं क्योंकि सबमर्सिबल पंपों के बंद होने की जानकारी तेजी से पहुंचने लगी है।

### लालच जो पड़ी भारी

भूजल स्तर यदि गिर रहा है तो उसकी सबसे बड़ी वजह वे किसान हैं जिन्होंने बड़े रकबे में रबी सत्र में धान की फसल ली हुई है। गर्मी के दिनों में वैसे भी भूजल स्तर का गिरना प्राकृतिक वजह रही है लेकिन एकदम से पाताल में जाने जैसी समस्या नहीं रही। अच्छी कीमत की लालच में ली गई धान की फसल ने अब पूरे क्षेत्र को संकट में डाल दिया है क्योंकि पेयजल की कमी ने दस्तक दे दी है। संकट से बचने के प्रयास अतिरिक्त पाइप डालकर किए जाने तो लगे हैं लेकिन आने वाले दिन कैसे रहेंगे उसकी केवल कल्पना ही की जा सकती है।

### बीज खरीदी जीरो

संकट को देखकर अब सब्जी उत्पादक किसानों ने बीज की खरीदी लगभग बंद कर दी है। पूरा ध्यान उस तैयार फसल को बचा लेने की है जो अब अंतिम पानी मांग रही है लेकिन धार का पतला होना या टूटना, चिंता में डाल रहा है कि हाथ आई फसल कैसे बचाई जा सकती है? यह अपने आप में उस आगत संकट की ओर इशारा कर रहा है जो मांग की तुलना में सब्जी की कमजोर आपूर्ति के रूप में दिखाई दे सकता है।

# तिरुपति बालाजी घूमने गए शिक्षक के 7 साल के बेटे शिवम का अपहरण

- 27 फरवरी की घटना, सीसीटीवी फुटेज में एक युवक ले जाते दिखाई दिया

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



आंध्र प्रदेश में छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के ग्राम कुरूद के 7 साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया। बच्चा अपने परिजनों के साथ गरियाबंद से तिरुपति बालाजी दर्शन के लिए गया था। इसी दौरान कोई युवक बस स्टैंड से बच्चे को लेकर चला गया। वारदात 27 फरवरी की है। काफी तलाश और स्थानीय तिरुपति सिटी थाने में एफआईआर के बाद भी बच्चे का पता नहीं चलने पर परिजनों ने अब छत्तीसगढ़ सरकार से मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक, गरियाबंद के कुरूद गांव से 58 दर्शनार्थियों को लेकर 27 फरवरी को एक बस तिरुपति बालाजी गई थी। इसी बस में गांव में शिक्षक उत्तम साहू भी परिवार के साथ गए थे। सभी लोग वहां पहुंचने के बाद बस स्टैंड पर ही खाना खा रहे थे। इसी बीच रात करीब 9 बजे उनका 7 साल का बेटा शिवम अचानक लापता हो गया। बच्चे को वहां नहीं देख परिजनों और दोस्तों ने आसपास काफी तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

### बच्चे का हाथ पकड़कर ले जाते एक युवक दिखाई दिया

मामला दर्ज होने पर स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू की तो आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में बच्चा एक युवक के साथ जाता दिखाई दिया। बच्चे का हाथ पकड़ कर लुंगी-शर्ट पहने और हाथ में थैला लिए युवक उसे अपने साथ ले जा रहा था। उत्तम साहू ने फोन पर बताया कि बच्चे का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मदद की गुहार लगाई है। कहा, छत्तीसगढ़ सरकार मदद करें तो उनका बच्चा मिल सकता है। बच्चे का तिरुपति बालाजी में अपहरण हुआ है।

इस संबंध में उन्होंने बच्चे के परिजनों से भी बात की है। साथ ही आंध्र प्रदेश पुलिस से भी बात कर बच्चे को जल्द तलाश करने का आग्रह किया है। वहां के एसपी से भी इस संबंध में बात हुई है।
**-भोजराज पटेल,** एसपी गरियाबंद

### गृह मंत्री ने लिया संज्ञान में, वरिष्ठ अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश



गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के 7 वर्षीय बच्चे का तिरुपति बालाजी में गुम होने की खबर को संज्ञान में लिया है। उन्होंने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को आंध्रप्रदेश पुलिस के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 7 वर्षीय बच्चा अपने परिजनों के साथ गरियाबंद से तिरुपति बालाजी दर्शन के लिए गया था। इसी दौरान कोई युवक बस स्टैंड से बच्चे को लेकर चला गया। वारदात 27 फरवरी की है। काफी तलाश और स्थानीय तिरुपति सिटी थाने में एफआईआर के बाद भी बच्चे का पता नहीं चलने पर परिजनों ने अब छत्तीसगढ़ सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

# ग्रामीण अंचल में भी खेल प्रतिभा की कमी नहीं : देवेंद्र बहादुर सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ पिथौरा
www.dailypioneer.com




ग्रामीण अंचलों में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है आवश्यकता है तो सिर्फ उन्हें उचित स्थान और प्रशिक्षण की है । उपरोक्त बातें आज मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद पिथौरा ब्लाक के ग्राम पाटन दादर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कही , इस अवसर पर उन्होंने उपरोक्त आयोजन के लिए ग्राम वासियों को अपनी शुभकामनाएं भी दी ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि पहले और अब के खेलों में काफी बदलाव आ गया है तथा कबड्डी के खेल में भी अब आधुनिकीकरण का उपयोग होने लगा है जिसकी पहुंच अब गांव-गांव तक होने लगा है युवाओं में अब पढ़ाई के अलावा खेल भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है । ग्रामीण अंचल के युवाओं में आज भी कबड्डी जैसे खेल के प्रति जोश दिखता है । जोकि सराहनीय है । ज्ञात हो कि पिथौरा ब्लाक के ग्राम पाटन दादर में 2 दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन युवा क्लब पाटन दादर के द्वारा किया गया था । जिसमें क्षेत्र के करीब 20 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । 26 एवं 27 फरवरी को 2 दिनों के लिए उपरोक्त आयोजन किया गया था समापन समारोह के अवसर पर पहुंचे अतिथियों का ग्राम वासियों के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने उपस्थित टीमों के प्रतियोगिता का सिक्का उछाल कर मैच का शुभारंभ किया तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आनंद भी लिया । इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलवंत खनूजा ,सराईपाली के टिकेश्वर पटेल अरविंदर छाबड़ा , नरेंद्र सेन , विधायक प्रतिनिधि अजय नंद , रंणजीत कोसरिया , शैलेन्द्र डडसेना , गंगाधर बरिहा, विकास शर्मा , बंटू अग्रवाल , कौशल रोहिल्ला , स्वतंत्र पांडे , उमर हसन, ग्राम पंचायत पाटन दादर के सरपंच मोहन बरिहा , पूर्व सरपंच जोधराम बरिहा , हराधन साहू ,निरंजन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ,ग्रामवासी व खिलाड़ी मौजूद थे ।

# सरायपाली मुक्तिधाम में चल रहे सफाई अभियान का नपाध्यक्ष अमृत पटेल ने किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली स्थित मुक्तिधाम में मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा स्वयं से प्रेरित होकर पिछले 22 दिनों से सफाई अभियान चलाया जा रहा है । 22 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद पूरी तरह धूल, मिट्टी के ढेरों, कचरों, पानी पाउच आदि गंदगियों से भरपूर गंदगियों की सफाई की गई । अब काफी साफ व सुंदर दिखाई देने लगा है । इससे प्रभावित होकर सरायपाली नगरपालिका अध्यक्ष अमृत पटेल स्वयं आज सुबह 8 बजे मुक्तिधाम पहुंचकर सफाई का जायजा लिया । बगैर किसी सहयोग व मदद से हो रहे इस सफाई अभितन से काफी प्रभावित होते हुवे सदस्यो को बधाई देते हुवे उनकी सभी मांगों व आवश्यकताओं को पूरा किये जाने का आश्वासन दिया । जानकारी के अनुसार मुक्तिधाम की बदहाली को देखते हुवे इसकी सफाई का अभियान वृद्धजन सेवा समिति हरदीपसिंह व रुबिसिंह ठाकुर द्वारा आरंभ किया गया । इस अभियान में अभिषेक अग्रवाल व दिलीप गुप्ता भी जुड़े । बाद में अज्ञात कारणों से हरदीपसिंह व रूबी सिंह ने अपने आपको इस अभियान से अलग कर दिया व सोशल मीडिया ग्रुप से भी अलग हो गए । इस अभियान को शेष सदस्यो ने आगे बढ़ाते हुए इसे इस मुकाम तक पहुंचाने में लगे रहे । मुक्तिधाम व अन्य इस तरह के सार्वजनिक स्थलों की सफाई व देखरेखवक कार्य संबंधित नगरपालिका का होता है । पर यह कार्य सामाजिक संगठनों के सदस्यो को करना पड़ रहा है । जो निश्चित ही चिंता का विषय है । सदस्यों द्वारा किये जा रहे सफाई कार्य को नगर के सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त हो रहा है व जनहित के इस कार्य के लिए पूर्ण सहयोग दिए जाने का भी आश्वासन दिया जा रहा है । इस मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार से संबंधित सभी सुविधाएं व आवश्यकताएं उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है । जो जन सहयोग से पूर्ण होगा ।

# सड़कों में बने डिवाइडर का सौंदर्यीकरण करने शिवसैनिकों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शिवसेना जिला महासचिव भीखम यदु व ब्लॉक अध्यक्ष जीके सिंह के नेतृत्व में भाटापारा नगर स्थित सिटी लाइन की सड़कों के बीच में बने डिवाइडर जो शहर की सुंदरता बढ़ाता है उसमें वृक्षारोपण करने सौंदर्यीकरण करने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष व पीडब्ल्यूडी विभाग को ज्ञापन सौंपा है। जहां भीखम यदु ने कहा कि भाटापारा नगर एक प्रसिद्ध शहर है और इस शहर को हर प्रकार से सक्षम बनाने स्वच्छ रखने कई संस्थाएं व शिवसैनिक लगातार पहल करते रहते हैं। स्वच्छ भारत अभियान के तहत भाटापारा क्षेत्र को पहले स्थान में लाने की कोशिश की जा रही है। शासन प्रशासन द्वारा सीटी लाइन सड़कों के बीच में लगा डिवाइडर जिसकी सैंदर्यीकरण करना अनिवार्य है डिवाइडर में कांटेदार पौधे उग रहे हैं वहीं सजावटी पौधे लगाएं व लोहे की ग्रिल से डिवाइडर में लगे हुए पौधे को सुरक्षित करें व डिवाइडर लाईट लगाई जाए जिससे भाटापारा शहर सौंदर्यीकरण लगे व भाटापारा के आम जनता को हमर भाटापारा सौंदर्य करण के रूप में मिले। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश यदु, ब्लाक अध्यक्ष जीके सिंह, ग्राम अध्यक्ष शोभितराम यादव, नोहर पाल, टीकेश्वर सेन, चेतन साहू, रामू सेन, राजेन्द्र कुमार वर्मा, रमेश वर्मा विकास सोनी, रुपेंन्दर सिंह खालसा, गोविंद पाल, मनोहर पाल, नयन भारती, आदि शिवसैनिक मौजूद रहे।

# माता शबरी-जन्मभूमि शिवरीनारायण-धाम में हो भव्य-मंदिर निर्माण

- महंत डॉ. राम सुंदर दास को नपं.के पूर्व अध्यक्ष कैवर्त्य ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त शिवरीनारायण मठ मंदिर के मठाधीश महंत डॉ. रामसुन्दर दास से शबरी जन्मभूमि-शिवरीनारायण में माता शबरी की भव्य मंदिर निर्माण कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा है।डॉ.शान्ति कुमार कैवर्त्य ने विगत 25 फरवरी को मठ-मंदिर में आयोजित पवित्र गद्दी महोत्सव के पावन बेला पर गद्दीसीन महंत डॉ. रामसुंदर दास को आवेदन सौपे एवं अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पवित्र पावन मनोरम स्थल माता शबरी जन्मभूमि - शिवरीनारायण के धार्मिक गरिमानुरूप छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी परियोजना श्री राम वन गमन पथ पर्यटन परिपथ में शामिल कर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर इस पुण्य धरा को महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह शिवरीनारायण ही नहीं अपितु इस पावन प्रदेश सहित भारतवर्ष के लिए गौरव की बात है। यह पावन स्थल रामायण कालीन पवित्र धरा स्वरूप भीलनी शिरोमणि माता शबरी की जन्मभूमि है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की अनन्य भक्त है। जिसे श्री राम जी ने नवधा रामायण भक्ति से उपकृत कर धन्य किया है। ऐसी मातेश्वरी की पवित्र पावन भूमि शिवरीनारायण के मूल-स्थान पर स्थित शबरी फुलवारी वर्तमान में मठ फुलवारी पर माता शबरी जी की भव्य मंदिर का निर्माण शासन-प्रशासन, जनभागीदारी व अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक संस्थानों के सहयोग से कराने आग्रह करते हुए इसकी भूमि-पूजन व भव्य शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन माता शबरी जयंती 14 मार्च फाल्गुन मास शुक्ल पक्षारंम्भ के पावन पर्व पर भारतवर्ष के जगतगुरु शंकराचार्य के कर कमलों से कराए जाने का निवेदन किया है। साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. कैवर्त्य ने इस पुण्य धरा पर श्री राम वन गमन परिपथ परियोजना में श्री राम की भव्य व विशाल मूर्ति स्थापित होने वाले स्थान पर उनके बाल आत्मसखा व आयोध्या में श्री राम राज्यारोहण समारोह के मुख्य अतिथि श्रृंगवेरपुर महाराजा श्री गुह राज निषाद की भी अष्टधातु की विशाल प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की है।

इस ज्ञापन की प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत को भी प्रेषित की है। श्री राम, माता कौशल्या और माता शबरी की जन्मभूमि पर समानताएं नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने अपने इस ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि त्रेता-युगीन श्री रामला,माता कौशल्या और माता शबरी की जन्मभूमि पर यह समानताएं हैं कि इनके जन्म भूमियों पर इनमें से किसी की भी मंदिर नहीं है।

## बजट कोविड की रोकथाम एवं सुराजी योजना, गोधन को प्रसिद्ध करने का है

# छत्तीसगढ़ राज्य का बजट सभी वर्गों के विकास के हित में : लक्ष्मी ध्रुव

पायनियर संवाददाता ➤ नगरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य के 2021 वित्तीय वर्ष के बजट पर सिहावा विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का बजट छत्तीसगढ़ का मूल मंत्र में समाहित भावनाओं एवं कोविड के संक्रमण से जूझते हुए भी जनता को राहत पहुंचाते हुए कल्याणकारी योजनाओं से ओतप्रोत बजट है। छत्तीसगढ़ का बजट कोविड की रोकथाम एवं सुराजी ग्राम योजना, गोधन न्याय योजना ,रूलर इंडस्ट्रियल पार्क, सी मार्ट स्टोर की स्थापना एवं विशिष्ट छत्तीसगढ़ स्थानीय उत्पादों को ब्रांड के रूप में दुनिया भर में मशहूर करने की योजना है। छत्तीसगढ़ की जनता की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने किसानों के लिए समग्र विकास योजना पर जोर दिया गया है नगरों के साथ-साथ सुदूर दुर्गम क्षेत्र के गांव को बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने वाला बजट है । किसानों के लिए नई योजना फसल बीमा योजना ,कृषक समग्र विकास योजना,शाकंभरी योजना ,उद्यानिकी योजना, तेंदूपत्ता शहीद महेंद्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना से कृषको की आय में वृद्धि होगी।

पत्रकारों को भी आकस्मिक दुर्घटना पर दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख की सहायता की योजना है महिलाओं और बच्चों को पोषण एवं सुरक्षा देने कौशल्या मातृत्व योजना, विशेष पोषण आहार आंगनबाड़ियों का सुधार एवं निर्माण का प्रावधान है बुजुर्गों एवं दिव्यांग जनों को सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना का प्रावधान है इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना एवं मानसिक रोगियों के लिए हाफ वे होम का प्रावधान किया गया है। शहरों के आधुनिकरण के साथ-साथ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना एसएलआरएम सेंटर की बात कही गई है शहरी निर्धन परिवारों को बेहतर आवास उपलब्ध कराने हेतु मोर जमीन मोर मकान मकान मोर चिन्हारी के लिए 457 कोड का प्रावधान किया गया है। ग्राम विकास के लिए भी पर्याप्त बजट रखा गया है मनरेगा के माध्यम से रोजगार का सृजन किया गया है स्व सहायता समूह जीविका के साधन से सीधा जोड़ा गया है रूर्बन मिशन के माध्यम से कैंपा मद में भी विकास की बात कही गई है साथ ही मुख्यमंत्री धरसा विकास योजना आवागमन के लिए कच्चे मार्गो को पक्के मार्को में बदलने की योजना है। आधुनिक प्रद्योगिको को प्रोत्साहन दिया गया है जैसे टेलीमेडिसिन,टेलिकिसान, बैंक मित्र, टेलीलॉ ई स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, डिजिटल परिचय पत्र ,आधार पंजीयन से हर काम में तेजी आएगी

कला संस्कृति एवं पर्यटन विकास के लिए राज्य के पुरातात्विक धरोहर के अध्ययन खोज और संसाधन को गति देने के लिए पृथक से संचनालय का गठन किया गया है जनजाति संस्कृति के संरक्षण हेतु छायांकित अभिलेखीकरण श्रृंखला आधारित फोटो हैंडबुक का प्रावधान किया गया है जनजाति संस्कृति में आस्था के प्रतीक को भी निर्माण एवं संरक्षण के लिए विशेष बढ़ावा दिया गया है यह बजट प्राकृतिक संपदा के संरक्षण में विकास के लिए निहित है सबको समान शिक्षा देने के लिए पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानंद स्कूल की भी शुरुआत की गई है

यह बजट अधोसंरचना का विकास का सूचक है सिंचाई, स्वच्छ पेयजल ,नवीन ऊर्जा, नवीन अधोसंरचना, हेल्थ ,शिक्षा जैसे कोर सेक्टर को विकसित करने वाला बजट है बजट बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने वाला बजट है यह बजट सभी छत्तीसगढ़ वासियों के सपनों को साकार करने वाला एवं गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का बजट है।

छत्तीसगढ़ के चहुमुखी विकास हेतु इस बजट मे सभी चीजें निहित है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का इस विकासशील बजट हेतु सादर धन्यवाद।

# यादव समाज ने किया श्रीराधाकृष्ण मंदिर का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com





विगत दिनों ग्राम जमदरहा मैं यादव समाज सर्किल के सानिध्य मैं भगवान श्रीराधा कृष्ण मंदिर निर्माण का भूमि पूजन हर्षोल्लास के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि फुलझर राज यादव समाज के अध्यक्ष मनोरथ लाल यादव अध्यक्षता नरेंद्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा विशिष्ट अतिथि राम लाल यादव बोदा एवंपिलादाऊ यादव मोहदा विक्रम यादव मोहन दा माखन यादव बिछिया राजेंद्र कुमार यादव सरायपाली के द्वारा भूमि पूजन का कार्य संपन्न किया गया। सर्वप्रथम श्रीराधा कृष्ण के मूर्ति का दीप प्रज्वलित कर मंत्र उपचार पंडित द्वारा पूजा अर्चना की गई जिसमें जमदरहा यादव समाज सर्किल के पदाधिकारी गणों द्वारा जिसमें अध्यक्ष पनकू यादव शीतलपुर संम्पति यादव पुरुषोत्तमपुर आनंद राम यादव उपाध्यक्ष जंमदरहा नन्हे यादव सदस्य बनडबरी सोहन यादव गोटिया जमनीडीह भूमि दान दाता दीक्षित चंद्राकर यह द्वारा अपने पिता और जी कृपाराम चंद्राकर एवं माता बेदुबाई चंद्राकर के नाम पर भूमिदान यादव समाज को भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए भूमिदान किया गया कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं बाजे गाजे पटाखे रंग गुलाल लगाकर रावत नृत्य का प्रदर्शन किया गया जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष एवं ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित थे।

## संजय कॉलोनी में नवधा रामायण का शुभारंभ



**बलौदाबाजार।** प्रज्ञा मानस मंडली एवं संजय कॉलोनी मोहल्लावासियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामजानकी मंदिर परिसर में अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन 10 मार्च तक किया जा रहा है। जिसका कि विविधवत शुभांरभ पूर्व विधायक जनकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जहां विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल, राहूल गांधी विचार मंच से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के.वर्मा, पं.अशोक तिवारी, पार्षद रोहित साहू, दिगम्बर साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजक समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं तत्कालीन विधायक जनकराम वर्मा के द्वारा प्रदान की गई जनसंपर्क राशि से निर्मित मानस भवन का उद्घाटन भी किया गया।

## संजय भोजवानी बने जय व्यापार पैनल के प्रवक्ता एवं सोशल मीडीया प्रभारी

**तिल्दा नेवरा।** जय व्यापार पैनल के चुनाव संचालकों में से श्री वासु



मखीजा ने बताया कि संजय भोजवानी को उनकी योग्यता एवं काबिलियत के आधार पर तिल्दा नेवरा जय व्यापार पैनल के प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। संजय भोजवानी के प्रभारी बनने पर तिल्दा नेवरा के मुख्य चुनाव संचालक राजकुमार सुखवानी राजा खूबचंदानी रमेश विरानी प्रकाश मेघानी एवं चुनाव संचालक राहुल तेजवानी, निलेश वाधवा राकू भोजवानी, भरत जेठवानी एवं जय व्यापार जॉन प्रभारी राजेश कोटवानी तथा तिल्दा के व्यापारियों कन्हैया हरीरामानी, राजेश लालवानी, राजेश तेजवानी ,मोहित खूबचंदानी, सनी बजाज ,पिलाराम, एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी एवं हर्ष व्यक्त किया।

# सरायपाली के प्रसिद्ध शिशुपाल पर्वत सैलानियों के फैलाये गए गंदगी की सफाई

**जनपद सीईओ के नेतृत्व व पहल पर 150 लोगों ने भाग लिया**

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान को सफल बनाने सरायपाली क्षेत्र में भी स्वच्छता अभियान अब जोर पकड़ने लगा है। जगह जगह टोली बनाकर लोग एक ओर जहां नागरिको व ग्रामीणों को स्वच्छता की जानकारी देते हुवे उससे होने वाले लाभ व परिणामो की जानकारी तो दे ही रहे हैं साथ ही स्वयं भी इस अभियान से जुड़कर लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है ताकि लोग इसके महत्व को समझते हुवे श्रमदान व समयदान करते हुवे सफाई अभियान में सक्रिय भाग लें। आम नागरिकों के साथ ही अब अधिकारी भी अपने कार्यालय से बाहर आकर सफाई के लिए मैदान में उतर गए हैं। सरायपाली जनपद की सीईओ डॉ. स्निग्धा तिवारी कल सरायपाली से 20 किलोमीटर दूरस्थ ग्राम पुजारीपाली जो नर्सरी व पिकनिक स्पॉट का रूप ले रहे, शिशुपाल पर्वत के ऊपर चढ़कर भारी व्याप्त गंदगी को अपने हांथों से साफकर अन्यो को भी प्रेरित किया। डिप्टी कलेक्टर व सीईओ डॉ तिवारी के इस अभियान में विभागीय कर्मचारियों के साथ साथ कुछ समाजसेवी संस्थाओं ने इससे प्रेरित होकर इस सफाई अभियान में भाग लिया। और देखते ही देखते 150 श्रमदानियों ने शिशुपाल पर्वत व तलहटी में भारी संख्या में व्याप्त गंदगियों को साफ कर दिया। महासमुन्द जिले की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला के बीच स्थित शिशुपाल पर्वत के एक हजार फीट ऊंचाई पर फैली गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों की सफाई अभियान चलाकर जनपद पंचायत सरायपाली की सीईओ डॉ. स्निग्धा तिवारी ने मिशाल कायम की है। शिशुपाल पर्वत महासमुंद जिले का सबसे ऊंचा पर्वत है जहां प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में लोग घोड़ाधार जलप्रपात देखने पहुंचते हैं। यहां अति प्राचीन मंदिर भी है जो देखरेख के अभाव में अपनी पहचान खो रहा है ।यह स्थल पर्वत के तलहटी में वन विभाग द्वारा स्थापित नर्सरी, हिन्दू बाबा द्वारा निर्मित मंदिर व आश्रम, व दूर से दिखने वाला सैकड़ों फिट ऊंचाई से गिरने वाले जलप्रपात से दिखने वाला घोडाधार की के पानी की धार, पर्वत के ऊपर विशालकाय मैदान व प्राचीन मंदिर इसे पिकनिक स्पॉट के रूप में पहचान बताता है।

इसी तलहटी में शरद पूर्णिमा के साथ साथ वर्षो में कई बार विभिन्न धार्मिक आयोजन भी इसकी सुंदरता को ध्यान में रखते हुवे आयोजित होते रहते हैं इसी वजह से यह स्थल पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है। और इसी वजह से सैकड़ों सैलानियों के यहां आवाजाही होने व खाने पीने के सामानों के साथ से इस स्थल पर कूड़ा करकट एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ तेजी से फैल रहा था और पूरा परिसर और पर्वत का ऊपरी हिस्सा भी काफी गंदा हो चुका था। पर्वत के शिखर पर बहने वाली सदा वाहिनी घोड़ाधार जल प्रपात के आसपास भी कूड़ा करकट फैले होने से जलप्रपात का पानी भी प्रदूषित हो रहा था।

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहे इस स्थल के गंदगी होने की जानकारी मिलने पर सीओ डॉ स्निग्धा तिवारी ने इसे गंभीरता से लेते हुवे जानकारी एकत्र कर गंदगियों को हटाने स्वच्छता अभियान का निर्णय लिया। सीईओ ड स्निग्धा तिवारी ने शिशुपाल पर्वत के सफाई की मुहिम शुरू की और 27 फरवरी को अंचल के तमाम पंचायत प्रतिनिधियों, सचिवों और जनपद पंचायत के कर्मचारियों सहित नागरिक एकता समिति सरायपाली के सदस्यों के सहयोग से पर्वत की तलहटी और पर्वत के ऊपर जाकर सफाई अभियान चलाया।

# देशी शराब दुकान हटाने के लिए उमड़ा जनसैलाब

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



देसी शराब दुकान सिनोधा रोड को हटाने के लिए उमड़ा जनसैलाब जो कि सुबह 10.00 बजे से महिलाएं व स्कूली छात्र व बच्चे वह जनप्रतिनिधि अनिश्चितकालीन धरना के लिए शराब दुकान के सामने बैठे धरना प्रदर्शन पर जोकि बड़े शांति के साथ अपने बातों को लोगों के सामने रखा गया जिसमें महिलाओं के द्वारा देसी शराब दुकान को हटाने के लिए दिन भर नारेबाजी करते हुए धरना दिया महिलाओं की मुख्य मांग है की देसी शराब दुकान को वार्ड और नगर से कहीं दूर संचालित किया जाए यह मुख्य रास्ते पर होने के कारण स्कूल की छात्र छात्राओं वह आस-पास के राइस मिलो अपने परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी पर जाने वाली महिलाओं को बहुत ज्यादा मुख्य रोड में शराब दुकान होने के कारण तकलीफों का सामना करना पड़ता है वहां पर बैठे हुए शराब पीते हुए असामाजिक तत्व के लोगों के द्वारा उनके साथ गंदा सब्दो के साथ टिप्पणी किया जाता है जिसके कारण महिलाएं उस रास्ते पर गुजरने के लिए बहुत ज्यादा डरते हैं और अकेले आने जाने की तो हिम्मत ही नहीं कर पाते हैं तिल्दा नेवरा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक हफ्ता पहले ही ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में दिया गया था जिसमें उन्होंने शराब दुकान को हटाने के लिए कुछ बिंदुओं के साथ ज्ञापन सौंपा था साथ ही पत्र में लिखा गया था कि अगर 7 दिनों के अंदर कोई उचित कार्रवाई या उसकी मांगों को पूरी नहीं किया जाता है तो नगर के निवासियों के साथ नेवरा शराब दुकान पर धरना दिया जाएगा और शासन प्रशासन के द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं किए जाने के स्थिति में जन आंदोलन किया गया उक्त आंदोलन में किसी भी प्रकार का किसी राजनीतिक पार्टी का बैनर पोस्टर का उपयोग नहीं किया गया यह जन आंदोलन मैं सभी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी एवं महिलाओं के समूह ने इस धरना प्रदर्शन में भाग लिया और शासन प्रशासन से निवेदन किया कि यह शराब दुकान मुख्य रास्ता से हटा लिया जाए धरना दे रहे लोगों को धरना समाप्त करने की निवेदन लेकर प्रभारी एवं नया तहसीलदार नंद कुमार सिन्हा सुबह 12.00 बजे पहुंचे जहां उनकी बातों से महिलाएं संतुष्ट नहीं हुआ जिसके कारण लगातार आंदोलन जारी रहा इस शराब दुकान हटाओ आंदोलन में नगर के कई वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भाग लिए जिसमें अनिल अग्रवाल, नगर पालिका के उपाध्यक्ष विकास शुखवानी मनीष शर्मा पत्रकार समाजसेवी संदीप वर्मा ग्राम पंचायत खत्री के सरपंच रामनारायण मिर्जा महिलाओं की सामाजिक सेवा समूह के नेत्री रमा वर्मा ग्राम पंचायत टोहड़ा के सरपंच खूबदास वैष्णव विष्णु शर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा भागबली साहू मंडल अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा किसान नेता मोहन साहू गोंडवाना समाज के अध्यक्ष पुरइन ध्रुव, ग्राम पंचायत सिनोधा से राम कुमार गोस्वामी पार्षद दुर्गा पटेल पार्षद राजकुमार पार्षद सुधा चौबे किसान नेता कृपाराम पटेल पार्षद सतीश निषाद पार्षद मनोज निषाद सभी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# हाथियों के कुचलने से चौकीदार की मौत, मौके पर पहुंचा पुलिस और वन अमला

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में एक बार फिर हाथियों के कुचकने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। घटना बीती रात जिले के कुंडेलभाटा धान संग्रहण केन्द्र की है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और वन अमला मौके पर पहुंच गया। वही आसपास के ग्रामीण दहशत में गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिनों से इलाके में विचरण कर रहे दो हाथियों का दल बीती रात कुंडेलभाठा धान संग्रहण केन्द्र पहुंचा, मौके पर मौजूद चौकीदारों ने हाथियों के आक्रामक रुख को देखा तो सभी मौके से भाग खड़े हुए। वही एक चौकीदार ज्ञान चंद भागने में असमर्थ रहा और हाथियों के गुस्से का शिकार हो गया। हाथियों ने ज्ञान चंद को बेरहमी से पटक-पटक कर मार डाला। जानकारी मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस और वन अमला मौके पर पहुंच गया। गौरतलब है कि दो हाथी बीते तीन दिन से इलाके में विचरण कर रहे है। एक दिन पहले ही हाथियों ने बेलर धान खरीदी केन्द्र में भी उत्पात मचाया था। इसके अलावा आसपास गांव में भी इस दौरान हाथियों की आमद देखी गयी। और बीती रात हाथियों ने कुंडेलभाठा धान संग्रहण केन्द्र पर धावा बोल दिया। फिंगेश्वर थाना प्रभारी भूषण चंद्राकर और मौके पर पहुंचे रणजीत हवलदार ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि घटना रात 2 से 3 बजे के बीच है।

ज्ञानचंद महिलांगे संग्रहण केन्द्र में अपने अन्य साथियों के साथ चौकीदारी कर रहा था। अचानक हाथियों ने धावा बोल दिया। बाकी साथी तो भागने में कामयाब हो गए मगर ज्ञानचंद ऐसा नही कर पाया।

## प्रेमाबाग परिसर में आज शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन

**बैकुंठपुर।** देवराहा बाबा समिति एवं समस्त नागरिकों के तत्वावधान में प्रेमाबाग परिसर में आज 4 मार्च से शिवशक्ति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है आयोजन को लेकर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है आयोजन के संदर्भ



में जानकारी देते हुए समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यज्ञ करता आचार्य श्री विक्रम दुबे जी महाराज के मार्गदर्शन में तथा यज्ञ करता श्री श्री 108 तुलसी पुरी जी महाराज के सानिध्य में शिव शक्ति महायज्ञ किया जा रहा है तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार 4 मार्च गुरुवार को कलश यात्रा के उपरांत शालिग्राम पूजन होगा इसी कड़ी में 5 मार्च शुक्रवार को पंचांग पूजन ब्राह्मण वरण ,मंडप प्रवेश मंडप पूजन एवं वेदी पूजन का कार्यक्रम रखा गया है 6 मार्च शनिवार को शिव शक्ति पूजन के साथ हवन आरंभ होगा 7 मार्च रविवार को देवता पूजन 8 मार्च को बेलपत्र 9 मार्च एकादशी को सिंदूर सहस्त्र अर्चन सौभाग्य पूजन व महा आरती का आयोजन किया जाएगा। अगली कड़ी में बुधवार को गणेश दूर्वा व लावा से सहस्त्र अर्चन, महा आरती के उपरांत 11 मार्च को रुद्राभिषेक शिव शक्ति पूजा व विशेष की महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 12 मार्च को पूर्णाहुति ,विसर्जन विदाई के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। देवराहा बाबा समिति क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से उपरोक्त आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## समग्र ब्राह्मण युवा परिषद् का परशुराम प्रागट्योत्सव, 51 बटुकों का उपनयन संस्कार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की रायपुर युवा परिषद् जिला ईकाई द्वारा इस वर्ष 14 मई को भगवान परशुराम जी के प्रागट्योत्सव पर उपनयन संस्कार का आयोजन किया जायेगा। समग्र ब्राह्मण युवा परिषद् रायपुर के जिलाध्यक्ष पं. अखिलेश त्रिपाठी एवं संयोजक पं.अजय पाठक ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि समग्र ब्राह्मण युवा परिषद् रायपुर के तत्वावधान में समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ के सहयोग से रायपुर के प्राचीनतम मंदिर महामाया देवी मंदिर के सत्संग भवन में यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें 51 बटुकों का उपनयन संस्कार करवाया जायेगा। संगठन के प्रदेश संवाद प्रमुख पं.संदीप शर्मा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार संपूर्ण भारतवर्ष में 50 संस्थापक सदस्यों के सामूहिक निर्णय के आधार पर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से संचालित प्रथम सामाजिक संगठन समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा ब्राह्मण समाज हित में इस वर्ष रायपुर एवं रायगढ़ में उपनयन संस्कार का आयोजन किया जा रहा है. रायगढ़ जिले में आयोजन की तिथि की घोषणा शीघ्रातिशीघ्र की जायेगी। रायपुर में उपनयन संस्कार के पंजीयन एवं अन्य जानकारी प्राप्त करने प्रमिला तिवारी 9479107949, पं. अखिलेश त्रिपाठी 7999937460, पं. अजय पाठक 7415338447, आरती उपाध्याय 9826124266 से संपर्क किया जा सकता है।

# टमाटर, आलू आदि सब्जियों से गिनती सिखा सकती हैं बच्चों को

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

आप घर पर टमाटर, आलू आदि सब्जियों से बच्चों को गिनती सिखा सकती हैं, जोड़ना,घटाना सिखा सकती हैं। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत देवगढ़ में आयोजित मेले में मास्टर ट्रेनर, ब्लॉक भरतपुर विधात्री सिंह ने स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम में



उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कोरोनाकाल में बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं तो आप घर पर ही उपलब्ध संसाधनों से बच्चों को पढ़ा सकती हैं,सब्जियों से गिनती और जोड़,घटाव सिखा सकती हैं। कोरोनाकाल में जो बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं सरकार उनकी शिक्षा पिछड़ न जाए इस हेतु हर संभव प्रयास कर रही है इसी तारतम्य में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत मास्टर ट्रेनर बनाए गए हैं जो बच्चों के अभिभावकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। इस मड़ई मेले में कमरजहां, संकुल प्रभारी रामफल मिश्रा, संकुल समन्वयक उपेंद्र सिंह, विमला सिंह, रावेंद्र कुशवाहा, संकुल समन्वयक मंगलेश्वर द्विवेदी, आँगन बाड़ी कार्यकर्ता रानी तिवारी, शोभा सिंह, निशा, एपीसी कोरिया - राजकुमार चापेकर, वि. शि. अ. विनीत सिंह, सहा. वि. शि. अ. सुदर्शन पैकरा, तथा ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक -देवेन्द्र गुप्ता,सहित महिलाएं, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

**335 प्रकरणों में 80 हजार से अधिक का समनशुल्क वसूला**

**दो प्रकरणों में न्यायालय ने 25 हजार का जुर्माना लगाया**

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



यातायात पुलिस ने लगातार एक माह तक यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। जागरूकता अभियान के बाद अब यातायात पुलिस ने नियमो का पालन नहीं करने वालों पर ताबडतोड कार्यवाही प्रारंभ करते हुए नियमो का उलंधन करने वाले 335 वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए 85,114 रूप्ये का समनशुल्क वसूला वही दो प्रकरणो को न्यायालय मे पेश किया जहां पर माननीय न्यायालय ने वाहन मालिको 25 हजार का जुर्माना लगाया। पुलिस अधीक्षक आई के एलेसेला के दिशानिर्देश पर एक माह तक चले जागरूकता अभियान के बाद यातायात पुलिस अब पुन एक्शन मोड पर आते हुए नियमो का पालन नहीं करने वालो पर ताबडतोड कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार सिह ने बताया कि एक माह तक जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को यातायात नियमो की जानकारी दी गयी तथा आवश्यक कागजात के साथ सिर पर हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को आवश्यक रूप से सीटबेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की समझाइश दी गयी थी। पर इसके बावजुद वाहन चालक अभी भी लगातार नियमो को उंलधन करते पाये जा रहे है जिस पर पुलिस अधीक्षक एवं उपपुलिस अधीक्षक का दिशानिर्देश प्राप्त हुआ कि सडको पर नियमो का उलंधन करने वालों पर कार्यवाही की जाये जिस पर विगत चार दिनों में 335 वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए 85,114 रूप्ये का समनशुल्क वसूल किया है वही दो वाहन चालकों का प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जिसमे एक प्रकरण आपात कालीन वाहन चालक को साईड न देना वही दूसरा शराब सेवन कर वाहन चलाना। दोनो प्रकरणो को न्यायालय मे पेश किया गया जहां न्यायालय ने प्रथम प्रकरण मे दस हजार एवं द्वितीय प्रकरण मे प्रंदह हजार का जुर्माना लगाया। इस तरह कुल 335 वाहन चालको पर कार्यवाही की गयी जिसमे बगैर हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालक, बगैर कागजात के वाहन चलाने वाले तथा चार पहिया मे बगैर सीटबेल्ट बांधे वाहन चलाने वाले वाहन चालक है। यह कार्यवाही अब आगे भी जारी रहेगी। उन्होने आम नागरिको से अपील भी की है कि यदि पुलिस कार्यवाही से बचना है तो यातायात नियमो का पालन करते हुए दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहने वह चार पहिया वाहन चालक सीटबेल्ट अवश्य लगावे और सावधानी पूर्वक आवश्यक कागजात रखकर ही वाहन चलावे। सुरक्षित यातायात के लिए नियमो का पालन अवश्य करते हुए स्वयं सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखे।

## प्रदेश सरकार के बजट को भाजपा ने बताया महिला विरोधी बजट

**भाटापारा।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को घोर निराशा वादी करार देते हुए भाजपा के जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने कहा कि उक्त बजट में सारी योजनाएं केंद्र सरकार की है जिसे की अपने नाम कर प्रदेश सरकार अपने मियां मिठ्ठू बनने का प्रयास कर रही है। बजट में उन किसी योजना का जि नहीं है जिसकी बदौलत प्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता को गुमराह कर प्रदेश की सत्ता हथिया ली थी। भाजपा के शहर अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि उक्त बजट में भाटापारा शहर के लिए कोई योजना प्रदेश के मुखिया ने नहीं रखी है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष डॉ मोहन बांधे एवं उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्राइवेट में भी लगाए जाने वाले कोरोना वैक्सीन की फीस प्रदेश सरकार द्वारा वहन किए जाने की बात कही है वैसे ही कोई बात प्रदेश के मुखिया ने नहीं की जबकि वे करोना के टीके को अपने दम पर प्रदेश की जनता को मुफ्त में लगाने की बात करते थे। विधायक प्रतिनिधि आशीष जायसवाल ने कहा कि जिस युवाओं को 2500 बेरोजगारी भत्ता देने की बात प्रदेश सरकार ने चुनाव के समय की थी उसका उक्त बजट में कोई उल्लेख नहीं है। भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सुनील यदु ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में संपत्ति कर आधा एवं गरीबों को मकान देने की बात कही थी लेकिन उक्त बजट में ऐसी कोई बात नहीं रखी गई है। भाजपा की महिला मोर्चा अध्यक्ष आयशा खान महामंत्री नीरा साहू उपाध्यक्ष चंद्रकला साय ने बजट को महिला विरोधी बताते हुए कहा कि ग्रुप से बजट में विधवा महिलाओं को प्रतिमाह ?1000 देने का वायदा जिस घोषणा पत्र में प्रदेश सरकार ने किया था उसका उक्त बजट में कोई उल्लेख नहीं है न हीं बुजुर्गों को दिए जाने वाले पेंशन उक्त बजट में है।

**मेंहर मंगल भवन लोकार्पण में शामिल हुई शकुन्तला साहू**

# संत शिरोमणि रविदास की जयंती एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com




बलौदाबाजार में संत रविदास की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव शकुन्तला साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सभी अतिथियों एवं सामाजिक जनों ने संत रविदास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर वार्ड11 बलौदाबाजार में मेहर समाज मंगल भवन निर्माण (लागत 13 लाख), गातापार में संत शिरोमणि रविदास मंदिर एवं भवन निर्माण (लागत 7लाख), ग्राम दशरमा में मेहर समाज मंगल भवन निर्माण (लागत 3 लाख) का लोकार्पण मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस मौके पर समाज गंगा को संत शिरोमणि रविदास की 644वी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत रविदास एक महान धर्मसुधारक संत थे, जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जातिविहीन और भेदभाव रहित समाज के निर्माण में लगाया। वे समानता में विश्वास रखते थे। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन मे उतारना चाहिए।उन्होंने कहा कि ऊँच-नीच, जात-पात छोकर हम सभी को देश प्रदेश व राष्ट्र की उन्नति में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विधायक जी ने पलारी में मेंहर समाज मंगल भवन निर्माण के लिए 5 लाख की घोषणा की कार्यक्रम में मेहर समाज द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मानस पाण्डे जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलौदाबाजार, रामजी ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि गातापार, कमल टंडन पार्षद बलौदाबाजार, सुनील साहू विधायक प्रतिनिधि, मंगलू राम लहरी जिलाध्यक्ष मेहर समाज बलौदाबाजार, डॉ. बलराम मिर्झा, दुकालहा दांडेकर, टेकराम लसेल, रामप्यारी लहरी, नीता कबीरा, नील बाई पाठक, मोना गजेंद्र, मालती लसेल, धनीराम लहरी, उमेंद्र पंडित, छबिराम रात्रे, भकालू रात्रे, महेश बघेल, सोहन बघेल, सविता बघेल, झाडूराम साहू , मेंहर समाज के प्रतिनिधि एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे।

## 50 लीटर शराब का परिवहन करते तीन गिरफ्तार

**पिथौरा।** अवैध रूप से 50 लीटर शराब का परिवहन करते तीन युवक गिरफ्तार। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि 3 युवक बया रोड में कॉलेज के आघे



जर्किन में अवैध रूप से कच्ची शराब का परिवहन हेतु किसी का इंतेजार कर रहे है। सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक श्यामाचरण ध्रुव, अन्य स्टाफ के साथ मौके पर घेरा बंदी कर आरोपी संतोष साहू पिता अमृतलाल साहू, 30 वर्ष, निवासी राजदेवरी, अभिषेक श्रीवास्तव पिता संजय श्रीवास्तव 31 वर्ष, संतराम जमीदार पिता धनीराम जमीदार 41 वर्ष निवासी राजदेवरी के पास से कुल 5 जर्किन में 50 लीटर अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब के साथ पकड़ा गया पकड़े गए कुल शराब की कीमत 10000 रुपये व मोटर साइकिल डीलक्स क्रमांक सीजी 04 -6727 की कीमत 20000 रुपये जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

## भाजपा शहर मंडल बालोद के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष उसेंडी का किया भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

बुधवार को परिवारिक दौरे पर एक दिवसीय प्रवास में बालोद नगर में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी का आगमन हुआ। प्रदेश भाजपा मंत्री राकेश यादव, शहर मंडल अध्यक्ष व सुरेश निर्मलकर के अगवानी में भाजपा शहर मंडल ने भब्य स्वागत किया। तत्पश्चात बालोद में स्थित सर्किट हाउस में वि म उसेंडी ने बालोद शहर मंडल के कार्यकर्ताओं से भेंट की और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर एक-एक कार्यकर्ता से व्यक्ति गत परिचय किया। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष वि म उसेंडी ने आने वाले संगठनों के कार्यों पर संगठन के नेताओं से चर्चा की शहर मंडल अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर ने शहर भाजपा में चल रही गतिविधियों और मंडल में होने वाली नियुक्ति यों पर चर्चा की। इस अवसर पर मनोहर नाहटा, लक्ष्मी नूनीवाल, पालक ठाकुर, सुरेंद्र देशमुख, अमित चोपड़ा, प्रेम साहू, शरद ठाकुर, जयेश ठाकुर, नरेंद्र सोनवानी, अजय बाफना कमल पनपालिया, लोकेश श्रीवास्तव, अश्वन बारले, दीनदयाल तांडव, प्राची लालवानी, सरोजिनी साहू, केवल चतुर्वेदी, दयाल बघेल, सुरेंद्र सारथी, प्रशांत जैन, वि म लालवानी, डोमेंद्र साहू, प्रीतम यादव, अजय छतरी, मनीष माधवानी, कमल बजाज, राहुल सोनी, नवीन पवार, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संपादकीय

## कोरोना से मुकाबला प्रधानमंत्री ने लगवाया टीका

**भारत** में कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत हो गई है। इसका प्रारम्भ प्रधानमंत्री और उनके कैबिनेट मंत्रियों के टीकाकरण से हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेतृत्व प्रदान करने के बाद सोमवार को अनेक प्रख्यात राजनेताओं ने देश में कोविड-रोधी टीका लगवाया। इससे टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू हुआ है और पूरे भारत से सफल अभियान की खबरें आई हैं। दूसरे चरण के पहले दिन टीके का पहला इंजेक्शन लगवाने वाले प्रमुख लोगों में उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तथा केन्द्रीय मंत्रियों में अमित शाह, जितेन्द्र सिंह, एस. जयशंकर व सोम प्रकाश शामिल हैं। इसके साथ ही राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व रांकापा अध्यक्ष शरद पवार ने टीकाकरण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में कोवैक्सिन का पहला टीका लगवाया। हल्के फुल्के अंदाज़ में सहज लग रहे प्रधानमंत्री मोदी ने टीका लगाने वाली नर्सों से पूछा कि क्या उन्होंने 'किसी खास मोटी सुई' का प्रयोग करने की योजना बनाई है क्योंकि माना जाता है कि राजनेताओं की 'चमड़ी बहुत मोटी होती है।' इस चरण में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व 45 वर्ष से अधिक आयु वाले अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग टीका लगवाने के लिए सक्षम हैं। देश में टीकाकरण के दूसरे चरण में 10 करोड़ लोगों को शामिल किया जाएगा। अब तक देश में दो प्राथमिकता समूहों-स्वास्थ्यरक्षा व फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं में 1.45 करोड़ लोगों ने पहले चरण में कोवीशील्ड व कोवैक्सिन के टीके लगवाए हैं।

दूसरे चरण का टीकाकरण ऐसे समय हो रहा है जब भारत में कोविड के सक्रिय मामलों पर प्रभावी नियंत्रण है। हालांकि, आठ राज्य-केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश चिन्ता का कारण बने हुए हैं क्योंकि यहां पिछले दो सप्ताह से रोज मामले बढ़ने की खबरें आ रही हैं। भारत में कोविड-19 रोगियों की संख्या सोमवार को 11 मिलियन पहुंच गई तथा पिछले 24 घंटे में 15,510 मामले सामने आए। रविवार को कुल 106 लोगों के मरने की खबर आई थी जिससे कुल मौतों की संख्या 1.57 लाख से अधिक हो गई है। वर्तमान समय में सक्रिय मामलों की संख्या 1,68,627 है। यह स्तर जनवरी समाप्त होने के समय था और इससे संकेत मिलता है कि कोविड पर काफी समय नियंत्रण के बाद अब इसका संक्रमण पुनः फैल रहा है। महीनों तक घरों के अंदर बंद रहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग व स्वच्छता मानकों का कठोरता से पालन करने के बाद कोरोना रोगियों की संख्या पर नियंत्रण लगा था, पर अचानक वैश्विक महामारी का फिर प्रसार हो रहा है और यह काबू के बाहर जा सकती है। शायद कामकाज पर वापस लौटने की जल्दबाजी या मामले घटने की खबरों ने सुरक्षा का गलत भाव पैदा किया है। इससे बहुत से भारतीय पुनः संकट में फंसे हैं, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। यदि हम अब सावधानी नहीं बरतते हैं तो भारत अपनी विशाल जनसंख्या के कारण फिर वायरस के शिकंजे में फंस जाएगा और उससे बाहर निकलना लगभग असंभव हो सकता है।

# पाक से रिश्तों में सावधानी आवश्यक

### गंभीर संकटों का सामना करने के कारण पाकिस्तान ने भारत के प्रति थोड़ी नरमी दिखाई है। लेकिन उसे थोड़ी राहत मिलते ही समझौता केवल कागज का टुकड़ा रह जाएगा।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**पा**किस्तान को भारतीय दृष्टिकोण से समझने के मामले में भारतीयों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए। इसी के साथ ही हमें इस तथ्य का स्वागत भी करना चाहिए कि पाकिस्तान ने हमारे साथ जारी वर्तमान टकराव को समाप्त करने तथा 2003 के युद्धविराम समझौते का पालन करने का फैसला किया है। लेकिन संबंधों में सावधानी बरतना जरूरी है। इसका कारण कुछ भारतीयों व विशेषज्ञ प्रेक्षकों की यह समझ है कि कश्मीर पर सालों से इस्लामाबाद द्वारा जहर उगलने की प्रक्रिया उसके द्वारा 1971 की प्रतिक्रिया है जब वह दो भागों में टूट गया था। वास्तव में पराजय का गुस्सा भूलते ही पाकिस्तानियों को एक प्रकार से राहत मिल जाएगी। पाकिस्तानी बंगालियों को निन्दाजनक ढंग से 'काले बौने लोग' कहते हैं जो उनकी जनसंख्या का बहुसंख्य हिस्सा थे। पाकिस्तानियों को लगेगा कि अब इस बोझ से मुक्ति मिल गई है।

कवि मुहम्मद इकबाल मुस्लिम लीग के प्रमुख नेता भी थे। उन्होंने 1930 में प्रयागराज-तत्कालीन इलाहाबाद, में पार्टी का अध्यक्ष बनने के बाद अलग मुस्लिम देश की पैरवी की थी जिसमें केवल उत्तर-पश्चिमी प्रांत शामिल थे। उन्होंने इसके एक हिस्से के रूप में बंगाल का कोई उल्लेख नहीं किया था। बड़ा पाकिस्तान एम.ए.जिन्ना की सोच का नतीजा था जिन्होंने इसमें 6 प्रांत शामिल करने का सपना देखा था। इनमें से चार पश्चिम में तथा दो पूरब में थे और असम इसमें शामिल था। हालांकि, 1939 के बाद कई साल तक असम के प्रमुख रहे मुस्लिम लीग के उनके साथ मुहम्मद साद अली ने लगभग यहां तक कह दिया था कि आदिवासी हिंदू नहीं, बल्कि पशु पूजक हैं। यह जनसंख्या में हिंदुओं का प्रतिशत कम दिखाने तथा निर्णय का समय आने पर असम को पाकिस्तान में शामिल करने की चाल थी। लेकिन जिन्ना को सिल्हट जिले के अलावा असम का और कुछ नहीं मिला क्योंकि लंदन से भेजे गए वकील सर सिरिल रेडक्लिफ ने बंगाल व पंजाब का विभाजन कर दिया था। जिन्ना को ऐसा देश मिलने से बहुत निराशा हुई थी जिसे वह 'कीड़ा लगा पाकिस्तान' कहते थे।

इस तथ्य पर जोर दिया जाना चाहिए कि जिन्ना किसी पाकिस्तानी का प्रतिनिधित्व नहीं करते थे। वे केवल गुजराती बोलने वाले खोजा व मैमन जैसे बिजनेसमैनों का प्रतिनिधित्व करते थे जो भारतीय बिजनेस समुदायों से प्रतियोगिता से मुक्ति पा कर नए देश में जाकर जल्दी से अमीर बनना चाहते थे। वहां उनको केवल पंजाबी व सिंधी किसानों से मुकाबला करना था। हालांकि, जिन्ना ने उन मुसलमानों के लिए भी शानदार पैरवी की थी जो आधे-अधूरे मन से एक अलग देश चाहते थे। वास्तव में जिन्ना इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहते थे। सौभाग्य से वे पाकिस्तान बनने के 13 महीने के भीतर मर गए।

इसके बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश और बिहार से गए मुसलमानों के लिए मुहाजिर शब्द प्रचलित हो गया। मुहाजिरों ने जल्द ही स्वयं को न केवल पाकिस्तान में अवांछित पाया, बल्कि नए बने मुस्लिम देश में नस्ली दुश्मनी का निशाना बन गए। पाकिस्तान बनने के चार साल के भीतर उत्तर प्रदेश से गए जिन्ना के सहायक लियाकत अली खान की हत्या हो गई। वर्तमान समय में पाकिस्तान में पश्चिमी पंजाबियों का प्रभुत्व है जो देश की जनसंख्या का दो-तिहाई हैं। वे देश को एकजुट रखने के लिए कश्मीर पर कब्जा चाहते हैं ताकि बाकी सभी चीजों पर उनका प्रभुत्व बना रहे, लेकिन यह वर्तमान समय में विवाद का विषय बन गया है। वे भारत को पाकिस्तान के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट समझते हैं और इस प्रकार देश की संरक्षक के रूप में सेना को अपरिहार्य बनाना उचित ठहराते हैं।

हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। जैसे ही पाकिस्तानी शासकों को इन संकटों से थोड़ी राहत मिल जाएगी, वर्तमान समझौता उनके लिए केवल कागज का टुकड़ा बन कर रह जाएगा। पाकिस्तान द्वारा दृष्टिकोण में नरमी का एक कारण उसके शासकों की यह समझ है कि चीन भारत, ताइवान या दक्षिण चीन सागर के मामले में ज्यादा आ क्रामकता दिखा रहा है और अमेरिका ने इस पर कठोर प्रतिक्रिया की है, भले ही यह फिलहाल केवल शाब्दिक ही क्यों न हो। बीजिंग ने भी शायद इसी कारण लद्दाख में जाड़ों में टकराव को टाला है। वह यहां वसंत तक प्रतीक्षा कर सकता था।

उस स्थिति में वह रणनीतिक रूप से लाभदायक बिंदुओं पर कब्जे का प्रयास कर सकता था, कुछ अन्य रियायतें पाने की कोशिश कर सकता था तथा खतरा बढ़ा कर कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भारतीय सेनाओं को परेशान कर सकता था। इसी प्रकार इस्लामाबाद नई दिल्ली के प्रति अपना दृष्टिकोण उस समय तक नरम रखना चाहता है, जब तक चीन फिर आ क्रामकता न दिखाने लगे या उसका अमेरिका के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो जाए। यदि ऐसा न हो तो भी शायद पाकिस्तानी शासक परिस्थितियां बदलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं क्योंकि अल्लाह की मेहरबानी में उनका अटूट विश्वास है। हमें इसकी तुलना एक विचारशील हिंदू के दृष्टिकोण से नहीं करनी चाहिए।

एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था। बाजवा को शायद यह सलाह भी मिली होगी कि संसाधनों से समृद्ध बलूच प्रांत पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में बड़ी सीमा तक सहायक हो सकता है। लेकिन इन संसाधनों का लाभ उठाने के लिए समुचित समय, शांति और संपूर्ण नियंत्रण की जरूरत है। यह संभावना दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन यदि इस्लामाबाद कुछ बड़े कदम नहीं उठाता है तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चलाना असंभव हो जाएगा। चीनी कर्जों पर निर्भर रह कर धीरे-धीरे पाकिस्तान बीजिंग का संरक्षित देश बन कर रह जाएगा जिसकी शुरुआत चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से हो चुकी है।

> हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था।

# दांव पर है कई राजनीतिक दलों की किस्मत

> पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के भविष्य को दीर्घकालीन रूप से आकार देने वाले साबित होंगे।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



**पांच** राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव, जिनमें से तीन दक्षिण में हैं, अधिकांश क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के राजनीतिक भविष्य को बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। चुनाव तीन राष्ट्रीय पार्टियों, कांग्रेस, भाजपा और वाम दलों के लिए और क्षेत्रीय दलों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में दक्षिण में अपनी एकमात्र पदवी खो दी। पुडुचेरी के उदाहरण का हवाला देकर, कांग्रेस के विरोधी चुनावों से आगे दिखाना चाहते हैं कि पार्टी अपने विधायकों को एक साथ रखने में सक्षम नहीं होगी, भले ही उन्हें वोट दिया गया हो। दक्षिणी राज्य क्षेत्रीय दलों के हाथों में चले गए हैं क्योंकि लोगों ने कांग्रेस में विश्वास खो दिया है जो एक समय में दक्षिण में लगभग सभी राज्यों को नियंत्रित करता था। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र प्रदेश में टीडीपी और तमिलनाडु (तमिलनाडु) में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन ने भाजपा को दक्षिण में अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की थी। कांग्रेस को केरल में मुस्लिम लीग की तरह द्रमुक, जनता दल (एस) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के गठबंधन सहयोगियों में सहयोगी मिल गया है।

क्षेत्रीय दलों के पास मजबूत नेता हैं जो अपने व्यक्तित्व के साथ मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र में टीडीपी और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, टीएन में अन्नाद्रमुक और द्रमुक हैं जो इसके उदाहरण हैं। अन्नाद्रमुक को छोड़कर, ये सभी दल अनिवार्य रूप से गौड़ा, नायडू और राव के पारिवारिक जागीर हैं। द्रमुक, जनता दल-एस, टीआरएस और तेदेपा जैसी कुछ पार्टियां पहले ही दूसरी पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर चुकी हैं। इन क्षेत्रीय क्षत्रपों की आभा से मेल खाने के लिए न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने नेताओं को आगे लाने में सफलता पाई है। वामपंथियों के लिए, इसकी विचारधारा वर्तमान पीढ़ी के लिए कोई प्रासंगिकता नहीं है। भाजपा के मूल एजेंडे में दक्षिण का कोई आकर्षण नहीं है और कांग्रेस अपनी विचारधारा को लेकर अस्पष्ट है। बहरहाल, भाजपा आगामी चुनावों में दक्षिणी राज्यों में अपने पंख फैलाने की कोशिश कर रही है। पुडुचेरी में नवीनतम टॉपिंग गेम से पता चलता है कि कांग्रेस और द्रमुक के बागी दो मंत्रियों सहित भाजपा में शामिल हो गए हैं।



भाजपा केवल दक्षिण में कर्नाटक पर कब्जा कर सकती थी। यह कई कारणों से है, जिसमें मजबूत स्थानीय नेताओं की अनुपस्थिति शामिल है। साथ ही, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी के रूप में भी माना जाता है और फिर यह भी तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण में अपील अपेक्षाकृत सीमित है और उनका आकर्षण क्षेत्रीय क्षत्रपों को नहीं हरा सकता है। भाजपा प्रत्येक चुनाव, यहां तक कि पंचायत चुनाव को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानती है, जितना कि लोकसभा चुनाव। इसलिए, उन्होंने कई राज्यों में अपनी जीत पर मुहर लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें भाजपा के आधार का विस्तार करना, मोदी को कर्ता के रूप में पेश करना और अन्य दलों के नेताओं को लुभाना शामिल है। द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से ही कब्जा कर रखा था जब 1967 में द्रमुक ने कांग्रेस से तमिलनाडु की सत्ता छीन ली थी। तब से, कांग्रेस ने एक द्रविड़ पार्टी या दूसरे के साथ गठबंधन किया है। 2016 में अन्नाद्रमुक प्रमुख जे जयललिता के निधन के बाद बीजेपी ने राज्य पर शासन करने का आरोप लगाया है। द्रमुक और और अन्नाद्रमुक के बीच टीएन विकल्प, और अब द्रमुक की बारी है।

केरल वामपंथी दलों के नियंत्रण वाला एकमात्र राज्य है और यह भी माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच वैकल्पिक है, और इस समय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे की बारी है। आरएसएस ने केरल में बहुत काम किया है और हालांकि भाजपा ने 1998 से अपने वोट शेयर को दोगुना कर दिया है, इसके लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। 2016 में केरल में भाजपा के टिकट पर अपने पहले विधायक चुने जाने के बाद, पार्टी एक साथ गठबंधन करके एक उचित ताकत बनने की कोशिश कर रही है। लेकिन यह अभी भी दो अन्य राष्ट्रीय दलों की पकड़ को तोड़ने से कुछ दूर है और 2019 के लोकसभा चुनावों में खाता खोलने में विफल रहा। दक्षिण को जीतने के लिए, तीन राष्ट्रीय दलों को 15 क्षेत्रीय दलों की ताकत का सामना करना होगा या उनसे जुड़ना होगा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, असम में एजीपी, एआईएडीएमके और तमिलनाडु में द्रमुक और पुडुचेरी में एनआर कांग्रेस जैसी पार्टियों के लिए ये चुनाव एक करो या मरो की लड़ाई होगी। असम, केरल, पुडुचेरी, और तमिलनाडु में जीत कांग्रेस की किस्मत को बहाल करेगी। माकपा को केरल में अपने मैदान की रक्षा करनी है। भाजपा सभी पांच राज्यों में सुधार के साथ चमक जाएगी।

## फरमाया



**कुल** मिलाकर दिल्ली में 192 अस्पताल तैयार हो चुके हैं जिनमें 136 निजी और 56 सरकार द्वारा संचालित अस्पताल हैं।

**- सत्येन्द्र जैन**
दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री



**अमेरिका** में कर्मचारी इस पर मतदान कर रहे हैं कि कार्यस्थल पर यूनियन बनाई जाए या नहीं। ये अच्छा विकल्प है जिसे नियोक्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए।

**-जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**उत्तर** प्रदेश सरकार ने नोएडा के जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विकसित किए जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## भरोसेमंद टीका

**देश** के प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी ने एम्स में कोरोना टीका लगाकर सारे भारत वासियों को भरोसेमंद टीके का संदेश दे दिया। विगत समय टीकाकरण में पूर्वाग्रह से ग्रसित राजनीति में नेताओ मंत्रियों को इन वैज्ञानिकों की सौगात में राजनीति का खेल नजर आता है। अब तो उन नेता लोगो को बे हिचक कोरोना का वैक्सीन लगवाना चाहिए। जो किसी समय कोरोना वैक्सीन को भाजपा , कांग्रेस की वैक्सीन का नाम देकर भरोसा नही करके। नही लगवाने के लिए बयानबाजी कट रहे थे। वैसे हमारे राज नेताओ को अच्छे और देश की सेहत और कोरोना मुक्त अभियान में एकजुटता से आगे आना चाहिए। न कि तर्क कुतर्क करना चाहिए। कोरोना टीका कोई राजनीतिक दल का नही होता बल्कि जनता जनार्दन और आम नागरिकों की सेहत और स्वास्थ्य को सही रखने के लिए हमारे वैज्ञानिकों का योगदान होता है। कम समय मे जनता जनार्दन के बीच कोरोना के खात्मे के अनुकरणीय सफल प्रयास के लिए हमारी सरकार और वैज्ञानिक , और मेडिकल साइंस साधुवाद की पात्र है। और सबसे राहत भरी खबर ये है भारत मे टीके की न्यूतम राशी हर निजी अस्पतालों के लिए हम सभी के लिए संजीवनी। का काम करेगी।

**- योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

## केरल में भाजपा

**पश्चिम** बंगाल की तरह केरल में भी भाजपा की राजनीतिक पेंठ के लिए छटपटाहट नजर आ रही है। तृणमुल के बिखरते पत्ते भाजपा में जमा होते जा रहे हैं तो केरल में भी भाजपा के हाथ बटेर लगी है। मेट्रो मैन श्रीधरन का भाजपा में शामिल होना सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हालांकि इसका वास्तविक लाभ तो चुनाव परिणामों के बाद ही सामने आएगा क्योंकि राजनीति में हर बार प्रयोग सफल हो यह जरूरी नहीं होता। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक कवायद शुरू हो गई है। राजनीतिक पार्टियों नें सत्ता की तलाश में सत्तारूढ़ दलों में सेंधमारी की है तो प्रतिष्ठितों को भी अपनी नैया का खेवनहार बनाया है। पश्चिम बंगाल में ममता से द्रोह जारी है। कई बड़े दिग्गज भाजपा का दामन थाम चुके हैं जो निश्चित तौर पर राजनीति अनुमानों को गड़बड़ा सकते हैं। उधर केरल में भाजपा ने टेक्नोक्रेट श्रीधरन को सारथी बनाकर महासंग्राम जीतने का ख्वाब संजोया है। निश्चित तौर पर श्रीधरन किसी परिचय के मोहताज नहीं है और केरल में भी खासा वर्चस्व न केवल बुद्धिजीवियों में वरन आम जनमानस में भी रखते हैं।

**- अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

## पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखें

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी मप्र के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मों की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे, क्योकि सौंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने,स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वछता का कार्य जागरूकता से करना होगा। ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके।

**- संजय वर्मा,** मनावर

## बजट की तैयारी की महापौर आयुक्त ने की समीक्षा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग की बजट बैठक मार्च माह में किया जाना है इसे लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त हरेश मंडावी ने विभागीय अधिकारियों से विभागवार प्रस्तावों के साथ ही वार्ड जनप्रतिनिधियों के सुझावों अनुसार बजट की तैयारी की समीक्षा की। बैठक में सभापति राजेश यादव, एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, दीपक साहू, भोला महोबिया, संजय कोहले, मनदीप सिंह भाटिया, सत्यवती वर्मा, शंकर सिंह ठाकुर, जमुना साहू, हमीद खोखर, कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार बाबर, मोहनपुरी गोस्वामी, राजेश पाण्डेय, सहा0 अभियंता जगदीश केशरवानी, प्रभारी लेखा अधिकारी राजकमल बोरकर, उपअभियंता व भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में महापौर बाकलीवाल ने कहा निगम का बजट वास्तविक हो और जनहितकारी हो इसके लिए विभागों से प्राप्त प्रस्तावों और सुझावों का परीक्षण पांच लोगों की गठित समिति करेगी। उन्होनें कहा मार्च माह के अंतिम सप्ताह में बजट बैठक आयोजित किया जावेगा। इसके पूर्व सभी बजट प्रावधानों का सूक्ष्मता से परीक्षण कर बजट तैयार कर लिया जावे।

# कुपोषण मुक्त जिले की ओर अग्रसर बालोद, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से नौनिहाल हो रहे लाभान्वित, 2 वर्ष में कुपोषण के दर में 6.11 प्रतिशत की आई गिरावट

**2019 में था कुपोषण का स्तर 19.93 प्रतिशत, जो जनवरी 2021 में 13.82 प्रतिशत ही रह गया-**

**कलेक्टर जनमेजय महोबे के अनुभव का मिल रहा लाभ**

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com



पायनियर खास



जिले के लिए अच्छी खबर निकल कर सामने आ रही हैं। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कुपोषण मुक्त जिले की ओर बालोद अग्रसर हो रहा हैं। कलेक्टर जनमेजय महोबे के दिशा निर्देश पर जिले का महिला बाल विकास विभाग मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान व महतारी जतन योजना का क्रियान्वयन बेहतर व सुचारू रूप से कर रहा हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2019 में 19.93 प्रतिशत बच्चे कुपोषण का शिकार थे। जो अब 6.11 प्रतिशत घटकर 13.82 प्रतिशत रह गए है। जनवरी 2021 की रिपोर्ट के हिसाब से जिले में अब सिर्फ 13.82 प्रतिशत बच्चे ही कुपोषण के शिकार हैं। जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से नौनिहाल लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से जिले के नौनिहालों एवं गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक व गर्म भोजन मिल रहा हैं। बीते 1 मार्च को 2021-22 के बजट में सीएम भूपेश बघेल ने भी प्रदेश में 1 लाख99 हजार बच्चे कुपोषण से मुक्त होने की बात कही हैं। जिसमे बालोद जिले की स्तिथि अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे बेहतर हैं। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुपोषण मुक्ति की पहल पर प्रदेश में 2 अक्टूबर 2019 को शुरू हुए प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। इस अभियान के साथ विभिन्न योजनाओं के एकीकृत प्लान और समन्वित प्रयास से बच्चों में कुपोषण दूर करने में बड़ी सफलता मिली है। 06 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को कुपोषण एवं एनीमिया तथा 15 से 49 वर्ष आयु के महिलाओ को एनीमिया से मुक्त कराने के लिए पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के नाम से संचालित किया गया था।

### कुपोषण की दर में 6.11 प्रतिशत की आई कमी

आपको बता दे कि जिला स्तर पर मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सफल ि यान्वयन हेतु जिला खनिज न्यास निधि से आंगनबा?ी केन्द्रों में चिन्हांकित 40 हजार 523 बच्चों को सप्ताह में एक दिन अण्डा प्रदाय किया गया था एवं जो बच्चे अण्डा नहीं खाते ऐसे 18 हजार 175 बच्चों को चिकी प्रदाय गई थी। जिससे कुपोषित बच्चों के वजन में वृद्धि हुई तथा गंभीर कुपोषित बच्चे मध्यम श्रेणी में एवं मध्यम श्रेणी के कुपोषित बच्चे सामान्य श्रेणी में आए हैं। जिले में वजन त्यौहार 2019 में कुपोषण की दर 19.93 प्रतिशत थी जो कि वर्तमान स्थिति में 13.82 प्रतिशत हो गई है। वही जनवरी 2021 की स्तिथि में 57 हजार 972 बच्चों के वजन के अनुसार 53 हजार 569 बच्चे सामान्य स्तिथि में, 7 हजार 691 बच्चे मध्यम कुपोषित और 905 गंभीर कुपोषित श्रेणी में हैं।

### गर्भवती महिलाओं को टिफिन के माध्यम से प्रदाय किया गया गर्म भोजन

कोविड-19 की वैश्विक महामारी के दौरान आंगनबाड़ी के हितग्राहियों को 5 से 6 वर्ष के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन आंगनबाड़ी में बना कर देने शासन से निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डी-2 एवं डौण्डीलोहारा के तीन-तीन पंचायत में गर्म भोजन टिफिन के माध्यम से दिए जाने हेतु योजना बनाई गई। इस प्रकार लगभग तीन से छह वर्ष तक के सामान्य एवं मध्यम कुपोषित बच्चे 2 हजार 509 एवं 3 से 6 वर्ष के गंभीर कुपोषित बच्चे 158 व 505 गर्भवती महिलाओं को टिफिन के माध्यम से गर्म भोजन प्रदाय गया। जिसमें 185 आंगनबाढ़ी केन्द्रों के कार्यकर्ता द्वारा नियमित रूप से गर्म भोजन तैयार कर हितग्राहियों के घर-घर जाकर उन्हें प्रदाय किया गया था। भोजन प्राप्त कर मध्यम कुपोषित बच्चे अब सामान्य श्रेणी में आ रहे हैं।

### 2 वर्ष में कुपोषण के दर में 6 प्रतिशत की आई गिरावट- महोबे

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पायनियर से खास चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान 2 अक्टूबर 2019 को प्रारंभ किया गया था। 6 वर्ष तक के बच्चे और जो 15 से 49 वर्ष तक के एनीमिया महिलाओं को कुपोषण और एनीमिया से दूर करना इसका मुख्य उद्देश्य था और इसी के तारतम्य में बालोद जिले में यह योजना प्रारंभ की गई थी। महोबे ने आगे बताया कि बीते 2 वर्षों में हमने ऐसे बच्चों की पहचान की जो गंभीर कुपोषित थे, मॉट्रिक थे और सुपोषित बच्चे थे। आंगनबाड़ी में जितने भी बच्चे आते हैं। उनको पहचान के आधार पर डाइट प्रदान की गई। महोबे ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि विभाग में पूरक पोषण आहार का कार्य चलता है। जिसके तहत बच्चों को आंगनबाड़ी में गर्म भोजन दिया जाता है। इसके अलावा घर पर रेडी टू ईट तैयार करके दिया जाता है। इसके अलावा महतारी जतन योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को भी पौष्टिक गर्म भोजन दिया जाता है। कोरोनाकाल के समय में कुछ कार्य प्रभावित हुआ था। जिसकी वजह से हमने एक नया प्रयोग किया था।

## कार्यपालन अभियंता की जिम्मेदारी बी. के. सिंह को, उप अभियंताओं का प्रभार बदला

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के सहायक अभियंता बी. के. सिंह को प्रभारी कार्यपालन अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने उक्त जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता आर. के. साहू के अवकाश पर रहने के कारण दी है। सिंह भवन अनुज्ञा संबंधी दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। कार्यपालन अभियंता 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे हैं इसे देखते हुए अपर कलेक्टर व नगर पालिक निगम के आयुक्त ने सिंह का प्रभार बदलते हुए नई जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा उप अभियंताओं का कार्य विभाजन नए सिरे से किया गया। उल्लेखनीय है कि रिसाली नगर पालिक निगम के गठन के बाद उप अभियंता एस के सिंह भदौरिया ने पदभार ग्रहण किया है। वर्तमान में रिसाली निगम के 40 वार्डों की जिम्मेदारी 5 उप अभियंता पर है।

**बदला प्रभारः** उप अभियंता अखिलेश गुप्ता पुरैना वार्ड 38,39,40 का क्षेत्र, वार्ड 37 जोरातराई, वार्ड 35, 36 डुंडेरा, वार्ड 32, 33 , 34 नेवई से संबंधित समस्त कार्य (भवन अनुज्ञा का छो?कर) एवं विद्युत कार्य स्टोर, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) का कार्य देखेंगे। इसी प्रकार उप अभियंता हिमांशु कावड़े रूआबांधा वार्ड 1,2,3,4 का क्षेत्र से संबंधित समस्त कार्य एवं पेयजल, स्टोर, पेयजल टैंकर व्यवस्था, कर्मशाला, भवन अनुज्ञा से संबंधित कार्य देखेंगे। उप अभियंता उमयंती ठाकुर स्टेशन मरोदा वार्ड 16,17,18,19,20,21 का क्षेत्र, वार्ड 13, 14, 15 टंकी मरोदा, वार्ड 7, 8 रिसाली सेक्टर उत्तर, वार्ड 9, 10 रिसाली सेक्टर दक्षिण से संबंधित समस्त कार्य (भवन अनुज्ञा का छोड़कर) सर्विस लेवल बेंच माकिंग (एसएलबीएम) का कार्य देखेंगे। उपअभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर प्रगति नगर वार्ड 22,23,24,25,26, का क्षेत्र, मरोदा सेक्टर वार्ड 11,12, से संबंधित समस्त क्षेत्र का कार्य (भवन अनुज्ञा का छोड़कर) और उप अभियंता एस के सिंह भदौरिया रिसाली बस्ती वार्ड 27,28,29,30,31 का क्षेत्र, रूआबांधा सेक्टर वार्ड 5,6 से संबंधित समस्त क्षेत्र का कार्य (भवन अनुज्ञा का छोड़कर) का कार्य देखेंगे।

## जलते ईट भट्टे की भरभरा कर गिरने से एक बालक एवं एक महिला की मौके पर हो गई मौत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पुटपुरा में हुए एक दर्दनाक हादसे में ईट-भट्टा मालिक के तीन साल के बच्चे के उपर जलते हुए ईट-भट्ठा भरभरा कर गिर गया जिसे बचाने आई महिला के उपर भी ईट भट्ठा गिर गया, जिससे दोनों की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा ईट-भट्टे की दीवार गिरने के कारण हुआ है। देखकर बच्चे के दादा यह देखकर बच्चे की दादा भी बचाने के लिए आया किंतु वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दुर स्थित ग्राम पुटपुरा में मुकेश प्रजापति का गांव में ही ईट-भट्टा है। मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे भट्टे पर ईट पकाने का काम चल रहा था। वहां पास में ही मुकेश का 3 साल का बेटा प्रतीक भी खेल रहा था। खेलते-खेलते प्रतीक भट्टे के पास पहुंच गया। तभी अचानक भट्टे की दीवार भरभरा कर गिर पड़ी और प्रतीक उसी के नीचे दब गया।

### बचाने की चक्कर में दीवार का बड़ा हिस्सा महिला पर गिरा



हादसा होते देख भट्टे पर काम करने वाली गांव की ही मजदूर ललिता (32) पति जितेंद्र ध्रुव उसे बचाने के लिए दौड़ी। इससे पहले की बच्चे को ललिता बचा पाती अचानक ईट भट्ठादीवार का एक बड़ा हिस्सा उसके ऊपर भी जा गिरा। इसके चलते दोनों की जिंदा जलने से मौके पर ही मौत हो गई। वहां मौजूद प्रतीक के दादा राजपाल प्रजापति भी बचाने के लिए पहुंचे और गंभीर रूप से झुलस गए।

### एक ईंट खिसकने से हादसा होने का अंदेशा

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नवागढ़ के अस्पताल भिजवाया है। वहीं राजपाल प्रजापति को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका दायां पैर गंभीर रूप से झुलस गया है। चौकी प्रभारी राजेंद्र कश्यप ने बताया कि आशंका है कि एक ईंट खिसकने के चलते पूरी दीवार गिरी हो।

## प्रदेश के बजट में जिले को नहीं मिला भरपूर स्थान

**बेमेतरा।** किसान नेता योगेश तिवारी वे प्रदेश सरकार द्वारा जारी बजट में अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहाँ बेमेतरा जिले में कोई नई योजना नहीं दिया। बेमेतरा किसानों के लिये ना शक्कर कारख़ाना ना ही फुड प्रोसेसिंग कारख़ाने की योजना ना ही मेडिकल कांलेज ना ही शिक्षा और स्वास्थ्य कृषि सिंचाई के लिए कोई योजना नहीं ये दुर्भाग्यपूर्ण है। नई विकास के काम व अधोसंरचनाएं के काम नहीं है. इसलिए किसान, मजदूर, महिला, युवा, बेरोजगार व शासकीय कर्मचारियों को निराश करने वाली बजट है. मां कौशिल्य धरसा योजना के लिए केवल दस करोड़ का प्रावधान किया गया है. जहां प्रदेश में 49 लाख किसान है उसका क्या होगा। जिले में कृषि मंत्री होते हुए भी तीसरे बजट में भी कृषकों के साथ धोखा! इसी तरह भाजपा जिला पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष दीपेश साहू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफ़ कृषि प्रधान ज़िला दूसरी ओर किसान ज़िले से किसान कृषि मंत्री होने के बावजूद तीसरी बार इस ज़िलेवासियो के साथ धोखा हुआ है कोई भी कृषि आधारित उद्योग लगाने की बात नही की गई उद्योग तो दूर की बात किसानो से जुड़े हुए कोई भी संसाधन सरकार नही जुटा पाई एक भी नहर या बांध की योजना नहीं है। दूसरी ओर अपराधों के बढ़ते ग्राफ़, चोरी लूटपाट, बलात्कार, आत्महत्या गृहमंत्री एक तरफ़ स्मार्ट पोलिस की बात कर रही है लेकिन घनी आबादी में एक भी चौंकी या थाने खोलने की बात नही की गई! पिछले तीन साल से सब इन्स्पेक्टर भर्ती परीक्षा रुकी हुई है!

## गांव के बच्चे टैबलेट से कर रहे हैं पढ़ाई

पायनियर संवाददाता < बोड़ला
www.dailypioneer.com

वनांचल क्षेत्र के बोड़ला ब्लॉक के 30 गांव में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा कबीरधाम जिले के के 30 गांव में पिछले तीन वर्षो से हमारा-गाँव कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्कूलों में लर्निंग कैम्प आयोजित कर व् समुदाय में भी लाइब्रेरी कक्षा के साथ-साथ समुदाय को शिक्षा से जोड़ने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभी वर्तमान में पिछले कुछ महीनों से covid-19 जैसे वैश्विक महामारी के चलते पूरे भारत देश में लॉक डाउन चल रहा है। जिससे दैनिक जीवन के कार्यों, आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी गहरा प्रभाव पड़ा है। इस विषम परिस्थिति में बच्चे शिक्षा से जुड़े रहे इसलिए प्रथम संस्था द्वारा इन 30 गांव में बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए लगातार प्रयास



करता रहा है। प्रतिदिन बच्चों के अभिभावकों को मोबाइल के माध्यम से हिंदी एवं गणित के टास्क व् कारोना थोड़ी मस्ती ,पढ़ाई के माध्यम से बच्चों को यू ट्यूब लिंक भेजा जा रहा है जिसके जरिए बच्चे अपनी पढ़ाई घर पर ही रहकर निरंतर करते आ रहे है। लॉक डाउन खत्म होते ही बच्चों के लर्निंग लॉस को देखते हुए संस्था व् शिक्षकों की मद्दत से मोहल्ला कक्षा का संचालन किया जा रहा है। अभी हाल ही में इन 30 गांव में कक्षा 6 से 8 के बच्चों की पढ़ाई सुचारू रखने हेतु बच्चों को टैबलेट वितरण किया गया है। जिसमे मोहल्ले के बच्चे अपने - अपने ग्रुप में टैब से पढ़ाई करने लगे है। गांव के लोगों व शिक्षकों के सहयोग से अब गांव के बच्चों की पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। आज सभी बच्चे अपने - अपने मोहल्ले में बड़े मजे के साथ टैब से पढ़ाई करते नजर आते है। प्रथम के कार्यकर्ताओं द्वारा इन सभी गांव के पालकों को संरक्षक बनाकर वॉलिंटियर के माध्यम से बच्चों के हाथों में टैब वितरित किया गया है। पालकों का हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर उन्हें मोबाइल के माध्यम से टेक्स्ट व् करोना थोड़ी मस्ती का यू ट्यूब लिंक भेजा जा रहा है और जिन पालकों के पास स्मार्टफोन नही है उन्हें टेक्स्ट मैसेज भेजकर एवं फोन के माध्यम से बच्चों के लिए गतिविधियां भेजी जा रही है,जिसे बच्चे अपने घर में रहकर पाठ्यक्रम से संबंधित गतिविधियां कर रहे हैं और बच्चों से फीडबैक भी लिया जा रहा है।

## आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में 31 मार्च तक बनाए जाएंगे कार्ड

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर शिव अनंत तायल के दिशा-निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 1 मार्च से 31 मार्च तक आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत एक परिवार के लिए एक कार्ड की जगह परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए अलग-अलग कार्ड बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर तायल ने एक आदेश जारी कर जिला पंचायत सीईओ को सम्पूर्ण जिले के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सहायक नोडल अधिकारी होंगे। सीईओ जनपद पंचायत नवागढ़ साजा बेरला बेमेतरा सम्बंधित विकासखण्ड मे नोडल अधिकारी होंगे। खण्ड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी संबंधित नगरपालिका एवं जिले के नगर पंचायत मे नोडल अधिकारी होंगे। आयुष्मान अभियान के कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लाना अनिवार्य होगा। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर के साथ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़, बेरला, साजा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खण्डसरा तथा जिला अस्पताल बेमेतरा मे आधार कार्ड, राशन कार्ड धारियों और एसईसीसी सूची वाले पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाया जायेगा। इसके अलावा एसईसीसी सूची वाले पात्र हितग्राहियों के लिए बेमेतरा जिले के चिन्हांकित चॉइस सेंटर को चिन्हांकित किया गया है, जहां निरूशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाए जा सकते हैं। राज्य और जिले मे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जनारोग्य योजना, डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत आधार कार्ड,राशन कार्डधारी हितग्राहियों एवं केन्द्र द्वारा सूचीबद्ध एसईसीसी सूची वाले पात्र हितग्राहियों को वर्ष में क्रमशः 50 हजार रुपये एवं 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा हेतु सहायता प्रदान की जा रही है।

## 20 गांवों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास

पायनियर संवाददाता < पंडरिया
www.dailypioneer.com



वनांचल क्षेत्र के 30 गाँव मे प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन आर्थिक सहयोग से कबीरधाम जिले के 30 गाँव मे पिछले तीन वर्ष से हमारा गाँव कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत समुदाय के सभी लोगों को शिक्षा से जोड़ने हेतु शिक्षापद कार्यक्रम आयोजित किया गया ।अभी वर्तमान में पिछले कुछ महीनों से covid-19 जैसे वैश्विक महामारी के चलते पूरे भारत देश मे लॉक डाउन हुआ जिससे दैनिक जीवन के कार्यो आर्थिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी गहरा प्रभाव पड़ा है। बच्चों को स्कूल जैसा वातवरण नही मिल रहा है ब्लॉकबोर्ड ,चित्र वचन ,बारहखड़ी ,गिनती ,आदि इस विषम परिस्थिति में बच्चे शिक्षा से जुड़े रहे इसलिए प्रथम संस्था द्वारा इन 30 गाँव मे बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने के लिए लगातार प्रयास करता रहा है ।गांव में शिक्षा का माहौल तैयार हो सके इसके लिए सरपंच एवं ग्राम वासियों ने गांव के तरफ से पेंट, ब्रश, वार्निश जैसे आवश्यक सामग्री प्रदान किये। जिससे आज गांव के हर चौराहे, मोहल्ले पर ब्लैक बोर्ड, वाल पेंटिंग हो गया है। गाँव-छिरहा, बदौरा, मूंगाडीह बदौरा,जामुनपानी, देहानटोला आदि गांवो में अब यह गांव का दृश्य ही अलग नजर आ रहा है जो आस पास गांव से बिलकुल अलग लग रहा है। पालकों का हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर उन्हें मोबाइल के माध्यम से टेक्स्ट व् करोना थोड़ी मस्ती का यू ट्यूब लिंक भेजा जा रहा है और जिन पलकों के पास स्मार्टफोन नही है उन्हें टेक्स्ट मैसेज भेजकर एवं फोन के माध्यम से बच्चों के लिए गतिविधि भेजा जा रहा है,जिसे बच्चे अपने घर में रहकर पाठ्यक्रम से संबंधित गतिविधियां कर रहे हैं। गांव में बनाएं गए व्हाट्सएप्प ग्रुप और कीपैड मोबाइल में टेक्स्ट मैसेज की सहायता से प्रतिदिन बच्चों तक टॉस्क पहुँचाया जा रहा है, और बच्चों से फीडबैक भी लिया जा रहा है। जिले में कार्यरत प्रथम संस्था की टीम परमेश्वर,हिरदेश्वर कुलेश्वर टाकेश्वर रोहित एवं शिवम द्वारा निरंतर प्रयास जारी है।

## मास्क नहीं लगाने वाले 47 लोगों पर लगाया गया जुर्माना

**भिलाईनगर।** कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए भिलाई निगम प्रशासन हरसंभव प्रयासरत है। संक्रमण को एक दूसरे तक फैलने से रोके जाने हेतु घर से बाहर निकलने पर चेहरे पर मास्क लगाना बेहद अनिवार्य है! बावजूद कई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए मास्क नहीं लगा रहे है जिससे अन्य व्यक्ति यों में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ता है ऐसे लोगों के खिलाफ निगम प्रशासन सख्त कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूली का अभियान चला रही है। भिलाई निगम के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने बिना मास्क लगाए या चेहरे को कवर किए बिना घर से बाहर निकलने वाले तथा बाजार या सार्वजनिक स्थानों में बिना मास्क लगाए हुए लेन देन करने वाले लोगों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निगम के सभी जोन स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की टीम सार्वजनिक स्थान पर मास्क या अन्य कोई उपाय से चेहरे को कवर किए बिना निकलने वाले व्यक्ति यों पर अर्थदंड की कार्यवाही कर रही है। निगम की टीम बाजार क्षेत्र, दुकानों व ग्राहकों का निरंतर निरीक्षण कर रहे है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही कर रहे है। निगम की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में 47 लोगों से 4450 रूपए अर्थदंड वसूला।

**निगम अधिकारियों/कर्मचारियों को 24 घंटे कार्य की आदत डालने के सख्त निर्देश दिये**

## कचरा मुक्त शहर बनाने की दिशा में हमें करना है कार्य : आयुक्त

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के तहत् सुबह 7.00 बजे से निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने निगम के सभी र्वाउ इंजीनियरों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर दुर्ग को कचरा मुक्त शहर बनाने की दिशा में बेहतर कार्य करने निर्देश दिये। उन्होनें शहर के समस्त शहर वासियों से अपील कर कहा कि शहर वासियों के बिना सहयोग से हम शहर को कचरा मुक्त नहीं कर सकते हैं।

अतः प्रत्येक वार्ड निवासी अपने-अपने घरों से ही कचरा का सेग्रीकेशन कर निगम की कचरा गाड़ी को कचरा देवें। घर से निकलने वाले कचरों को सड़क किनारे या नालियों में न डालें। बैठक में कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार बाबर, मोहनपुरी



गोस्वामी, राजेश पाण्डेय, सहा अभियंता जगदीश केशरवानी, जितेन्द्र समैया, भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी, सहा भवन अधिकारी गिरीश दीवान स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, पीयूआई शेखर वर्मा एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित नहीं होने वाले उपअभियंता आमसा डहरिया, भारती ठाकुर और विश्वनाथ मिश्रा का आज एक दिन का वेतन काटने निर्देश दिये गये।

### स्वच्छता सर्वेक्षण पर किया फोकस

आयुक्त मंडावी ने शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 की तैयारी की समीक्षा की। इस कार्य में किस प्रकार की व्यवस्था की गई है और क्या-क्या व्यवस्था है इसकी जानकारी लिये। उन्होनें सभी अधिकारियों को दो टू में निर्देशित कर कहा सभी अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अनुसार कार्य करना होगा। वे डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की मॉनिटरिंग करने के साथ वार्डो में स्थित सुली शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों, तालाबों की सफाई का भी मॉनिटरिंग करें। निगम के सभी एसएलआर सेंटरों में कचरा सेग्रीकेशन किया जा रहा है या नहीं इसका भी निरीक्षण कर उन्हें कार्य करने निर्देश देवें। उन्होनें सभी अधिकारी वार्ड इंजीनियर और स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा, सफाई सुपरवाईजर यह सुनिश्चित करें कि शहर के प्रत्येक वार्डो के घरों से हमारे कचरा गाड़ी को सोर्स सेग्रीकेशन करके ही लोग सूखा और गीला कचरा दे रहे हैं। स्वच्छता के लिए यूजर चार्ज, जुर्माने की कार्यवाही कचरा प्रबंधन की व्यवस्था उन्होनें बैठक में निगम द्वारा लिये जा रहे यूजर चार्ज की जानकारी लेकर कहा यह पता करें कि किस करदाताओं द्वारा यूजर चार्ज नहीं दिया जा रहा है। इसका मॉनिटरिंग करें। उन्होनें स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा प्रति दिन प्रत्येक वार्ड से 10 जुर्माने का प्रकरण का लक्ष्य रखें। उन्होनें कमर्शियल सेक्टरों में कचरा फेकने वालों और गंदगी करने वालों पर 5000 से 10000 रु0 जुर्माना लगायें। प्रतिदिन शहर से निकलने वाले कचरा की मात्रा का डिस्पोज की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता दीदियों द्वारा विक्रय किये जाने वाले कचरों की दर और एकत्र प्लास्टिक झिल्ली पन्नी को डिस्पोज करने की जानकारी ली। उन्होनें कहा सभी स्वच्छता दीदी ड्रेस में रहें। स्वास्थ्य अधिकारी सभी को सुरक्षा कीट अवश्य प्रदान करें। उन्होनें कम्पोस्ट में आने वाले कचरें की मात्रा की जानकारी ली।

खाद निर्माण और उसके विक्रय की बेहतर व्यवस्था बनाने निर्देश दिये। बैठक में शहर में सीटी-पीटी योजना, श्रृंगार योजना के तहत् शौचालयों की स्थिति को ठीक रखने, सुलभ शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों की कमियों को दूर करने अधिकारियों को निर्देश दिये।

## अवकाश के दिन भी जमा कर सकते है टैक्स, कर वसूली करने लगेगा शिविर

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

आय के मुख्य स्त्रोत टैक्स वसूली के लक्ष्य को हासिल करने रिसाली नगर पालिक निगम शिविर लगाएगा। शिविर की शुरूआत बुधवार से इंटरनेशनल कालोनी तालपुरी से होगी। शिविर में ऐसे नए करदाताओं का आई डी जनरेट किया जाएगा जो अब तक संपत्ति अथवा अन्य कर जमा नहीं कर पाए है।

ल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे टैक्स वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर रहे है। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में महज 55 प्रतिशत कर राशि निगम के खजाने में जमा होने पर डोर टू डोर कलेक्शन करने व शिविर लगाने पर जोर दिया है। राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी हरचरण सिंह अरोरा ने बताया कि शिविर की शुरूआत वार्ड 1 इंटरनेशनल कालोनी तालपुरी के ए ब्लाक से की जा रही है। निगम क्षेत्र के नागरिक अवकाश के दिन भी कार्यालय पहुंचकर टैक्स जमा कर सकते है।

### कब कहां लगेगा शिविर

5 मार्च तक - तालपुरी ए ब्लाक
6 से 8 मार्च तक - तालपुरी बी ब्लाक

### बनेगी बकायादारों की सूची

आयुक्त ने ऐसे लोगों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए है जो कर जमा करने में रूचि नहीं दिखा रहे है। निगम का राजस्व विभाग सूची के आधार पर वसूली नोटिस जारी करेगा। इसके बाद भी टैक्स जमा नही करने वालों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### टैक्स वसूली पर एक नजर

| क्र. | संपत्तिकर | लक्ष्य | वसूली | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संपत्तिकर | 1169.15 | 645.75 | 55 |
| 2 | समेकित कर | 195.26 | 88.37 | 45 |
| 3 | शिक्षा उपकर | 148.44 | 89.42 | 60 |
| 4 | जलकर | 177.00 | 88.99 | 50 |
| 5 | यूजर चार्ज | 100.00 | 75.97 | 76 |

## क्विक न्यूज

### कृषि विभाग का गोधन न्याय योजना के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित



**सक्ती।** 2 मार्च को छत्तीसगढ़ कृषि विभाग शक्ति द्वारा एक दिवसीय छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से कृषि विभाग के संयुक्त संचालक, उपसंचालक, कृषि विभाग के विस्तार अधिकारी रमाकांत चंद्रा सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी गण मौजूद रहे, कार्यक्रम को कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित करते हुए शासन की महत्वपूर्ण गोधन न्याय योजना के अंतर्गत डभरा ब्लॉक, मालखरौदा ब्लॉक और शक्ति ब्लॉक के सभी उपस्थित लोगों को प्रशिक्षण दिया, तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत हमें किस तरह से ग्रामीण अंचल में इस योजना को गति देने कार्य करना है, तथा यह योजना छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, एवं इसका लाभ ग्रामीणों को मिले, तथा इस योजना में किए गए प्रावधानों के अनुरूप प्रत्येक पंचायतों में यह बेहतर ढंग से क्रियान्वित हो सके इस हेतु हम सभी को सकारात्मक पहल करते हुए प्रयास करना है।

### अंगना में शिक्षा का एक नई पहल विकासखण्ड स्तरीय आयोजन



**सक्ती।** विकासखण्ड स्तरीय माता उन्मुखीकरण व कार्यशाला अंगना म शिक्षा एक नई पहल का आयोजन नीरा साहू द्वारा प्रा.शाला.स्टेशन भांठा में प्रथम चरण में सफलता पूर्वक सम्पन्न, जिसमें 14 बच्चे और उनकी माताए भी सम्मिलित थी, कार्यक्रम का उन्मुखीकरण संभाग स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त 3 शिक्षिकाएँ नीरा साहू, मीरा देवांगन जयंती खमारी के द्वारा कार्यशाला का संचालन किया गया।

# दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

■ प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य का निर्णय

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




दोहरा हत्याकांड के आरोपियों को विचारण उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य ने आरोपित अपराध में दोष सिद्ध पाए जाने पर आजीवन कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया है।अभियोजन के अनुसार डभरा थाना अंतर्गत ग्राम कुदरी के धनेश्वरी बाई खुटे ने थाना डभरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के उसके कुरा ससुर फुलसाय से उसके परिवार का जमीन संबंधी विवाद है जिसके कारण फुलशाय का पूरा परिवार उसके परिवार के साथ रंजिश रखते हैं। इसी बात को लेकरदिनांक 13 मार्च 2017 को दोपहर 3-30 बजे के लगभग फूलसाय क उसका लड़का शिव खुटे लक्ष्मी खूटे फुल साय की पत्नी गोमती खुटे दमाद कन्हैया महिलांगे अमर प्रसाद खुटे छोटू एवं टीकम खूटे मिलकर एक राय होकर उसके पति रेशम लाल खुटे एवं कुराससुर महेत्तर खुटे को टांगी लाठी से प्राणघातक वार कर हत्या किए हैं। बीच-बचाव करने पर भतीजा हीरालाल खोटे को हत्या करने की नियत से उसके सिर पर प्राणघातक वार कर चोट पहुंचाए हैं तथा उसे भी लक्ष्मी और फूलसाय मारपीट किए हैं जिससे उसके सिर कमर बांह हथेली में चोट आई है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरोपी गण के विरुद्ध थाना डभरा द्वारा धारा 147, 148, 149, 302 भारतीय दंड विधान के तहत प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया तथा घटनास्थल जाकर मृतक रेशम लाल खुटे की मृत्यु के संबंध में मर्ग क्रमांक 10/ 17 धारा 174 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत तथा मृतक महेतर खुटे की मृत्यु के संबंध में मर्ग क्माक 11 / 17, धारा 174 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत दर्ज कर अकाल एवं आकस्मिक मृत्यु की सूचना दर्ज की गई एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर मृतकों का पीएम कराया गया। थाना डभरा द्वारा आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेजा गया एवम विवेचना उपरांत आरोपी गण के विरुद्ध चालान न्यायालय में पेश किए गए तदुपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शक्ति के न्यायालय में उक्त प्रकरण का विचारण किया गया आरोपीगण फूलसाय खूटे शिव प्रसाद उर्फ सेलुगू गोमती अमर प्रसाद टीकम प्रसाद कन्हैयालाल महिलांगे के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 147, 148 ,302 दो बार 149 दो बार 307 या 307 , 34 दो बार 324 या 324 / 34 के तहत आरोप था कि आरोपीगण ने13 मार्च 2017 को 3.30 बजे कुद्री गांव के दुर्गा पंडाल के पास में विधि विरुद्ध समूह का गठन कर उसके सदस्य रह कर उस समूह के सामान्य उद्देश्य में रेशम लाल महेत्तर एव हीरालाल की हत्या कारित करना था तथा उस जमाव या उसके सदस्य द्वारा उक्त सामान्य उद्देश्य के अग्र शरण में बल या हिंसा का प्रयोग कर विधि विरुद्ध जमाव कर उसका सदस्य होते हुए रेशम लाल महेत्तर हीरालाल का मृत्यु करने के सामान्य उद्देश्य के अनुसरण में आरोपी शिव प्रसाद गोमती अमर प्रसाद, टीकम प्रसाद कन्हैयालाल लक्ष्मी प्रसाद के साथ मिलकर घातक आयुध लाठी टांगी एव लोहे की पाइप से सुसज्जित होते हुए जिसके कारण आक्रमण आयुध रूप में प्रयुक्त किए जाने से मृत्यु कारीत होना संभाव्य थी! सुसज्जित होते हुए भाग लिया तथा विधि विरुद्ध जमाव या उसमें के किसी सदस्य ने बल या हिंसा के प्रयोग कर बलवा कारित किया तथा रेशम लाल एवं मेहतर को हत्या करने के आशय से लाठी टांगी एवं लोहे की पाइप से मारकर उनकी हत्या कारित की। तथा 5 या पांच से अधिक व्यक्तियों के साथ मिलकर सामान्य आशय के अग्रसर में रेशम लाल एवं महेत्तर को हत्या करने की आशय से लाठी टांगी एवं लोहे के पाइप से मारकर उनकी हत्या किए,तथा आशय एवं ज्ञान! ज्ञान से हीरालाल के ऊपर लाठी लाठी टांगी एवं लोहे की पाइप से प्राणान्तक उपहती कारित की कि यदि उनकी मृत्यु हो जाती तो वह हत्या के दोषी होते और ऐसा करके उन्होंने हीरालाल की हत्या का प्रयास किए। विकल्प में एक साथ मिलकर विधि विरुद्ध जमाव का गठन किया जिसका सामान्य उद्देश्य हीरालाल को जान से मारने का था।

## पर्यावरण नियमों की बखियां उधेड़ रहा सिंघल एनर्जी



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

घरघोड़ा रायगढ़ के मध्य माँ बंजारी मंदिर के निकट सिंघल एनर्जी स्थापित है जो कि पर्यावरण के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ तरीके से गेरवानी मेन रोड के पास तथा पूंजीपथरा में बिना अनुमति के फ्लाई एश डम्प कर रहा है। कंपनी के द्वारा पर्यावरण नियमों की अनदेखी की जा रही है तथा फैक्ट्री द्वारा पूरे मंदिर के आसपास डस्ट उड़ाए जा रहे हैं साथ ही साथ फैक्ट्री के अंदर भी फ्लाई ऐश डम्प किए गए हैं जो कि नियम विरुद्ध है ऐसे में पर्यावरण विभाग द्वारा सिंघल एनर्जी के ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो आने वाले दिनों में पूरा गेरवानी, बंजारी एवं पूंजीपथरा क्षेत्र डस्ट के कारण प्रदूषण की चपेट में होगा। सिंघल एनर्जी के चारों तरफ घने फॉरेस्ट के संरक्षित जंगल है जो कि हाथी प्रभावित प्रतिबंधित क्षेत्र कहलाता है इस पर फॉरेस्ट विभाग को भी ध्यान आकर्षित कर क्षेत्र की बची वन संपदा के बचाव के लिए सर्वे कर बचाव के उपाय करने चाहिए नहीं तो धीरे-धीरे फैक्ट्रियों के आसपास के घने जंगल भी पर्यावरण दूषित तथा फैक्ट्रियों से उगलने वाले डस्ट और धुएं के कारण बर्बाद हो जाएंगे इस पर वन विभाग द्वारा भी त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। फैक्ट्री के आसपास के घने जंगलों में हाथी के अलावा कई प्रकार के जंगली जानवर पशु एवं पक्षी नजर आते हैं परंतु फैक्ट्री से निकलने वाली जहरीली काली धुआं तथा उड़ने वाले डस्ट के कारण पशु पक्षी पहचान में नहीं आते हैं तथा वातावरण प्रदूषित होने और आसपास के पीने वाले पानी में जहरीले धुआं एवं डस्ट के कारण शुद्ध पानी भी दूषित हो गया है।

## कलेक्टर एल्मा किया शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बाकी का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज जिले के विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम बाकी में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औंचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रेक्टिकल परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए व्यक्ति उच्च से उच्च और प्रतिष्ठित स्थान पर सकता है। इस हेतु राज्य शासन द्वारा कोरोनाकाल में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन पढ़ाई, पढ़ई तुहर द्वार जैसे अनेक योजनाओं का संचालन किया गया। उन्होने विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्लानिंग करने एवं लक्ष्य निर्धारित करने की बात कहीं और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने की समझाईष दी। इस अवसर पर उन्होने विद्यार्थियों से पढ़ाई एवं प्रेक्टिकल के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और प्रेक्टिकल कापी का भी अवलोकन किया।



## आयोग के कार्यो से जागरूक हो रहे उपभोक्ता, पीड़ित लोग न्याय पाने ले रहे आयोग की शरण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




वर्तमान समय मे अपने हितों की रक्षा के लिए उपभोक्ता जागरूक होने लगे हैं, उपभोक्ता न्याय पाने के लिए जिला उपभोक्ता आयोग की शरण भी ले रहे हैं, उपभोक्ताओं की जागरूकता के कारण आयोग में प्रकरणों की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है,जिले में पिछली साल आयोग के समक्ष 313 मामले पहुंचे थे, जबकि इस साल 2021 में विगत 2 माह में ही जांजगीर-चांपा जिले के उपभोक्ता आयोग में 50 उपभोक्ताओं ने आयोग में अपना प्रकरण अलग-अलग मामलों में प्रस्तुत किया है, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए जांजगीर-चांपा जिले में वर्ष 2000 से उपभोक्ता फोरम की स्थापना हुई,शुरुआती सालों में फोरम नियमित नहीं रहा, और उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी भी कम थी, यही वजह थी कि पहली साल पूर्व में महज एक ही मामला पहुंचा, इसके बाद दूसरे साल 5 तो दूसरे साल 6 केस उपभोक्ता फोरम में पहुंचे, वर्ष 2015 में संख्या कुछ बड़ी, लेकिन वर्ष 2018 तक फोरम में सालाना पहुंचने वाले प्रकरणों की संख्या दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पा रही थी, समय के साथ-साथ उपभोक्ताओं में जागरूकता आने लगी, वर्ष 2019 में उपभोक्ता फोरम को आयोग बना दिया गया, साथ ही अधिकार भी बढ़ा दिए गए वर्ष 2019 में आयोग की खंडपीठ के समक्ष 189 प्रकरण पहुंचे इनमें से 175 का निराकरण भी कर दिया गया है,वर्ष 2020 में 313 उपभोक्ताओं ने आयोग की शरण ली इनमें से 97 प्रकरणों का निराकरण हो गया है जबकि 216 प्रक्रियाधीन है, इधर वर्ष 2021 के सिर्फ दो माह में ही पचासी प्रकरण उपभोक्ता आयोग के समक्ष प्रस्तुत हो चुके हैं, इनमें से 16 प्रकरण का निराकरण भी हो गया है,उल्लेखनीय है कि बाजार में उपभोक्ता आए दिन किसी के हाथों धोखाधड़ी के शिकार होते हैं, बैंकिंग, बीमा, विद्युत, चिकित्सा इसी तरह के मामलों को उपभोक्ता की ठगी के शिकार होने पर आयोग में परिवार के रूप में प्रकरण प्रस्तुत होने पर सुनवाई की जाती है, ऐसे उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए उपभोक्ता आयोग कार्य कर रहा है,उपभोक्ता आयोग की खंडपीठ है, और एक कोर्ट की तरह कार्य करता है, सेवा में कमी के मामलों में जुर्माना और जेल की सजा का भी प्रावधान है, उपभोक्ता आयोग की खंडपीठ में एक न्यायाधीश के अलावा 2 सदस्य हैं, आयोग की अध्यक्ष तजेश्वरी देवांगन और सदस्य,मनरमन सिंह एवम मंजूलता राठौर मामलों की सुनवाई करते है।

## छेडछाड़ का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग के साथ छेडछाड करने वाले आरोपी युवक को घरघोड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को गिरफ्तार रिमांड पर भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार 12 जनवरी की शाम 05 बजे बालिका घर में अकेली किचन में खाना बना रही थी, उसके माता पिता काम पर गए थे। इसी दौरान घर के अंदर कुधरी जामपाली का रामसिंह घुस आया और गंदी नियत से बालिका को पीछे से पकड लिया। बालिका उसे बर्तन (थाली) से मारी और जोर- जोर से चिल्लाने लगी तो रामसिंह घर से भागा। घटना की रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में उपरोक्त अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी अपराध कायमी बाद से पुलिस से लुक छिप रहा था जिसे मंगलवार की शाम थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह की मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार किया गया है।



## रोजगार की संभवना वाले कोर्सो पर बेरोजगारों को दिया जाएगा प्रशिक्षण : कलेक्टर एल्मा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक कार्य योजना बनाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि कौशल विकास योजना का मुख्य उद्देश्य 14 से 45 वर्ष आयु समूह के लोगों को प्रषिक्षित कर उन्हे रोजगार से जोडना है। इस हेतु उन्होने रोजगार की संभवना वाले कोर्सो का चयन कर बेरोजगारो को प्रशिक्षण देने के निर्देष दिये। ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़े और उनका जीवन स्तर उन्नत हो। इस संबंध में उन्होने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से रोजगार मूलक ट्रेडों का चयन कर ही कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने अधिकारियों से व्यवसाय के चयन के लिए सुझाव भी प्राप्त किये और संबंधितों को आवष्यक निर्देष दिये। बैठक में उन्होने अधिकारियों को कार्य योजना के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य कौषल विकास प्राधिकरण द्वारा दी गई प्रारूप में जानकारी जिला कौशल विकास प्राधिकरण के कार्यालय को उपलब्ध कराने के भी निर्देष दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित ब्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सरोई को आजीविका चलाने मिलेगा पसरा व लोन

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जन चौपाल में पहुंची जूटमिल निवासी सरोई को आजीविका चलाने पसरा एलाट करने और 10 हजार रुपए लोन देने के निर्देश कलेक्टर भीम सिंह ने निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय को दिए। इस दौरान प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। जूटमिल निवासी सरोई अपनी छोटी बहनों के साथ जन चौपाल में कलेक्टर से मिलने पहुंची थी। सरोई ने बताया कि उसके मां-बाप दोनों नहीं है। मसाला बेचकर व अपने साथ तीन छोटी बहनों का भरण-पोषण करती है। सरोई ने बताया कि छोटी बहन सोनी निषाद कक्षा 10वीं में जगदेव पाठशाला में, गौरी निषाद कक्षा 8वीं में शासकीय कन्या पाठशाला में और सबसे छोटी बहन रागनी निषाद सर्वेश्वरी विद्या मंदिर में कक्षा दूसरी में पढ़ती है। उसने आजीविका चलाने के लिए निगम से पसरा एलाट करने और लोन दिलाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने तत्काल निगम आयुक्त को बुलाकर सरोई निषाद के आवेदनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर ने सरोई व उसकी छोटी बहनों को अच्छे से पढ़ाई करने और शिक्षा में किसी तरह की दिक्कतें आने पर सूचना देने की बात कही। धरमजयगढ़ निवासी कैंसर पीडित दिप्ती बेहरा ने इलाज के लिए रुपए नहीं होने पर हाउसिंग बोर्ड कालोनी में लिए मकान को निरस्त करने और रुपए दिलाने की मांग की। इस पर हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को आवेदन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह जन चौपाल में राशन कार्ड बनाने, बीपीएल कार्ड बनाने, शौचालय व नाली बनाने संबंधी आवेदन मिले, जिस पर समय-सीमा पर कार्रवाई कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए।

**दो शिशुओं को लिया गया गोद** - महिला बाल विकास के माध्यम से मातृ निलयम संस्था की दो शिशुओं को आज गोद लेने वाले दंपती को कलेक्टर भीम सिंह ने सौंपा। इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह ने शिशुओं की अच्छे से देखभाल करने और पूरा ख्याल रखने की बातें कही। मातृ निलयम संस्था स्टेडियम के पास संचालित है। यहां नियमानुसार प्रक्रिया उपरांत महिला बाल विकास के माध्यम से बच्चों को गोद दिए जाते हैं।

## 6 मार्च को जिला स्तरीय पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनी का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

पशुधन विकास विभाग जांजगीर चांपा जिला द्वारा आगामी 06 मार्च शनिवार को शक्ति शहर के नंदेली भाटा मैदान में जिला स्तरीय पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है,जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत,कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर तथा छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त महंत रामसुंदर दास होंगे,तथा इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत जांजगीर चांपा की अध्यक्ष यनीता यशवंत चंद्रा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा राघवेंद्र प्रताप सिंह, सभापति पशुधन स्थाई विकास समिति जिला पंचायत जांजगीर चांपा विद्या सिदार, पूर्व विधायक शक्ति विधानसभा सरोजा मनहरण राठौर,जनपद पंचायत सक्ती के अध्यक्ष राजेश राठौर, जिला पंचायत जांजगीर चांपा के सदस्य टिकेश्वर गबेल टुककु, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, नगर पालिका शक्ति की उपाध्यक्ष नेहा श्यामसुंदर अग्रवाल, जनपद पंचायत सक्ती की उपाध्यक्ष ममता प्रेम पटेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत ठाकुर गुलजार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत शक्ति में विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर, नगरपालिका शक्ति में विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल, कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत शक्ति की सभापति शारदा जितेंद्र चौहान,पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं महिला बाल विकास समिति जांजगीर चांपा की सदस्य अंजू राठौर, जनपद पंचायत सक्ती के सदस्य एवं शक्ति रियासत के कुमार धर्मेंद्र सिंह, जनपद पंचायत सक्ती के सदस्य अशोक यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया कंवर, ग्राम पंचायत नंदेली की सरपंच ममता उरांव, प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।



## मनरेगा में बढ़ाएं कार्यों व श्रमिकों की संख्या : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



मनरेगा में श्रमिकों की संख्या बढ़ाये। एक्टिव जॉब कार्ड के अनुसार अधिक संख्या में लोगों को काम मिलना चाहिये। प्रत्येक पंचायत में मनरेगा अंतर्गत काम प्रारंभ होने चाहिये। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने समय-सीमा की बैठक में सभी जनपद सीईओ से कही। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुये कहा कि मनरेगा से अधिक संख्या में लोगों को जोड़कर रोजगार का लाभ दिलाये। उन्होंने इसकी साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्कूल, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केन्द्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु किये जाने वाले कार्यों को तेजी से पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश सभी सीईओ जनपद को दिये। कलेक्टर ने नागरिकों के कोविड वैक्सीनेशन के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में सभी सीएचसी तथा शासकीय वैक्सीनेशन केन्द्रों के अलावा आयुष्मान भारत में इंनपैनल्ड निजी अस्पतालों में भी टीकाकरण की सुविधा मिलेगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इस बीच उन्होंने कोरोना संक्रमण प्रसार के रोकथाम संबंधी उपायों के पालन की मॉनिटरिंग करने के निर्देश सभी एसडीएम, पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को दिए। जांच अभियान चलाकर मास्क नहीं लगाने वालों पर चालानी कार्रवाई करने के लिए कहा। रेलवे स्टेशन में स्क्रीनिंग काउंटर के साथ हवाई मार्ग से आने वाले लोगों की जानकारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिदिन आबंटित लक्ष्य के अनुसार टेस्टिंग करने व कांटेक्ट ट्रेसिंग पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिये।

**गौठान निर्माण के लिये अतिक्रमण मुक्त करें भूमि-** बैठक में उन्होंने सभी शहरी गौठान में पिट व कंपोस्ट निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गौठानों में समय से गोबर पिट में डाल दिये जाये। इसकी सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये। जिन पंचायतों में निर्माण शेष है वहां जमीन चिन्हांकित करने तथा उस भूमि में यदि कोई अतिक्रमण है तो उसे हटाने के निर्देश सभी एसडीएम को उन्होंने दिये।

## खाट पर जली हुई मिली युवक की संदिग्ध लाश

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर गांव में संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत हुई है। युवक का शव घर में रखे खाट पर बुरी तरह से जला हुआ मिला है। जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कापू पुलिस के मुताबिक मृतक की शिनाख्ती खरसिया के मौहापाली निवासी लखन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक बीते शुक्रवार 26 फरवरी से अपने घर से निकला था। युवक का भोजपुर गांव की एक युवती के साथ प्रेम सम्बन्ध था। बहरहाल मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। वहीं मृतक के परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। कापू थाना पुलिस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मामले की सघन जांच में जुट गई है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में आगे का खुलासा हो पाएगा।


**कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव (आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**

फैक्स नं. 07744-225158, ई-मेल - actd.rajnandgaon@nic.in

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना पत्र //**

क्रमांक/3492/आ.जा.क./लघु निर्माण/2020-21 — राजनांदगावं, दिनांक 27.02.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन निर्माण दिनांक 01.01.2015 की प्रचलित दर पर दो लिफाफा पद्धति जिसमें एक अमानती राशि व दुसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा। निविदा निःशर्त मात्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

**निविदा की समय-सारिणी निम्नानुसार है-**

1. कोरे निविदा प्राप्त करने हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि- — दिनांक 12.03.2021 सायं 5.00 बजे तक
2. कोरे निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि — दिनांक 15.03.2021 दोपहर 1:00 बजे तक
3. केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर डॉक द्वारा भरी निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि — दिनांक 19.03.2021 सायं 5:00 बजे तक
4. निविदा खोले जाने की तिथि — दिनांक 22.03.2021 पूर्वान्ह 11:00 बजे

| क्र. | संस्था का नाम | विकासखंड | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास कोठीटोला | डोंगरगढ़ | बोर खनन, पम्प पाइप लाइन विस्तार एवं अन्य कार्य। | 2.30 | 2300 | 750 |
| 2. | पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास जादूटोला | चौकी | बोर खनन, पम्प पाइप लाइन विस्तार एवं अन्य कार्य। | 2.23 | 2300 | 750 |
| 3. | आदिवासी कन्या आश्रम मक्के | चौकी | स्लेब ग्रेडिंग, बाउण्ड्रीवॉल मरम्मत कार्य। | 3.35 | 3400 | 750 |
| 4. | अनुसूचित जाति बालक आश्रम पनेका | राजनांदगांव | स्लेब ग्रेडिंग, टाइल्स पोताई पेन्ट एवं अन्य कार्य | 3.20 | 3200 | 750 |
| 5. | अनुसूचित जाति कन्या आश्रम चिल्हाटी | चौकी | पोताई पेन्ट एवं अन्य कार्य | 1.00 | 2000 | 300 |

टीपः-प्रत्येक कार्यों को पूर्ण करने की अवधि 02 माह है। निविदा से संबंधित समस्त शर्तें कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, राजनांदगांव

जी-87513/2

## हारुन रजा को पुनः अल्पसंख्यक मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन हुआ। जिसमें हारुन रजा को पुनः अल्पसंख्यक मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। हारुन रजा ने बताया कि वह लगातार पार्टी के हित में कार्य करते रहेंगे और विपक्ष की सक्रिय भूमिका निभाकर सभी को एक साथ लेकर दोबारा से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में मेहनत करेंगे। हारुन रजा ने अपने सभी वरिष्ठ गणों का आभार व्यक्त किया विधायक शिवरतन शर्मा, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष गुंबर, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश सदस्य मुस्ताक बैग, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलाम गौस, अश्वनी शर्मा, विधायक प्रतिनिधि आशीष जसवालएवं सहित सभी वरिष्ठ गणों एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ युवाओं का आभार व्यक्त किया।

## सहायता राशि 5 लाख करने मुख्यमंत्री का आभार : पत्रकार संघ

**पिथौरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के बजट मे पत्रकारों को दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर 2 लाख से 5 लाख किया है जिसे लेकर श्रमजीवी पत्रकार संघ पिथौरा ने मुखमंत्री का आभार व्यक्त किया है। श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश के पत्रकार विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करेंगे।श्री अरविंद अवस्थी ने कहा कि बजट में पत्रकारों का पूरा ख्याल रखा गया है। इस फैसले से पत्रकार जगत में हर्ष व्याप्त है। इस फैसले का प्रदेश सचिव मनोज मिश्रा महासमुंद जिला अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी महासचिव जनाब खान ब्लाक अध्यक्ष मनोहर साहू राजेंद्र सिन्हा पवन गुप्ता ऋ षिकेश शुक्ला राजेश मिश्रा मनरखन ठाकुर महासचिव नंदकिशोर अग्रवाल विजय गुप्ता सुरेंद्र पांडे निशु माटा राजेश बंसल दिनेश गोयल खीरू पटेल आशीष शर्मा सौरभ अग्रवाल सुमित अग्रवाल नानू सोनी प्रमोद सिन्हा सोनू सेन सहित संघ के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद दिया है।

# स्थानीय उत्पाद के तहत निर्मित सामग्रियों की बिक्री अब होगी बालोद बाजार से : कलेक्टर महोबे

## वर्तमान में बाजार के ग्रोसरी स्टोर में हैं उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com










कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बताया कि जिले में स्थानीय उत्पाद के तहत् निर्मित सामग्रियों के विक्रय हेतु ''बालोद बाजार'' आज से शुरू हो गया है। वर्तमान में यह उत्पाद जिला मुख्यालय में आकांक्षा टावर स्थित सुमीत बाजार के ग्रोसरी स्टोर में उपलब्ध है। कलेक्टर ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में निर्मित गौठान व चारागाहों को विभिन्न आजीविका संवर्धन केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित कराया जा रहा है। जिसमें वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, एलोवेरा साबुन, अगरबत्ती, हर्बल गुलाल, दोना पत्तल, मशरूम उत्पादन, मसाला निर्माण, मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन आदि शामिल है। इससे ग्रामीणों को गॉव में ही अतिरिक्त आमदनी का स्त्रोत प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में स्वसहायता समूहों आदि द्वारा निर्मित वस्तुओं को बेहतर मूल्य एवं बाजार उपलब्ध कराने हेतु ''बालोद बाजार'' के ब्रांड नाम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### स्थानीय उत्पाद के तहत विभिन्न सामग्रियाँ बालोद बाजार में होगी उपलब्ध-

जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक विकास देशमुख ने बताया कि जिले में स्थानीय उत्पाद के तहत् निर्मित आचार, हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, कूकीज, टमाटो सॉस, विभिन्न प्रकार के नमकीन, ब्लैक राईस, रेड राईस, गोमूत्र युक्त फिनाईल, बेल जूस, अम्बाड़ी जूस तथा फाईल पेड, फाईल कवर, लिफाफा अब ''बालोद बाजार'' में उपलब्ध हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पदार्थ स्वच्छतापूर्वक मानक मापदण्डों के अनुरूप तैयार किए जाते है। स्वसहायता समूह तथा किसानों द्वारा निर्मित कर बालोद बाजार में उपलब्ध कराया जा रहा है। नींबू, जिमीकंद, मिर्च, मशरूम, मिक्स आचार 250ग्राम, 500ग्राम एवं 01किलोग्राम के पैकिंग में उपलब्ध है, वहीं मसाले 100ग्राम, 250ग्राम एवं 500 ग्राम के पैक में लाए गए हैं। बेल एवं अम्बाडी जूस केमिकल मुक्त हैं एवं गर्मी से राहत देने वाले हैं। ब्लैक राईस एवं रेड राईस पूरी तरह से आर्गेनिक है, जिसको एनएबीएल संस्थान द्वारा प्रमाणित किया गया है। एलोवेरा, तुलसी, हल्दी एवं चारकोल साबुन त्वचा के लिए स्कीन फेण्डली सोप है, जिसका उपयोग नियमित रूप से किया जा सकता है। ताजे टमाटरों से निर्मित टमाटो कैचअप स्वादिष्ट तथा चटपटा है। सभी सामग्री सामान गुणवत्ता वाले समतुल्य उत्पादों की तुलना में कम दरों पर उपलब्ध है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत ठाकुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक एमएस उईके, उप संचालक कृषि एनएल पाण्डे, सहायक संचालक उद्यान अकांक्षा सिन्हा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी नीतेश साहू सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# पेट्रोल, डीजल, गैस के बढ़ते दामों के विरोध में आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के तत्वावधान में केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस के दामों में लगातार वृद्धि के विरोध में प्रदेश, जिला तथा विधानसभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया तथा सरायपाली थाना में राष्ट्रपति जी के नाम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रपति जी नाम ज्ञापन में जनता की ओर से आम आदमी पार्टी पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस के लगातार बढ़ते दाम पर चिंता व्यक्त की है जो देश के लिए चिंता का विषय है। ये सीधे सीधे जनता के जेब पर केन्द्र सरकार डाका डालने का काम कर रही है जिसका असर सब्जी,अनाज के साथ साथ दैनिक उपयोग की चीजें मंहगी होती जा रही है।2014 में जब पहली बार जब पी एम नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तब पेट्रोल पर एस्साईज ड्यूटी 9.48 रु प्रति लीटर और डीजल पर 3.56 रु थी। मोदी सरकार ने नवंबर2014 से जनवरी 2016 के बीच पेट्रोल और डीजल पर 9 बार एक्साईज ड्यूटी बढ़ाई,इन 15 महिनों में पेट्रोल पर एस्साईज ड्यूटी बढाकर 11.77 रु प्रति लीटर और डीजल पर13.47 रु प्रति लीटर करने से सरकार को वित्त वर्ष 2016-2017 दो गुना राजस्व यानी 2,42,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जबकि वित्त वर्ष 2014-2015 में 99,000 करोड़ रुपए था। सरकार ने अक्टूबर 2017 में एक्साइज ड्यूटी 2 रुपए प्रति लीटर की कटौती की थी। इसके एक साल बाद एक्साइज ड्यूटी में 1.50 रुपए की और कटौती की गई लेकिन इसके बाद सरकार ने जुलाई 2019 में एक्साइज ड्यूटी में 2 रुपए की बढ़ोतरी कर दी इसके बाद मार्च 2020 दुबारा दोनों ईंधनों के लिए एक्साइज ड्यूटी में 3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई।

इसके बाद मई माह में सरकार ने पेट्रोल पर 10 रुपए प्रति लीटर और डीजल 13 रुपए प्रति लीटर की रिकार्ड वृद्धि की है।

### पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम पर क्रम से एक नजर

28/12/14-रुपये 62.90
रुपए 55.86
28/12/19-- रुपए 75.48
रुपए 73.09
16/02/21-- रुपए 87.53
रुपए 85.99
वर्तमान- रुपए 90.66 रुपए
89.27



आम आदमी पार्टी इस चार्ट के माध्यम से समझाने का प्रयास किया ह कि एक्साइज ड्यूटी केन्द्र सरकार लगाती है और वैट राज्य सरकार लगाती है इस प्रकार दोनों ही सरकार जनता को लूट रही है। जनता की ओर से आम आदमी पार्टी इसका खुलकर विरोध करती है तथा पेट्रोल, डीजल, गैस के बढ़े दामों को वापस लेने की मांग करती है। आज के इस विरोध कार्य म में शामिल होने वालों में प्रमुख रुप से आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वदुद आलम,प्रदेश संगठन मंत्री दुर्गा झा, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चन्द्राकर, जिला उपाध्यक्ष मुरारी प्रधान, विधानसभा अध्यक्ष आशिक हुसैन, आंदोलन समिति के अध्यक्ष ईश्वर सिंह भारद्वाज,नितेश सांवली, कोमल पटेल, सुजित बंसल, कलीम मोहम्मद, गौतम भोई, मोहम्मद जावेद, बिम्बाधर साहू, दीनेश शर्मा, नारायण बरिहा, दीनबंधु चन्द्रवंशी, विनोद कुमार साहू, त्रिलोचन पटेल, प्रवीण सतपथी, शब्बीर हुसैन आदि थे।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही, बच्चों के बीच बगैर मास्क के पहुँचे



**पिथौरा।** जिला महासमुंद कलेक्टर के निर्देशानुसार विकासखंड पिथौरा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिथौरा में कक्षा दसवीं एवम बारहवीं के गणित, जीवविज्ञान, भौतिक, रसायन सामाजिक विज्ञान समेत अन्य विषयों की विशेष कोचिंग कक्षा का आयोजन किया गया है जिसमे मंगलवार निरीक्षण के दौरान कक्षा 12 वी के करीब 60 बच्चे मौजूद थे इसी बीच विकास खंड शिक्षा अधिकारी के.के.ठाकुर बगैर मास्क के नजर आए, ज्ञात हो कि कोरोनाकाल के दौरान विशेष तौर पर शासन प्रशासन अलर्ट मोड़ में है,वही वहाँ मौजूद सभी बच्चो ने विशेष सावधानी बरतते हुये मास्क लगा कर पढ़ाई की। उल्लेखनीय हो कि कोरोना संक्रमण वर्तमान में प्रदेश में पुनः पांव पसार रहा है ऐसे में जवाबदार अधिकारी द्वारा मास्क नहीं पहनना बड़ी चूक मानी जा रही है। ऐसे में अधिकारी द्वारा की गयी लापरवाही पर क्या कार्यवाही होगी अब यह जांच का विषय है।

-मैं दो मिनट के लिए गया था मास्क रखा हुआ था भूलवश नहीं लगाया।

**-के.के.ठाकुर**
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

# नगर की सुरक्षा व निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे की जरूरत

पायनियर संवाददाता ◄ पिथौरा
www.dailypioneer.com




नगर की सुरक्षा व निगरानी करने के लिए सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता महसूस की जा रही है नगर के चौक चौराहों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात नहीं होने से आए दिन नगर में चोरी का भय बना रहता है।

उल्लेखनीय हो कि पूर्व पुलिस कप्तान जितेंद्र शुक्ला व वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुपलेश पात्रे के नेतृत्व में करीब वर्ष भर पूर्व व्यापारी संघ की बैठक नगर के थाने में रखी गई थी जिसमें मुख्य रूप से नगर में नगर की सुरक्षा हेतु सभी चौक चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रस्ताव तत्कालीन पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला व एसडीओपी पुपलेश पात्रे द्वारा रखा गया था उक्त बैठक में व्यापारियों द्वारा सभी के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगाने की सहमति बनी थी जिसके बाद देश मे लॉकडाउन हो गया व मामला ठंडे बस्ते में चला गया, बीते दिनों की चोरियों का सुराग नही मिल पाने की स्थिति में एक बार फिर सीसीटीवी की कमी महसूस होने लगी है। व्यापारी एकता मंच के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने पत्रिका से चर्चा के दौरान बताया कि नगर की सुरक्षा हेतु जो भी उपकरण या सहयोग लगेगा उसे व्यापारियों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा कैमरे हेतु उचित सहयोग की बात भी कही। एसडीओपी पुपलेश पात्रे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशानुसार आज शाम को पुनः व्यापारियो की बैठक बुलाई गयी है सीसीटीवी कैमरा लगवाने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्थानीय लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ सरायपाली के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता की अगुवाई में ब्लॉक इकाई की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई बैठक में सभी पदाधिकारी उपस्थित थे विश्राम गृह में छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश गुप्ता के द्वारा संघ के सदस्यों को संघ का प्रेस कार्ड भी वितरण किया गया। बैठक में पत्रकार भवन एवं कोरोना कॉल के दौरान कवरेज करने वाले पत्रकार साथियों को कोरोना का टीका लगवाने की भी शासन से मांग करने की बात रखी गई। विश्राम गृह के बैठक में उपस्थित श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला महासचिव जनाब खान जिला उपाध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल संतोष ठाकुर जसपाल उबोवेजा, दीपक मखीजा चंद्रशेखर पाणिग्रही रणवीर मिस राम नरेश गुप्ता प्रकाश सिंह रामकुमार पटेल अमित श्रीवास सफल भोई, पिंटू चौरसिया शिवा निषाद अरुण साहू मोहन चौहान आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा क्षेत्र की अपेक्षा से विपरीत बजट : अभाविप

## शिक्षा के विकास बिना नवा छत्तीसगढ़ असंभव

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा सोमवार को विधानसभा में आगामी सत्र 2021-22 हेतु प्रस्तुत बजट को एक ऐसा दिवास्वप्न करार दिया है, जो कागजों के अतिरिक्त केवल कल्पना में ही साकार होता है और वास्तविकता से जिसका कोई सरोकार नहीं है। अभाविप के प्रदेश मन्त्री शुभम जायसवाल ने कहा कि इसमें कोई संशय नहीं कि इस बजट में भी गत वर्षों की तरह केवल हवा-हवाई बातें की गयी हैं, क्योंकि पिछले वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं पर अभी तक अमल नहीं किये जाने से इस वर्ष के बजट में किये गये नवीन प्रावधानों पर क्रियान्वयन भी सन्देहास्पद ही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश का युवा वर्ग सरकार से यह आस लगाए बैठा था कि प्रदेश सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए भी बजट प्रावधान करेगी लेकिन युवाओं को निराशा ही मिली है। जायसवाल ने कहा कि यदि हम वास्तविकता के धरातल पर इस बजट के प्रावधानों की समीक्षा करते हैं तो यह पाते हैं कि इस बजट में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र को छोडक़र शेष सभी शिक्षा क्षेत्रों के लिए राशि आबण्टन में कमी की गई है। आज जब प्रदेश के शैक्षणिक संस्थान मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं तब बजट में यह कटौती स्वीकार्य नहीं हो सकती।

सरकार को चाहिये था कि वह कोविड-19 के चलते उत्पन्न हुई विकट स्थितियों से उबरने के लिए शिक्षा क्षेत्र में अतिरिक्त राशि का प्रावधान करती लेकिन यहाँ तो गत वर्ष से भी कम राशि आबण्टित कर सरकार ने शिक्षा के प्रति अपने सौतेले व्यवहार का प्रदर्शन किया है। सरकार द्वारा प्रादेशिक विश्वविद्यालयों को स्थापना हेतु जो बजट आबण्टित किया गया है वह भी अपने स्वयं के भवनों को तरस रहे इन विश्वविद्यालयों के लिए ऊँट के मुख में जीरे के समान ही है। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के विद्यार्थियों के लिए राज्य छात्रवृत्तियों में जहाँ महज एक करोड़ रूपयों की वृद्धि हुई है, वहीं उनके छात्रावासों के लिए तो गत वर्ष की तुलना में सात करोड़ रूपयों की कटौती की गई है और बात केवल यहीं पर समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि युवाओं को रोजगार देने का वादा कर सत्ता की सीढ़ी चढने वाली मौजूदा प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने अथवा उन्हें स्वरोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराने के लिये कोई सराहनीय प्रावधान नहीं किये हैं।

# ग्राम अरमरीकला में छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर आयोजित, योजना की मिली जानकारी




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले में छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को गुरूर विकासखंड के ग्राम अरमरीकला में जनसंपर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया गया। वहॉ छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर में शासन की दो वर्ष की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। जिसमें सुराजी गांव योजना (नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी), मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना सहित शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाए शामिल है। उक्त प्रदर्शनी में शासन द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन, उन्नति का हर्ष, युवा जोश और हुनर झंकार व ब्रोसर का भी निःशुल्क वितरण किया गया। छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे ग्राम अरमरीकला के श्यामचरण यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रसन्नतापूर्वक बताया कि वह राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गोबर वि य कर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहा है। उसने बताया कि उक्त आमदनी का उपयोग वह बेहतर कृषि कार्य में कर रहा है। इसी प्रकार ग्राम पिकरीपार के पुलेश्वर कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत उसके परिवार को रोजगार मिला है। ग्राम अरमरीकला के रामकुमार पटेल ने बताया कि उसे राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिला है। शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के छात्र दानेश्वर, धनंजय व धर्मेंद्र ने शासन की मासिक पत्रिका जनमन को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया। उल्लेखनीय है कि छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसी तारतम्य में छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर गुरूवार 4 मार्च को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम नारागॉव में आयोजित किया जाएगा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### // द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्रं./262/लो.क.वि./न.पा./2020 — कुम्हारी, दिनांक 03.03.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनु.ला. (लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 72631 | वार्ड क्र.-03 सामुदायिक भवन में विभिन्न कार्य। | 38.08 | 19.03.2021 |
| 72645 | वार्ड क्र.-06 सतनाम भवन के पास विभिन्न विकास कार्य। | 31.32 | 19.03.2021 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कुम्हारी**


# पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन



**सरायपाली।** नगर के बाजार पडाव मैं स्थित मां गायत्री परिसर में सप्त दिवसीय 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के 49 वे वर्ष का संपन्न किया गया। विगत 49 वर्षों से अनवरत इस महायज्ञ के कर्ताओं के द्वारा अब तक ना तो किसी समिति का गठन किया गया है और ना ही इसके कोई पदाधिकारी हैं महायज्ञ से जुड़े मित्रों में से भले ही कुछ मित्र इस जहां से बिछड़ गए हैं लेकिन आज जो भी है वह समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं समापन अवसर पर हरिराम अग्रवाल ने बताया कि सन 1972 में उनके साथ उनके मित्रों गोवर्धन पाणिग्रही मदनलाल सलूजा विषधारी कर अजय कुमार सिंह बसंत कुमार दास गौरी शंकर प्रधान रोशन लाल ठाकुर एवं इंद्र कुमार सलूजा के द्वारा इस महायज्ञ का बीड़ा उठाया गया था और माता गायत्री की कृपा से आज भी पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का दीप प्रज्वलित है विगत कुछ वर्षों से नगर के कई युवा भी समर्पित भावना के साथ यह दायित्व निभा रहे हैं इस महायज्ञ में अखंड कीर्तन के लिए उड़ीसा से कीर्तन मंडलियों का आगमन होता है जो रात और दिन कीर्तन का कार्यक्रम अनवरत चलता रहता है इस तरह हर साल गायत्री महायज्ञ का सफल समापन भी होता है।


IndusInd Bank
IndusInd Bank LTD. 3rd Floor, Ravi Bhawan, Jai Stambh Chowk, Raipur (C.G.)

## AUCTION NOTICE

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before **09.03.2021**, else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them.

| Sl. No. | Branch | Deal No | Borrower Name | Vehicle Details | Yard Name & Address | Contact No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | AMBIKAPUR | FRC00364G | AVNISH KUMAR GUPTA | PIAGGIO APE ATRA PASSENGER, CG15 DF0668, Model-2017 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR, (C.G.) | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |
| 2. | AMBIKAPUR | FRC00492G | MALIKRAM | BAJAJ RE MAXIMA DIESEL, CG15DM1235, Model-2018 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR, (C.G.) | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |
| 3. | AMBIKAPUR | FRC00536G | SATISH KUMAR | PIAGGIO APE PASSENGER DLX, CG29AC5645, Model-2019 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR, (C.G.) | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |
| 4. | AMBIKAPUR | FRC00546G | AMAR LAL | PIAGGIO APE A/R DLX, CG29 AC7758, Model-2020 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR, (C.G.) | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |
| 5. | PATHALGAON | FAP00106G | MILAN KISPOTA | PIAGGIO APE CITY PASSENGER PETROL, CG13AF9771, Model-2019 | SUNIL KUMAR GUPTA PARKING YARD, PATHALGAON, (C.G.) | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |
| 6. | RAIPUR | FRR01284G | KUMARI BAI | M & M SUPRO VX, Regd No-CG04MR6415, Model-2019 | KOMAL CHHATRI YARD, RAIPUR | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |
| 7. | RAIPUR | FRR01232G | AMIT NAYAK | PIAGGIO APE PASS, Regd No-CG04MC3968, Model-2018 | KOMAL CHHATRI YARD, RAIPUR | JITENDRA SINGH BHAMRA-7448808792 |

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

### -: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीर सावरकर नगर हीरापुर कॉलोनी रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक जनता-422 में **श्री रमेश प्रसाद राय** पिता श्री **रामबदन राय** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **31.03.2009** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया है। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **11.01.2021** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री/श्रीमती बीवी मारूफा पति श्री मो. इनामुल हक** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर**

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

### -: आम-सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-11/130 द्वितीय तल** में **श्री शिव प्रकाश सिंह पिता श्री जनार्दन सिंह** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **27.03.2015** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **25.01.2021** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती दीपा देवी पति श्री अंकित दुबे** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,कबीर नगर, रायपुर**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)
E-mail Id :- eemah-phe-cg@nic.in Telephone :- 07723-223731

क्र. 545/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./2021/महासमुन्द — दिनांक 27.2.21

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 31 | 71792 | महासमुन्द जिले के विकासखंड महासमुन्द के ग्राम बरोंडाबाजार में जल जीवन मिशन अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के समस्त कार्य। | 22.31 |
| 32 | 71818 | महासमुन्द जिले के विकासखंड महासमुन्द के ग्राम भावा में जल जीवन मिशन अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के समस्त कार्य। | 25.94 |
| 33 | 71819 | महासमुन्द जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम दाबपाली में जल जीवन मिशन अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के समस्त कार्य। | 25.89 |
| 34 | 72241 | महासमुन्द जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम सुअरमाल में जल जीवन मिशन अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के समस्त कार्य। | 32.25 |
| 35 | 72244 | महासमुन्द जिले के विकासखंड पिथौरा के ग्राम सोनासिल्ली में जल जीवन मिशन अन्तर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के समस्त कार्य। | 30.71 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
2. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 19.03.2021 सायं 5.30 बजे तक।

जी-87474/4

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द**

# खबर से हड़कंप : समन्वयक ने आनन फानन में स्कूलों में भेजी किताब

## आई किताबें काफी समय से डंप थी, रवाना करना शुरु किया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





'निखार'योजना के तहत एनजीओ के साथ चल रहे शिक्षा गुणवत्ता अभियान के लिए करोड़ों की किताबों को आनन फानन में मंगलवार देर रात तक सभी ब्लॉक के माध्यम से संकुलों तक पहुंचाया गया। दूसरे दिन सुबह से सभी शिक्षकों को बुलवाकर किताब बांटे जाना शुरु किया। योजना के तहत पूरे प्रदेश के छठवीं से नौवीं कक्षा तक के बच्चों के लिये करोड़ों खर्च कर पुस्तकें छपाई गई हैं। इन किताबों को बच्चों को वितरण के बजाय जिला मुख्यालय में किताबें धूल खा रही थी।

डम्प किताबों के अलावा योजना में कई तरह की खामियों को लेकर सबसे पहले 'पायनियर' ने खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद महकमे में जमकर खलबली मची और किताबें संकुलो के माध्यम से स्कूलों तक पहुची विश्वस्तत खबरों के अनुसार किताबों को ढोने परिवहन खर्च का पेंच फंसा था। हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान समेत चार विषयों के लिए चार-चार पुस्तकों और मूल्यांकन पुस्तिका समेत प्रत्येक छात्र के लिये कुल 17 किताबें छात्रों को और इतनी ही विषय शिक्षकों को दिया जाना है। लेकिन अभी भी सभी कक्षाओं की पूरी पुस्तकें स्कूलों तक नहीं पहुच पायी है।

आधी अधूरी पुस्तकों को शिक्षकों को थमा दिया गया है। यहां तक कि विषय शिक्षकों के लिये संदर्शिका , मूल्यांकन पत्रक और अन्य जरूरी पुस्तकें तक नहीं मिल पायी है। शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए अब तक कई तरह के प्रयोगों के बाद एक एनजीओ के मदद से बीते साल बतौर पायलेट प्रोजेक्ट सूबे के दर्जनों जिले के चुनिंदा स्कूलों में फेल रहे निखार योजना इस साल सत्र के आखिर में सभी जिलों में लागू की गई है। योजना शुरुआत से ही विवादों से घिरी हुई है। जानकार सूत्रों के अनुसार पूरे एक सत्र के पाठ्यक्रम को बेसलाइन आकलन, फाउंडेशन कैम्प, सहयोगात्मक शिक्षा और अंतिम आकलन के चरणबद्ध योजना के बजाय मात्र 46 दिन में पूरा करने की प्लानिंग असफल दिखाई दे रही है। जबकि कोरोना के चलते बीते साल के मार्च महीने से अब तक लगातार स्कूल बंद है। गिने चुने बच्चों की उपस्थिति में संचालित मोहल्ला क्लास के भरोसे योजना को पूरा कर लेने के महकमे के दावों पर लगातार शिकायतों के चलते पानी फिर रहा है। शिक्षकों और छात्रों को पुस्तकें नहीं मिलने की शिकायतों के साथ ही शिक्षकों को बिना प्रशिक्षण दिये ही अचानक ही शनिवार को बेसलाइन आकलन के लिए जारी लिंक फेल होने के बाद पूरी योजना की हवा निकल गयी। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार किताबों की छपाई से लेकर अन्य तमाम खर्चों को मिलाकर करोड़ों रुपये की राशि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व आहरण करने की मंशा से गुणवत्ता प्राप्ति के निर्धारित मापदण्डों को दरकिनार कर किये जा रहे औपचारिकता से मिशन कार्यालय पर फिर उंगली उठाई जा रही है।

# बजट पर रार -कांग्रेस विकास का दावा कर रही, भाजपा कह रही पीछे जा रहा प्रदेश

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

बजट पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। कांग्रेसी नेताओं ने बजट की प्रशंसा की है। वहीं बजट में जिले को कुछ न मिलने को लेकर भाजपाई तमतमाए हुए हैं। उद्योगों का लेकर भी कोई खास पहल न होने को लेकर भी विपक्ष आंखे तरेर रहा है। दूसरी ओर कांग्रेसी भूपेश सरकार में किसान को मिलने वाले धान के 25 सौ रुपए को बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में भी किसानों के लिए राहत पहुंचाने वाली व्यवस्था की गई है।

### भूपेश सरकार का फिर निराशाजनक बजट : डडसेना



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रिका प्रसाद डडसेना ने छ.ग. की भूपेश सरकार द्वारा लाये गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सरकार ने जो बजट पेश किया वह हास्यास्पद है। बजट में छोटे बड़े औद्योगिक क्षेत्रो के लिए कुछ विजन नहीं है और न ही किसानो के लिए कुछ खास है। बजट में सरकारी कर्मचारियो के लिए कुछ नहीं छ.ग. की भूपेश सरकार केन्द्रीय योजना को अपना मुखौटा बनाकर उसी के सहारे अपना बजट की पहिया को आगे बढ़ा रहा है। छ.ग. सरकार के पास विकास कार्यो का कोई योजना नहीं है जो बेहद निराशाजनक है।

### विकास की राह पर ले जाने वाली बजट - डॉ. प्रकाश शर्मा



जिला सचिव कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव व विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर प्रकाश शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में राज्य का 21 वा और सरकार का तीसरा बजट पेश किया जिसमें छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का बजट सभी वर्गो के लिए हितकर साबित होगा। प्रकाश शर्मा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस बजट में शिक्षा स्वास्थ्य किसान रोजगार पर विशेष ध्यान दिया है जिसमें नरवा गरुबा घुरवा अउ बाड़ी के तहत ग्रामीण स्तर में कई नई योजनाओं की शुरुआत भी किया गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार किसानों को धान का मूल्य 25 सौ रुपए दिया जा रहा है। राज्य के सभी परिवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शामिल किया गया। राज्य में 65 लाख 22 हजार राशन कार्डधारी लाभान्वित जनसंख्या 2 करोड़ 43 लाख। इन राशन कार्डों पर चावल प्रदाय हेतु 3 हजार 410 करोड़ का प्रावधान। अनुसूचित जनजाति बाहुल्य इलाकों में प्रति परिवार 2 किलो चना वितरण के लिए 171 करोड़ का प्रावधान है। बस्तर संभाग में प्रति परिवार 2 किलो गुड़ वितरण के लिए 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का बजट : राहुल तिवारी



जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिए गए बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के रूप में भूपेश बघेल जी का तीसरा ऐतिहासिक बजट रहा है। यह बजट छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाई प्रदान करने वाला है। कोविड-19 महामारी के समय में भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था समूचे देश की अर्थव्यवस्था से काफी अच्छी रही जोकि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी की बेहतर वित्तीय प्रबंधन को प्रदर्शित करती है। वर्तमान बजट में पत्रकारों को दुर्घटना जन्य आकस्मिक मृत्यु पर उनके परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता राशि, किसानों को खेतों तक आवागमन सुविधा हेतु मुख्यमंत्री धरसा विकास योजना, 9 बालक एवं 9 नवीन कन्या छात्रावास की स्थापना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना हेतु 13 करोड़ का प्रावधान, स्वच्छता दीदियों के मानदेय को 5000 रुपये से बढ़ाकर 6000 रुपये किया गया। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस रहा। ऐसे ऐतिहासिक फैसले समूचे छत्तीसगढ़ वासियों के लिए स्वागत योग्य है।

# पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मां बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण, गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंत्री ने मां बम्लेश्वरी से प्रदेश की खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि के लिए कामना की। इस मौके पर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, नगर पालिका डोंगरगढ़ अध्यक्ष श्री सुदेश मेश्राम, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ टूरिज्म श्रीमती रानू साहू, कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजीत वसंत सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जनपद सभापति ने किया सीसीरोड का भूमिपूजन

**डोंगरगांव नगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र 07 अंतर्गत ग्राम पंचायतों में निरंतर विकास की धारा प्रवाह जारी है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सुखरी में वार्ड 8 व 9 में 7 लाख 22 हजार की लागत से सीसीरोड की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। उक्त निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन जनपद सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर के आतिथ्य में संपादित हुआ। भूमिपूजन दरम्यान ग्राम पंचायत सरपंच सुरेन्द्रगिरी गोस्वामी विशेष तौर पर मौजूद थे। उक्त अवसर पर रोहित सोनकर ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस डोंगरगांव, केशव तिवारी, हरीराम साहू, चेतन साहू, हरि साहू, उर्मिला, गोविंद साहू, मनसा साहू, रेवती धनकर व ग्रामीणजन सहित ग्राम पंचायत स्टाफ उपस्थित थे।



# हताशा भरा और निराशाजनक बजट, शहर व जिले को कोई लाभ नहीं : अतुल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तींसगढ़ सरकार के बजट को लेकर मिली जुली प्रतिक्रियाएं आ रहीं हैं। हालांकि बजट में राजनांदगांव को कुछ नया न मिल पाने से संस्कारधानी में निराशा है। हर बार की तरह इस बार भी यहां उद्योग से जुड़ा कोई निर्णय नहीं लिया गया। प्रदेश सरकार द्वारा जारी बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उत्तर मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद अतुल रायजादा ने कहा कि प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के साथ ही कई मुद्दों पर सरकार विफल रही है। अतुल ने कहा कि सरकार पौनी पसारी योजना का ग्रामिनिकरण करके इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की योजना पूरी तहह से फ्लॉप हो चुकी है। यह बजट ना तो वित्तीय व्यवस्था, ना ही सामाजिक व्यवस्था और ना ही गरीब वर्गों के विकास के लिए है बस भटकाव और उलझाव से भरा हुआ बजट है। छत्तीसगढ़ के 10 लाख बेरोजगारो को 2500 रु प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने का वादा प्रदेश सरकार ने किया था लेकिन बजट में बेरोजगारी भत्ते, स्वरोजगार, कौशल विकास का जिक्र तक नहीं है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली प्रदेश की सरकार नें छत्तीसगड़ के युवाओं को धोखा दिया है और बीते दो वर्षों का बेरोजगारी भत्ता जो लगभग छः हजार करोड़ से अधिक है, कि राशि दबाकर बैठी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र को भी पूरी तरह से भूल चुकी है। यही कारण है कि इस बजट में ऐसी कोई नीति नहीं है जिससे प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं व व्यापारियों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सपने ठोस रूप से साकार हो सके तथा निम्न व मध्यम वर्ग का जीवन स्तर बेहतर बन सके। शराबबंदी का वादा करके सत्ता में आई कांग्रेस शराबबंदी की ओर बढ़ने के बजाय शराब के व्यापार में 600 करोड रुपए और अधिक कमाने का लक्ष्य निर्धारित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बड़े - बड़े दावे करने वालों के बजट में संस्कारधानी का कोई हिस्सा ही नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में जहां राजनांदगांव जिले में बड़ी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को तरजीह दी वहीँ भूपेश बघेल सरकार जनहित से परे स्वार्थ की राजनीति पर उतारु है और इस बजट के साथ ही उन्होंने इस बात को साबित भी कर दिया है।

# प्रदेश सरकार की बजट पर प्रतिक्रियाओं का दौर जारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को विधानसभा में वित्त विभाग के मुखिया के नाते सरकार का वर्ष 2021-22 का बजट पेश किया। बजट पर कांग्रेस और भाजपा नेताओं ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी है। बजट से कांग्रेस ने जहां खुशी जाहिर की है, वहीं भाजपा ने बजट को निराशाजनक बताते तंज कसा है।

### छग सरकार का बजट बेहद निराशाजनक : पांडेय



सांसद संतोष पांडेय ने छग सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को बेद निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादे जैसे शराबबंदी, युवाओं को रोजगार, संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने शिक्षकों को क्रमोन्नति, पदोन्नति का लाभ देने, आंगनबाड़ी कर्मचारियों, अन्य कर्मचारियों सहित आम जनता से किए कई वादों को पूरा करने के संबंध में बजट में कोई प्रावधान व जिक्र नहीं किया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार की योजनाओं का भी अपने बजट में जिक्र कर राज्य सरकार ने वाहवाही लूटने व श्रेय लेने की कोशिश की है।

### नई ऊंचाईयों को ले जाने वाला बजट : रईस



संयुक्त जिला महामंत्री रईस अहमद शकील ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ विकास के लिए जो बजट प्रस्तुत किया, उस बजट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। वार्षिक बजट 2021-22 में महिलाओं को बेहतर सुविधा देने के साथ-साथ तृतीय लिंग समुदाय, दिव्यांग, बुजुर्गों के स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विशेष प्राथमिक दी गई है। कन्या छात्रावास तथा आश्रम के विकास के लिए भी बजट में राशि का प्रावधान किया गया है। सभी पांच संभागीय मुख्यालयों में आदर्श पुर्नवास केन्द्र की स्थापना करने के लिए एक करोड़ 50 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

### ऊंट के मुंह में जीरे के समान : चौधरी



किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को किसानों के पंप कनेक्शन जो कि लाखों की तादाद में बिजली कनेक्शन के लिए इंतजार कर रहे हैं, उनके ऊपर ध्यान देना चाहिए था, वह बजट में शामिल नहीं किया गया है। यदि किसानों को सिंचाई के लिए पानी ही उपलब्ध नहीं होगा तो खेती कैसे होगी, सुजला योजना एवं पीएम सिंचाई योजना के तहत किए गए प्रावधान भी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। कुल मिलाकर बजट अच्छा नहीं कहा जा सकता है।

### समग्र विकास और दूरदृष्टि वाला बजट : शाहिद

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट प्रस्तुत कर यह साबित कर दिया है कि उनकी सोच समग्र विकास वह दूर दृष्टि वाली है। मोर जमीन मोर मकान, गोठान, मतस्य पालन को कृषि का दर्जा सहित मैदानी क्षेत्रों में कार्य करने वाले पटवारी एवं स्वच्छता दीदियों को लाभ देने की बात हो प्रशासनिक व्यवस्था के लिए नई तहसील अनुविभाग गठन, नक्सल क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ सुरक्षा हेतु दल गठन और पौनी पसारी योजना सहित छग की कला, शिल्प, कृषि उत्पादों को एक छत में लाकर आवश्यकता एवं रोजगार की सुगम व्यवस्था करना समग्र विकास की सोच का कार्य है।



### सभी के हितों वाला बजट : सुजीत



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सुजीत दत्ता बाप्पी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में किसान, नौजवान, दलित, आदिवासी एवं महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर एक जनहितकारी बजट पेश किया है। उन्होंने नए छत्तीसगढ़ की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री व समस्त मंत्रीमंडल का धन्यवाद दिया।

### छत्तीसगढ़ को नई दिशा देने वाला बजट : प्रीति



छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस की प्रवक्ता प्रीति वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में जन आकांक्षाओं का सम्मान करते छात्रों, युवाओं, महिलाओं, किसानों कर्मचारियों सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट सरकार का एक विजनरी डॉक्यूमेंट होता है, नए अंग्रेजी मीडियम स्कूल, नवीन महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, नए छात्रावासों की स्थापना, रूलर इंडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना, छत्तीसगढ़ के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सी.मार्टए व्यवसायिक कौशल को पुनर्जीवित करने के लिए चार नए बोर्डों का गठन, भूमिहीन कृषकों के लिए नवीन न्याय योजना को दर्शाते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग के कल्याण हेतु समर्पित है।

### बजट से राज्य में बिजली एवं सड़क की समस्या दूर होगी : नेहा



एनएसयूआई जिला सहसंयोजक नेहा वैष्णव ने कहा कि यह बजट गढ़बो नवा छत्तीसगढ के सपनों को साकार करने वाला बजट है। छत्तीसगढ़ के मुख्मंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में राज्य का 21वां और अपनी सरकार का तीसरा बजट पेश किया है। इस बजट में शिक्षा , स्वास्थ्य, किसान, रोजगार और इंफ्रास्ट्रचर की दिशा में वृद्धि होगी। युवाओं को ध्यान में रखते हुए यह बजट पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से राज्य में बिजली एवं सड़क की समस्या दूर होगी। इस बजट में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने वाला बजट प्रस्तुत किया गया है। शिक्षकों को तथा छात्र छात्राओं को अध्ययन के लिए विशेष प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सरकार ने इस बजट में खेती और किसानी पर जोर दिया है, इस बजट से जल की समस्या दूर होगी। इस बजट के तहत सरकारी कर्मचारियों के हितो को भी ध्यान दिया गया है,। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट से राज्य के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचेगा। यह विकासदायक बजट प्रस्तुत किया गया है, जिससे राज्य के सभी क्षेत्रों में विकास होगा और छत्तीसगढ़ की जनता लाभान्वित होगी।

## प्रशाद योजना के कार्यक्रम में राजनीतिक फसाद ने कराई किरकिरी

# 43 करोड़ 33 लाख की राशि से डोंगरगढ़ में और भी निखरेगी धार्मिक पर्यटन की तस्वीर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




माँ बम्लेश्वरी के नाम से दुनिया भर में प्रसिद्ध डोंगरगढ़ के पर्यटन विकास की दिशा में आज प्रशाद योजना के रूप में बड़ी शुरूआत हुई। यहां 43 करोड़ 33 लाख रुपए की राशि से पर्यटन विकास की शुरूआत की जाएगी। इसमें श्री यंत्र के आकार का पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर के निर्माण के साथ ही प्रज्ञागिरी पहाड़ी पर ध्यान केंद्र और अन्य सुविधाएं आरंभ की जाएंगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होने डोंगरगढ़ आने वाले थे। ऐन वक्त में दोनों ही इस कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। यहां इनके आगमन की तैयारियां धरी की धरी रह गई। इससे इतर इस कार्यक्रम असंतुष्ट कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के चलते भी कई बार विवाद खड़े हुए। मंच पर न बैठने दिए जाने को लेकर कई कांग्रेसियों ने मुंह फूला लिया। इस कार्यक्रम के बहाने कांग्रेसियों की खेमेबाजी भी खुलकर सामने आ गई। दूसरी ओर भाजपाई भी सांसद और अन्य वरिष्ठों को सम्मान न मिलने जैसे आरोप लगाते हुए नारेबाजी पर उतारु हो गए। दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं ने मामले को इतना तूल दिया कि दोनों ही ओर से नारेबाजी शुरु हो गई। कार्यक्रम में राजनीतिक मुद्दों का शोर सुन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू नाराज हुए। आखिर में इस पूरे मामले को संभालने विधायक भूवनेश्वर बघेल को सामने आना पड़ा। इस पूरे विवाद के चलते प्रशासन के तोते उड़ गए।

**सभी की मेहनत का परिणाम :** इस मौके पर वर्चुअल माध्यम से जुड़े मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वर्ष 2018 से प्रशाद योजना के अंतर्गत डोंगरगढ़ को लाने की प्रक्रिया चली थी और आज इसे पूर्णता मिली। इसमें सांसद, पर्यटन मंत्री और केंद्रीय पर्यटन मंत्री सहित इससे जुड़े सभी लोगों की मेहनत है। इस मौके पर वर्चुअल माध्यम से जुड़े केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि अविभाजित मध्यप्रदेश के दिनों में मैं डोंगरगढ़ नवरात्रि पर आया था और मेरी धार्मिक स्मृतियां और श्रद्धा इस तीर्थ स्थल से जुड़ी है। प्रशाद योजना से डोंगरगढ़ के पर्यटन विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

### मैंने मुलाकात की और बात बन गई : मंत्री साहू

इस मौके पर गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद पर्यटन को आगे करने के लिए हमने विशेष रणनीति बनाई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुझे पर्यटन को आगे की जिम्मेदारी दी। मैं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल से मिला और उन्होंने आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को आगे ले जाएंगे। आप जो प्रस्ताव बनाएंगे, छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किसी तरह की कमी नहीं होगी। प्रशाद योजना में शामिल करने के लिए मैं श्री पटेल को धन्यवाद देता हूं। सांसद संतोष पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि प्रशाद योजना तीर्थस्थलों में अधोसंरचना सुधार के लिए लाई गई है। इस योजना के माध्यम से पर्यटन में अभिवृद्धि होगी। माँ बम्लेश्वरी के साथ ही चंद्रगिरी और प्रज्ञागिरी के तीर्थ के रूप में भी यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। प्रशाद योजना से इसके विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी। इस मौके पर छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल, विधायक खुज्जी छन्नी साहू, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, नगर पालिका डोंगरगढ़ अध्यक्ष सुदेश मेश्राम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ टूरिज्म रानू साहू, कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा, पुलिस अधीक्षक डी श्रवण, जिला पंचायत सीईओ अजीत वसंत सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**क्या है प्रशाद योजना :** प्रशाद योजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की योजना है। पिलग्रिमेज रिज्यूवेनेशन एंड स्पिरिच्युअल हेरिटेज आगमेंटेशन ड्राइव के रूप में जानी जाने वाली इस योजना से देश भर में 31 तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है।

**डोंगरगढ़ में ये होगा विकसित :** डोंगरगढ़ में साढ़े नौ एकड़ भूमि में पिलग्रिम फैसिलिटेशन सेंटर बनेगा। यह श्रीयंत्र के आकार का होगा। यहां ध्यान केंद्र, विश्राम कक्ष, प्रसाद कक्ष, सांस्कृतिक मंच, क्लाक रूम, सत्संग कक्ष, प्रदर्शनी गैलरी, लैंडस्केपिंग, सोलर लाइटिंग, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं होंगी। इस निर्माण के अलावा माँ के मंदिर की पहाडियों पर सीढियों का जीर्णोद्धार, रेलिंग, शेड, पेयजल सुविधाए पगोड़ा, सोलर लाइटिंग, सीसीटीवी, तालाब सौंदर्यीकरण, बायोटायलेट, मेडिकल रूम, साइनेज आदि बनेंगे। प्रज्ञागिरी पहाड़ी में ध्यान केंद्र, कैफेटेरिया, पार्किंग, सीढियों का जीर्णोद्धार, सोलर प्रकाशीकरण, पेयजल और साइनेज की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# कुलपति से मिलने पहुंचे छात्रों से निज सचिव ने कहा, मैडम के पास फालतू लोगों से मिलने का नहीं है समय

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



सेशन शुरू होने के साथ ही केन्द्रीय विश्वविद्यालय से एक बार फिर छात्र परिषद और प्रबंधन के बीच विवाद का नया मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय खुलने से पहले 2 मार्च को छात्र परिषद पदाधिकारी छात्र हित में तीन सूत्रीय मांग को लेकर कुलपति से मिलने पहुंचे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियो ने छात्र पदाधिकारियों के साथ ना केवल दुर्व्यवहार किया। बल्कि निज सचिव सूरज मेहर ने कहा कि कुलपति के पास छात्रों से मिलने का फालतू समय नहीं है। इतना सुनते ही छात्र नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुलने से पहले छात्र हितों को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय छात्र परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी 2 मार्च को सुबह 10 बजे कुलपति से मिलने पहुंचे। छात्र प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि इसी दौरान विश्वविद्यालय अधिकारियों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। बार बार अनुरोध के बाद भी अधिकारियों ने छात्र परिषद पदाधिकारियों को कुलपति से नहीं मिलने दिया गया। जबकि छात्र नेता कहते रहे कि उन्हें मिलने के लिए पांच मिनट का समय दिया जाए। ताकि छात्रों के हितों से जुड़े मांगों को कुलपति के सामने रख सकें। छात्र नेता सचिन गुप्ता ने बताया कि छात्र परिषद ने सामुहिक निर्णय लेते हुए कुलपति के सामने तीन बिन्दुओं को छात्र हित में रखना चाहते थे। इसमें प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाले प्रथम वर्ष के छात्रों के परीक्षा फॉर्म संबंधी नामांकन क्रमांक और अनुक्रमांक उपलब्ध कराने की बात थी। हम कुलपति से मिलकर बताना चाहते थे कि विश्वविद्यालय खुलने से पहले संपूर्ण क्षेत्र में सेनेटाइजेशन व्यवस्था की मांग को रखना चाहते थे। सचिन गुप्ता ने बताया कि वैश्विक महामारी के दौरान छात्रों की पढ़ाई को बहुत नुकसान हुआ है। कोरोना के दौरान विश्वविद्यालय ने यूजीसी दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया। इसलिए शैक्षणिक क्षति की पूर्ति करने छात्रों को 15 प्रतिशत अतिरिक्त अंक देने की मांग कुलपति के सामने रखना था। लेकिन अधिकारियों ने कुलपति से मिलने ने दिया। छात्र नेता ने कहा कि यद्यपि इस बीच छात्र कल्याण डीन प्रोफेसर एमएन त्रिपाठी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही एकेडमी काउंसिल के समक्ष छात्र प्रतिनिधियों को बात रखने का मौका दिया जाएगा। लेकिन कुलपति के निज सचिव ने ऐसा कुछ भी करने से इंकार कर दिया। उन्होने छात्रों को अपमानित करते हुए कहा कि कुलपति कि मैडम से मुलाकात का सवाल ही नहीं उठता है। क्योंकि वीसी के पास फालतू लोगों से मिलने के लिए फालतू समय नहीं है। निजी सचिव सूरज मेहर के इस बात को लेकर छात्र परिषद नाराज हो गए। नाराजगी के खिलाफ जाते हुए सूरज मेहर ने अधिकारियों से मिलकर छात्र नेताओं के साथ हाथपाई पर उतारू हो गए। सचिन ने बताया कि छात्र परिषद के साथ दुर्व्यवहार को छात्र बर्दास्त नहीं करेंगे।

## क्विक न्यूज

### छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र को ऊंचाई पर ले जाने वाला बजट : नागेन्द्र गुप्ता



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ बजट 2021-22 प्रस्तुत होने के बाद बजट का स्वागत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं पार्षद नागेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के मूल अवधारणा के पूरा करने वाला बजट है गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के सूत्र वाक्य को लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ध्यान मे रखते हुए गौठान योजना रुरल इडस्ट्रीयल पार्क की स्थापना योजनाओं के लिए राशि आवंटित करके मुख्यमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के इरादे से कार्य किया है जो वही धर्म व संस्कृति के लिए राम वन गमन पथ के लिए बजट मे स्थान देना स्वागत योग्य कदम है तो वही अनुसूचित जाति व जनजाति के छात्रोंके लिए सरकार द्वारा फीस भरने का निर्णय लिया गया साथ ही भूमिहिन् कृषि मजदूरों के लिए न्याय योजना लाई है जिस पर अभी तक किसी का ध्यान नहीं गया था जो कि मुख्यमंत्री के जरूरतमंदों के लिए सवेदनशीलता को प्रगट करता है।

# सिम्स में निःशुल्क चिकित्सा जांच 10 मार्च तक




पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिम्स अस्पताल में आज कान ,नाक , गला रोग विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच की गई , यह जांच 10 मार्च तक जारी रहेगा । राज्य शासन एवं परिवार स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सिम्स मेडिकल कॉलेज के नाक कान गला रोग विभाग में 3 मार्च विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष पर सिम्स डीन डॉक्टर तृप्ति नगरिया , अधीक्षक डॉ पुनीत भारद्वाज एवं विभागाध्यक्ष डॉ आरती पांडे के निर्देशन में निशुल्क सुनाई जांच एवं कर्ण रोग के बचाव एवं नियंत्रण संबंधी परीक्षण एवं सलाह ओपीडी में दी गई जिसके अंतर्गत ओपीडी में कुल 54 रोगियों की आधुनिक सुनाई जांच मशीनों से एवं सुसज्जित नवीन ऑडियोमेट्रिक कक्ष में श्रवण दोष का परीक्षण कर बधिरता से पीड़ित रोगियों का उपचार जांच किया गया जिससे उन कर्ण एवं बधिर रोगियों का पुनर्वास कर उनको समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का सलाह भी दिया गया। इस कार्यक्रम इस कार्यक्रम हेतु नाक कान गला रोग विभाग से डॉक्टर बीआर सिंह, डॉक्टर विद्याभूषण साहू ,डॉक्टर श्वेता मित्तल, डॉक्टर प्रतीक अग्रवाल एवं ऑडियोलॉजिस्ट डा मोहन मुरली सोनी समस्त विभाग का योगदान रहा।

# कलेक्टर एल्मा ने बबूल की छांव में लगाई चौपाल

- **ग्रामीणों से राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्राप्त की जानकारी**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिले के विकास खण्ड मुंगेली के ग्राम छुईहा में पहुँचे और वहां बबूल की छॉव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से राज्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीणों की उत्थान के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

उन्होने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की बात कहीं। चौपाल में उन्होने ग्रामीणों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की जानकारी देते हुए कहा कि विगत वर्ष धान उपार्जन केंद्रो में धान विक्रय करने वाले किसानों को तीन किष्तों में बोनस की राषि दी गई है। अंतिम किष्त का भुगतान शीघ्र होने की बात कहीं। इस अवसर पर उन्होने ग्रामीणों से मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत निर्धारित मूल्य पर खाद्यान्न की उपलब्धता, गांव में सड़क, विद्युत, पेयजल, शाला भवन आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इसी तारतम्य में उन्होने सुराजी गांव योजना के तहत गोधन न्याय योजना के संबंध में कहा कि पशु पालकों से गोठानों के माध्यम से दो रूपये प्रति किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गोबर से स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद को निर्धारित दर पर खरीदा जा रहा है। इस हेतु उन्होने स्व सहायता समूह की महिलाओं को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कहीं। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाओं ने ग्राम में स्थित तालाब में मछली पालन और सौर सूजला योजना के तहत सोलर सिंचाई पंप की स्थापना की मांग की। कलेक्टर ने उनकी मांगो को गंभीरता से लिया और आवष्यक कार्यवाही करने का आष्वासन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित ब्यास, कृषि विभाग के उपसंचालक डी के ब्यौहार, जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्य पालन अधिकारी एम एल महादेवा और मत्स्य विभाग के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जिले के 771 स्कूल और 967 आंगनबाड़ी में होगी रर्निग वॉटर की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की चतुर्थ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि बच्चों को स्कूलो में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जिले के 771 स्कूल और 967 आंगनबाडी केंद्रो में रर्निग वॉटर की व्यवस्था होगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री एल्मा ने चिन्हाकित 771 स्कूल और 967 आंगनबाडी केंद्रो में 31 मार्च तक रर्निग वॉटर की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने कार्य योजना की स्वीकृति और टेन्डर की संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येंक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस हेतु उन्होने उच्च्य गुणवत्ता के पंप और पाईप क्रय करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उच्च्य गुणवत्ता के पंप और पाईप क्रय करने की मूल्यांकन हेतु उप समिति गठित करने के भी निदेश दिये। उप समिति में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता के अलावा जल संसाधन विभाग के कार्य पालन अभियंता और जिला कोषालय अधिकारी को शामिल करने के निदेष दिये। बैठक में उन्होने निर्माण एंजेसी, कार्य आदेष जारी और निर्माण समिति आदि के संबंध में भी आवष्यक निर्देश दिये। उन्होने जल जीवन मिषन द्वारा जारी नियमों का भी पालन करने के निर्देश दिये। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता संजीव बृजपुरिया ने कार्य योजना की स्वीकृति, कार्य आदेश, निविदा आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# जय व्यापार पैनल की ताकत, प्रचार अभियान हुआ और तेज

- **नाम वापसी के पश्चात दोनों पैनल के प्रत्याशियों को दिया समर्थन**

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



जय व्यापार पैनल के मुख्य चुनाव संचालक नरेन्द्र दुग्गड, चुनाव सह संचालक गारगी शंकर मिश्रा, चुनाव सह संचालक जितेन्द्र दोशी, छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, दीपक बल्लेवार, विजय शर्मा चुनाव सह संचालक विक्रम सिंहदेव एवं परमानन्द जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज चुनाव 2021 के नजदीक आने के साथ ही जय व्यापार पैनल की ताकत और बढ़ गई है। पैनल का प्रचार- प्रसार अभियान इन दिनों जोरों पर है, इसी कड़ी में बेमेतरा जिले से आज एक खुशखबरी सामने आई। जिसके तहत जिले के दोनों पैनल के प्रत्याशियों ने नाम वापसी के पश्चात जय व्यापार पैनल को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। दोनों ही प्रमुख पैनल के प्रत्याशियों द्वारा अब जय व्यापार पैनल के पक्ष में प्रचार कर समर्थन की अपील की जाएगी। पैनल से प्रदेश मुख्य चुनाव संचालक नरेंद्र दुग्गड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जय व्यापार पैनल इस चुनाव में पूरी मजबूती के साथ मैदान में खड़ा हुआ है और प्रदेश के सभी व्यापारियों का हमें जोरदार समर्थन मिल रहा है। वहीं बेमेतरा जिले से जय व्यापार पैनल एवं व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों द्वारा निजी कारणों से नाम वापसी कर ली गई थी, जिसके पश्चात आज सभी प्रत्याशियों ने लिखित रूप से जय व्यापार पैनल को अपना समर्थन देने का ऐलान करते हुए पैनल के पक्ष में प्रचार करने की घोषणा की।

दुग्गड़ ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान जय व्यापार पैनल से उपाध्यक्ष प्रत्याशी हेतु केशवदास मोटवानी एवं मंत्री प्रत्याशी हेतु अजय ठाकुर के नामों की घोषणा की गई थी। वहीं व्यापारी एकता पैनल से चंदन सोनी ने उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। एवं सहयोगी बंटी अरोरा एवं संजय गुप्ता इन सभी प्रत्याशियों ने निजी कारणों के चलते चुनाव से नाम वापस ले लिया था।

# पत्रकार कहने वाला ही निकला सुपारी किलर

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



2 मार्च को प्रार्थी विजय कुमार चंद्रा पिता भगवान लाल चंद्रा उम्र 27 वर्ष साकिन भातमहुल के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में प्रार्थी को जान से मारने की षडयंत्र रचकर रणधीर कश्यप निवासी मल्दा को ग्राम पंचायत भातमाहुल के उप सरपंच राजकुमारी चंद्रा व उसके पति एवं अन्य के द्वारा दस लाख रूपये में विजय चंद्रा को जान से मारने की सुपाडी दिया गया था । ग्राम पंचायत भातमाहुल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रार्थी विजय कुमार चंद्रा के पिता भगवानलाल चंद्रा सरपंच पद प्रत्याशी पर खडा था जो भरतलाल चंद्रा को चुनाव में हराकर ग्राम पंचायत भातमाहुल का सरपंच प्रार्थी के पिता भगवान लाल चंद्रा है पंचायत चुनाव के दौरान भी आरोपीगणो द्वारा चुनाव में हारने पर मतदान दल व पुलिस पार्टी के उपर हमलाकर उपद्रव किया गया था । जिस पर थाना हसौद में अपराध कायम कर चालान मान् जेएमएफसी न्यायालय जैजैपुर में पेश किया गया है जो न्यायालय में विचाराधिन है , वर्तमान में आरोपी राजकुमारी चंद्रा ग्राम पंचायत भातमाहुल का उप सरपंच है जो पंचायत प्रस्ताव के दौरान पंचायत भवन भातमाहुल में अपने पति व साथी पंचो के साथ शासकीय कार्य में व्यधान उत्पन्न कर गाली गलौच कर इंद्राज रजिस्टर में पेन से कास कर अपराध घटित किया । जिस पर पंचायत सचिव हेमलाल भार्गव की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम कर आरोपियों के विरुद्ध चालान विशेष न्यायालय जांजगीर में पेश किया गया है जो विचाराधिन है , आरोपियो द्वारा अपने कार्य पर सफल नही होने पर एवं चुनावी रंजिस को लेकर विजय कुमार चंद्रा पिता भगवान लाल चंद्रा उम्र 27 वर्ष साकिन भातमाहुल जो सरपंच भगवान लाल चंद्रा का पुत्र है जिसे जान से मारने के लिए सुपारी किलर को दस लाख रूपये में सौदा कर मारने के लिए । रणधीर कश्यप निवासी मल्दा को सौदा कर सुपारी पाच लाख रूपये एडवांस दिये है।जिस पर थाना हसौद में अपराध कमांक 20/2021 धारा 120 बी , 387,115,34 भादवि कायम कर विवेचना किया गया । दौरान विवेचना एवं आरोपी रणधीर कश्यप के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर आरोपी द्वारा लिये गये सुपारी का रकम 240000 / रू को बरामद किया गया है । प्रकरण सदर में धारा 115,34 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने से मामले में उक्त धारा जोडी गई है । जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदया जिला जॉजगीर चांपा पारूल माथुर ( भापुसे ) द्वारा उपरोक्त अपराधों के आरोपीयों की गिर कर न्यायालय पेश करने हेतु दिये गये निर्देशानुसार अति . पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय चंद्रपुर / डभरा श्रीमान भवानी शंकर खुटिया के अगुवाई में एवं चुद्रपुर / डभरा अनुभाग के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियो के संयुक्त टीम के साथ उपरोक्त प्रकरणों के आरोपीयों 1.रणधीर कश्यप पिता लखन लाल कश्यप उम्र 27 साल साकिन मल्दा थाना हसौद जो वेब इंडिया पत्रकार है । 02.सुरेश चंद्रा पिता पंचराम चंद्रा उम्र 38 साल , 03.राजकुमारी चंद्रा पति सुरेश चंद्रा उम्र 28 साल , 04 सुशीला यादव पति कौशल प्रसाद यादव उम्र 30 साल . 05 . श्यामलाल चंद्रा पिता जयराम चंद्रा उम्र 39 साल , 06.शोभित चंद्रा पिता जयराम चंद्रा उम्र 41 साल , 07.गोविंद चंद्रा पिता जतीराम चंद्रा उम्र 31 साल साकिन भातमाहूल का भूमि एक्सप्रेस का पत्रकार है।

**उक्त मामले में कितने लोगों पर हुई कार्रवाई**

# चर्चित नसबंदी कांड को लेकर विधायक शैलेष पाण्डेय ने स्वास्थ्य मंत्री से पूछे सवाल, मांगी जानकारी, दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई?

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com


विधानसभा में आज बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय ने चर्चित नसबंदी कांड को लेकर सवाल पूछे और जानना चाहा कि उक्त मामले में कितने लोगो के खिलाफ कारवाई हुई है? विधायक शैलेष पाण्डेय ने पूछा कि क्या मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले के ग्राम पेडारी में नसबंदी शिविर नसबंदी शिविर कब लगाया गया था उस शिविर में नसबंदी के बाद कितने महिलाओं की मौत हुई थी और मृतक महिलाओं में मृत्यु का कारण क्या था शासन द्वारा जांच में क्या पाया गया और दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई? स्वास्थ्य एवं पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव ने विधायक के प्रश्न पर बताया कि बिलासपुर जिले के ग्राम पेडारी में नसबंदी शिविर दिनांक 8 नवंबर 2014 को लगाया गया था। उक्त शिविर में नसबंदी के बाद 12 महिलाओं की मृत्यु हुई थी प्रकरण माननीय न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है कारण स्पष्ट किया जाना संभव नहीं है। श्री सिंहदेव ने विधायक शैलेष पाण्डेय के प्रश्न पर बताया कि वर्तमान में प्रकरण न्यायालय बिलासपुर के विचाराधीन है ।शिविर में लापरवाही बरतने के



कारण डा आर के भांगे तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बिलासपुर, डॉक्टर आरके गुप्ता एलटीटी सर्जन जिला चिकित्सालय बिलासपुर को सेवा से बर्खास्त किया गया एवं डॉ प्रमोद तिवारी खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर तथा डॉक्टर के सी उरांव राज्य कार्यक्रम अधिकारी परिवार कल्याण को निलंबित किया गया था खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि निर्माता मेसर्स महावर फार्मा खम्हारडीह रायपुर को औषधि अनुज्ञप्ति को निरस्त किया गया फर्म मैसर्स महावार फार्मा प्राइवेट लिमिटेड खम्हारडी ह रायपुर के संचालक रमेश महा वार एवं सुमित महावार के विरुद्ध थाना पंढरी रायपुर में उपरोक्त घटना के संबंध में प्रथम सूचना प्रतिवेदन 373 /14 दर्ज किया गया एवं महावर्र फार्मा लिमिटेड के डायरेक्टर रमेश महावार ,मेसर्स कविता लेबोर्ट्रिज तिफरा बिलासपुर के भागीदार राकेश खरे एवं राजेश खरे औषधि निरीक्षक बिलासपुर द्वारा प्रकरण जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर में औषधि एवं प्रशासन अधिनियम 1940 की धारा 17 (बी)18 ए आई के अंतर्गत परिवाद प्रस्तुत किया गया है ।मेसर्स महावार फार्मा वीआईपी रोड खम्हारदीह रायपुर को मैन्यू फेक्करिंग प्रैक्टिस सभी प्रमाण पत्र प्रदान करेने वाले तत्कालीन अनुज्ञापन पदाधिकारी को निलंबित किया गया था एवं उसके विरुद्ध विभागीय जांच सास्थित है तथा विलंब से अभियोजन दायर करने के लिए विभाग द्वारा सहायक औषधि नियंत्रक एवं औषधि निरीक्षक को निलंबित किया गया है।

# मनाली कांक्लेव में सर्वोदय पब्लिक स्कूल को मिला अवार्ड

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com




भारत देश के प्रसिद्ध स्थल मनाली में आयोजित वेडनेसडे टाइम्स के एजुकेशनल कांक्लेव 2021 में पूरे भारत देश में बेहतर शिक्षण संस्थानों की टॉप 30 की केटेगरी में जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर के हीरापुर में स्थित सीबीएसई पैटर्न वाले सर्वोदय पब्लिक स्कूल को टॉप थर्टी इनोवेटिव एजुकेशनल इंस्टिट्यूट अवार्ड से सम्मानित किया गया है, तथा वेडनेसडे टाइम्स के चीफ एडिटर हुसैन शेख एवम सीईओ नुजहत शेख ने उक्त सम्मान देते हुए सर्वोदय पब्लिक स्कूल द्वारा प्रदत की जा रही बेहतर शिक्षा की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

वहीं सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर के डायरेक्टर किशोर अग्रवाल ने वेडनेसडे टाइम द्वारा उन्हें देश के टॉप थर्टी इनोवेटिव एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर संस्था का आभार व्यक्त किया है।

तथा किशोर अग्रवाल ने कहा है कि उनकी संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से चंद्रपुर के हीरापुर में लोगों को एक बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा रही है,तथा उनके विद्यालय में बच्चों के छात्रावास की भी सुविधाएं हैं, एवं समय-समय पर शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी ध्यान देते हुए विद्यालय के बच्चों को अध्यापन कार्य कराया जा रहा है, एवं उनके विद्यालय के बच्चे खेल तथा अन्य गतिविधियों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक के कार्यक्रमों में अपना प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवन्नित कर रहे हैं, सर्वोदय पब्लिक स्कूल को मिले इस अवार्ड पर क्षेत्रवासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर किशोर अग्रवाल एवं पूरे प्रबंधन को शुभकामनाएं दी हैं।

# बालको ने जीता पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया नेशनल अवार्ड

**पायनियर संवाददाता < बालकोनगर**
www.dailypioneer.com




वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कॉरपोरेट फिल्म (अंग्रेजी) श्रेणी में देश का प्रतिष्ठित पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया नेशनल अवार्ड-2020 हासिल किया। कोविड-19 की रोकथाम एवं उसके प्रति जागरूकता की दिशा में बालको द्वारा छत्तीसग? शासन और प्रशासन को दिए गए योगदान पर आधारित फिल्म के लिए पुरस्कार केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक एवं उत्तराखंड की राज्यपाल श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने बालको की कंपनी संवाद प्रमुख सुश्री मानसी चौहान, सह प्रबंधक श्री विजय वाजपेयी व श्री दीपक कुमार विश्वकर्मा को वर्चुअल समारोह में प्रदान किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री अभिजीत पति ने पुरस्कार के लिए बालको परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री पति ने कहा कि बालको देश की चहुंमुखी प्रगति में योगदान के लिए कटिबद्ध है। कोरोना वाइरस के दुष्प्रभाव से बालको परिवार और संयंत्र के आसपास रहने वाले नागरिकों को बचाने और उन्हें जागरूक बनाने की दिशा में बालको प्रबंधन की ओर से हरसंभव कदम उठाए गए। बालको परिवार के लोगों ने पूरे अनुशासन से कोविड-19 के दिशानिर्देशों के अनुरूप एकजुटता से कार्य प्रदर्शन किया। श्री पति ने बताया कि संयंत्र प्रचालन के विभिन्न क्षेत्रों में अत्याधुनिक एवं डिजीटल तकनीकों का समावेश किया जा रहा है। बालको की कॉरपोरेट फिल्म 'न्यू नॉर्मल' कार्य शैली पर आधारित है। फिल्म में उत्पादन, उत्पादकता, औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रबंधन प्रक्रियाओं, महिला सशक्तिकरण, नवाचार, सामुदायिक विकास, मानव संसाधन, टाउनशिप आदि के साथ ही कोरोना से बचाव की दिशा में बालको संचालित सैनिटाइजेशन एवं अन्य जागरूकता अभियानों को प्रदर्शित किया गया। बालको प्रबंधन ने संयंत्र प्रचालन के प्रत्येक क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया है। बालको ने अपने कर्मचारियों, ठेका कामगारों और व्यवसाय के साझेदारों की सुरक्षा की दृष्टि से हरसंभव कदम उठाए हैं। वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप कर्मचारियों और व्यवसाय के साझेदारों के स्वास्थ्य की रक्षा की दृष्टि से बालको अस्पताल में समयबद्ध स्वास्थ्य परीक्षण किए जाते हैं। पुरस्कार के निर्णायक मंडल में पीआरएसआई के महासचिव श्री वाई. बाबजी, दैनिक द हिंदू के एसोसिएट एडिटर श्री शिशिर सिन्हा, बिजनेस इंडिया पत्रिका के एसोसिएट एडिटर सुश्री येशी सेली, ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल, एससीओपीई तथा इंडियन ऑयल के पूर्व अध्यक्ष श्री सार्थक बेहुरिया, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुश्री स्तुति कक्क? एवं पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक शामिल थे। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) जनसंपर्क के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों का राष्ट्रीय संगठन है। वर्ष 1958 में संगठन की स्थापना के बाद जनसंपर्क व्यवसाय के प्रति जागरूकता के संचार के क्षेत्र में देश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां पाई हैं। संगठन के प्रयासों के फलस्वरूप जनसंपर्क व्यवसाय को प्रबंधन में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्व व्यवसाय के रूप में स्थापित होने में मदद मिली है। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) देश की प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक इकाई है। कंपनी की 49 फीसदी अंशधारिता भारत सरकार के और 51 फीसदी अंशधारिता वेदांता लिमिटेड के स्वामित्व में है। वेदांता लिमिटेड दुनिया की 6वीं सबसे ब?ी वैविध्यीकृत प्राकृतिक संसाधन कंपनी है तथा यह कंपनी देश में एल्यूमिनियम का सबसे अधिक उत्पादक करती है। बालको द्वारा कोरबा में 0.57 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता के एल्यूमिनियम स्मेल्टर का प्रचालन किया जाता है।

# कांग्रेस नेता के भतीजे ने की आत्महत्या शव के पास से मिला सुसाइड नोट



**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com

## सुसाइड नोट में युवती का जिक्र

पुरानी बस्ती टीआई राजेश सिंह के मुताबिक कुकरीपारा स्थित अपने घर के कमरे में श्रेयांश ओझा नाम के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है. युवक बीएल एलएलबी का छात्रा और कांग्रेस नेता सुशील ओझा का भतीजा था. पुलिस ने मौके से सुसाइट नोट भी बरामद किया है. सुसाइट नोट अंग्रेजी में है और उसमें किसी युवती का जिक्र किया गया है. हालांकि उसने नोट में किसी पर आरोप नहीं लगाया है. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गांजा तस्करी में लिप्त थे भाई-बहन

सिविल लाइन थाना पुलिस के अनुसार गांजा तस्करी करते भाई-बहन को गिरफ्तार किया गया है. उनके पास से 13 किलो गांजा बरामद हुआ है। दोनों ही आरोपी सोहन लाल कोरी और मोनू देवी कोरी गांजे को जगदलपुर से चित्रकूट उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे. उससे पहले ही रायपुर बस स्टैंड में पुलिस ने सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ लिया. दोनों आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

कांग्रेस नेता सुशील ओझा के भतीजे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक का नाम श्रेयांस ओझा (21) था जो लॉ की पढ़ाई कर रहा था। शव के पास से पुलिस को चार पन्नों का अंग्रेजी में लिखा सुसाइड नोट मिला है। नोट में परिजनों के साथ साथ किसी युवती का जिक्र भी किया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना पुरानी बस्ती इलाके के कुकरी पारा की है।

मंगलवार की देर रात श्रेयांस ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। फांसी पर लटका देखकर श्रेयांस के परिजनों ने इसकी सूचना पुरानी बस्ती थाने को दी। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और शव को फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस को शव को पास से चार पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें सॉरी, मैं जा रहा हूं लिखा हुआ है। साथ ही और भी बहुत कुछ लिखा हुआ है। फिलहाल श्रेयांस ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। रायपुर से इस वक्त क्राइम से जुड़ी दो बड़ी खबरे सामने आई है. पहली खबर यह है कि पुरानी बस्ती थाना इलाके में बीए एलएलबी के छात्र व कांग्रेस नेता के भतीजे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

दूसरी खबर यह है कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गांजा की तस्करी करते भाई-बहन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# झंडा घाट में मिली अज्ञात युवती की लाश एफएसएल टीम और एसपी पहुंचे घटना स्थल

**पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर**
www.dailypioneer.com

जिले के पत्थलगांव विकासखंड के मुख्य सड़क पर स्थित झंडा घाट में एक अज्ञात युवती की लाश मिली है। ग्रामीणों ने शव को देखने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंचीं। घटना मंगलवार की शाम की है जब ग्रामीणों ने झंडा घाट के जंगल में अचानक एक युवती की लाश को देखा। इस संबंध में एसएसपी बालाजी राव सोमावार ने बताया कि मंगलवार की शाम में सूचना मिलने की वजह से जांच की कार्रवाई पूरी नहीं हुई थी। बुधवार की सुबह फारेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंची और एसएसपी सोमावार स्वयं भी घटना स्थल पर पहुंचे। एफएसएल के ज्वांइट डायरेक्टर पैंकरा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और विवेचना के लिए अहम बिंदुओं पर गौर किया।





घटना स्थल का मुआयना एफएसएल की टीम के साथ किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। विवेचना जारी है।

**बालाजी राव सोमावार,**
एसएसपी जशपुर

# कोरोना काल में जनसंवाद का माध्यम था मुख्यमंत्री का जनसंपर्क विभाग : विकास

**पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह बताये कि अपने अंतिम बजट में तीन सौ पचास करोड़ क्यों फूंके जबकि उस वक्त कोई महामारी नहीं फैली थी**

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम जनता से संवाद कर राहत दिलाया**

**भाजपा नेताओं की मतिमारी गई, बखूबी काम करने वाले जनसंपर्क विभाग पर लगा रहे है झूठा आरोप**

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं सचिव विकास तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगाए गए जनसंपर्क विभाग के दुरुपयोग पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं की मति मारी गई है जो अनर्गल और निराधार आरोप लगा लगा रहे हैं कोरोना कोविड-19 महामारी के समय जब पूरे देश और विदेश में लॉकडाउन लगा हुआ था उस समय छत्तीसगढ़ राज्य में भी लॉकडाउन के कारण प्रदेश की पौने तीन करोड़ जनता अपने घरों में बंद हो गई थी और घबरायी हुई थी उस कठिन समय मे हर क्षण रोजाना लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उन्हें कोरोना महामारी से बचने के विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बताये उपायों को नियमित रूप से संवाद करके बता रहे थे और जिस का प्रतिसाद भी यह सामने आया कि प्रदेश में कोरोना महामारी को शुरुवाती चरण में काबू में लाया जा सका था।जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने रात दिन मेहनत करके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बातों को और कोरोना महामारी से बचाव के विश्व स्वास्थ्य संगठन के गाइड लाइन को घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रहे थे।यह एक कठिन चुनौती थी और उसे बखूबी निभाया गया, यह बात भाजपा के कमीशनबाज नेताओ को नागवार गुजरा और उनके द्वारा झूठा आरोप विभाग पर लगाया गया। कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने प्रदेश भाजपा से पूछा है कि उन्हें यह बताना चाहिए कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के अंतिम बजट में जनसंपर्क विभाग को साढ़े तीन सौ करोड़ से अधिक का बजट का प्रावधान किया गया था जबकि उस समय कोई महामारी नहीं फैली थी तो जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग किसके लिये किया यह बात प्रदेश की पौने तीन करोड़ जनता जानना चाहती है। प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार के जनसम्पर्क विभाग द्वारा एक जनवरी 2020 से 31 जनवरी 2021 तक प्रचार-प्रसार मद में कितनी राशि व्यय की गई और उक्त राशि में प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों हेतु कितनी राशि व्यय की गई है। इस प्रश्न के लिखित जवाब में शासन की ओर से बताया गया कि उक्त अवधि में लगभग 172 करोड़ रूपए खर्च किए गए। सोशल मीडिया और दूसरे मंचों से यह प्रचारित किया जा रहा है कि कांग्रेस सरकार फिजूलखर्ची कर रही है।वास्तविकता ये है कि व्यय राशि में पिछली सरकार के खर्च किए हुए करोड़ों रु सम्मिलित हैं ।वर्ष 2018-19 में, जो कि चुनावी वर्ष था प्रचार-प्रसार के लिए 153 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान था, जिसे राज्य सरकार ने नियमों को ताक में रखते हुए अपने प्रसार-प्रसार में 353 करोड़ 57 लाख रूपए का कार्य कराया था। यह राशि आबंटित राशि से 200 करोड़ 57 लाख रूपए अधिक थी।

## नवोदय विद्यालय में 12 विद्यार्थी कोरोना पॉजिटिव पाये गये



**कुरूद।** कुरूद के जवाहर नवोदय विद्यालय में 2 दिन में 12 विद्यार्थी कोरोना पॉजिटिव पाये गये, जिन्हें पालकों के सुपुर्द कर दिया गया है। इतने विद्यार्थियों के कोरोना पॉजिटिव पाये जाने के बाद पालकों में हडकंप मच गया है। स्कूलों की परीक्षा अब नजदीक आने लगी है जिसे देखते हुए केन्द्र और राज्य सरकार ने कोविड नियमों का पालन करते हुए स्कूल खोलने की अनुमति दी है।जवाहर नवोदय विद्यलय कुरूद में 10वीं व 12वीं के 121 विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बुलाया गया था। 15 दिन पहले बुलाये गये विद्यार्थियों को कोरोना टेस्ट निगटिव आने पर ही प्रवेश दिया गया। अब अचानक वहां सं मण फैल गया है। मंगलवार को जांच के बाद 5 विद्यार्थी व बुधवार को 6 कोरोना पॉजिटिव पाये गये है इससे पहले दिन एक और विद्यार्थी कोरोना पॉजिटिव था। बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व दो विद्यार्थी और पॉजिटिव पाये गये थे।

# कृषि पम्पों के स्थायी कनेक्शन की स्वीकृति के लिए सीएम का आभार माना छाया वर्मा ने

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com





राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने 35161 कृषि पम्पो को स्थायी विद्युत कनेक्शन देने की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा से राज्य के किसानों को ब?ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर से साबित कर दिया कि उनकी सरकार की प्रथमिकता में गांव, गरीब और किसान हैं। सांसद छाया वर्मा ने कहा कि प्रदेश के अनेक किसानों की मांग पर इस मामले में मैने भी मुख्यमंत्री से किसानों के हित में प्रदेश भर में कृषि पम्पो के स्थायी कनेक्शन दिया जाये। मुख्यमंत्री ने सदाशयतापूर्वक इस अनुरोध को स्वीकार किया। सांसद छाया वर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की प्राथमिकता में खेती और किसान थे ही नही इसीलिए भाजपा सरकार ने अपने पन्द्रह साल के कार्यकाल में एक भी बड़ी सिंचाई परियोजना को नही बनाया। प्रदेश में सिंचाई का रकबा नही बड़ा सिंचाई पम्पो के लिए किसानों को भटकना पड़ता था।

# मंत्रालय से रहस्यमय तरीके से लापता हुए ट्रेजरी के ज्वाइंट डायरेक्टर

**पुलिस अधिकारियों में मचा हड़कंप**

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में ट्रेजरी के ज्वाइंट डायरेक्टर अचानक नया रायपुर स्थित मंत्रालय से लापता हो गए हैं। जिनके गायब होने की रिपोर्ट राखी थाने में दर्ज कराई गई है। उनके लापाता होने की सूचना मिलने के बाद से ही पुलिस अधिकारियों में हडकंप मचा हुआ है। पुलिस के मुताबिक 56 वर्षीय राजेश श्रीवास्तव मूल रूप से बिलासपुर के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक एक मार्च को राजेश श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ दफ्तर पहुंचे थे। थोड़ी देर बाद उनकी पत्नी कार लेकर वापस चली गई लेकिन देर शाम तक जब राजेश श्रीवास्तव अपने घर नहीं पहुंचे तो चिंतित परिवार के लोगों ने उन्हें कॉल किया, लेकिन मोबाइल बंद पाया गया। जिसके बाद कार्यालय में लगे सारे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। जिसमें वो दोपहर करीब 12 बजे के कार्यालय से निकलते हुये दिखायी दे रहे हैं। फुटेज सामने आने के बाद परिजनों ने तत्काल इसकी शिकायत राखी थाने में दर्ज करायी है। अब पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## केबीसी में 1 करोड़ का लालच देकर महिला से 7 लाख की ठगी

**रायपुर।** केबीसी में कार व 25 लाख रुपये इनाम मिलने का झांसा देकर महिला से 7 लाख 1500 रुपये की ठगी करने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बजरंग चौक फुंडहर तेलीबांधा निवासी पुर्णिमा साहु 35 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि मो.फोन क्रमांक 73307-21375, 70057-64758 का धारक ने प्रार्थिया के मोबाईल फोन पर कॉल करके केबीसी में 1 करोड़ की कार एवं 25 लाख रुपये इनाम लाटरी के माध्यम इनाम फंसने का लालच देकर पहले 30 हजार रुपये फोन पे से ट्रांसफर करने को कहा। इसके बाद 1 करोड़ का कार फंसने का झांसा देकर अलग-अलग कर 24 से 30 जनवरी के मध्य कई बार में 7 लाख 15 सौ रुपये पीड़िता के पति का एकाउन्ट जो एसबीआई उसमें से आरोपी के द्वारा बताए खाते में ट्रांसफर कर दिया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# वैक्सिनेशन के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ बहुत पीछे



**रायपुर।** भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कोरोना महामारी के वैक्सीनेशन के लक्ष्य में प्रदेश को पिछड़ने का मामला विधानसभा में उठाया। उन्होंने प्रश्न किया कि कोविसील्ड ब कोवेक्सिन की कितने-कितने वैक्सीन प्रदेश में कब कब तक पहुंची 6 फरवरी की स्थिति में कितने कितने लोगों को वैक्सीन दी गई और निर्धारित लक्ष्य क्या था। वैक्सीन का वैक्सीनेशन जिलों में कब कब किया गया क्या जिलों में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति की गई, स्वास्थ्य मंत्री ने अपने उत्तर में बताया कि कोविसील्ड वैक्सीन 13 जनवरी को 323000, 20 जनवरी को 265000, 11 फरवरी को 223500 कुल 811500 वैक्सीन प्राप्त हुई। इसी तरह कोवैक्सीन 22 जनवरी को 37760 व 8 फरवरी को 24780 कुल 72540 वैक्सीन प्राप्त हुई है। 6 फरवरी की स्थिति में 498410 के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 166634 लोगों को वैक्सीन दी गई। कोवेक्सिन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है।

**एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र की महुआ और दफाई खदान क्षेत्रों में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के सम्बंध में आयोजित बैठक का विशेष महत्व**

# राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में एस.ई.सी.एल. अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com



प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आज बिलासपुर में जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं एस.ई.सी.एल. के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। बैठक का मुख्य एजेण्डा एस.ई.सी.एल. की चिरमिरी कोयला खदान क्षेत्र अन्तर्गत शासन द्वारा आवंटित भूमि पर विगत दिनों भू-स्खलन के परिणाम स्वरूप करीब 40 रहवासियों के मकानों के क्षतिग्रस्त होने से जु?ा हुआ था। राजस्व मंत्री ने कहा कि इस विषय पर मनेन्द्रग? विधायक डॉ. विनय जायसवाल द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा की गई थी जिस पर राजस्व मंत्री ने आश्वासवन दिया था कि सर्व संबंधितों के साथ इस विषय पर बैठक आयोजित की जाए और आज की बैठक उसी क?ी का हिस्सा है। बैठक में क्षेत्रीय सांसद ज्योत्सना महन्त, स्थानीय विधायक डॉ.विनय जायसवाल, राजस्व सचिव रीता शांडिल्य, कमिश्नर सरगुजा, कलेक्टर कोरिया, एस.ई.सी.एल. के सी.एम.डी. पाण्डा, डायरेक्टर टेक्निकल और डायरेक्टर पर्सनल शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सदस्यों को निर्देशित करते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि विगत दिनों एस.ई.सी.एल. के चिरमिरी क्षेत्र में भूस्खलन होने के कारण महुआ और दफाई में 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। तत्काल सहायता पहुंचाने की दृष्टि से राज्य सरकार ने क्षतिग्रस्त 40 मकानों के निवासियों के लिए एक महीने तक आवास व भोजन की व्यवस्था की गई। एस.ई.सी.एल. के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एक महीने के भीतर क्षतिग्रस्त मकानों को मरम्मत कर रहने के लिए उन्हें वापस सौंपने का निर्णय आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लिया गया। इस संबंध में राजस्व मंत्री ने निर्देश दिया है कि कलेक्टर कोरिया की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाए जिसमें चिरमिरी - मनेन्द्रगढ़ विधायक, एस.ई.सी.एल. के महाप्रबंधक, संपदा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। समिति द्वारा अपना विस्तृत प्रतिवेदन जून महीने तक सरकार को प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें इस बात को उल्लेख होगा कि एस.ई.सी.एल. को कौन-कौन सी जमीन कब-कब किस प्रयोजन हेतु उपलब्ध करवाई गई है। इस रिपोर्ट में इस बात का विशेष उल्लेख होना चाहिए कि कौन सी जमीन वन विभाग की अथवा नजूल की और कौन सी भूमि कोल वियरिंग की है। राजस्व मंत्री एस.ई.सी.एल. अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यथावश्यकता वे अपने मंत्रालय से इस बात की मंजूरी प्राप्त कर लें कि जो भूमि एस.ई.सी.एल. को आवंटित तो है परन्तु उनके द्वारा उसका कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है, अतएव ऐसी जमीनों को चिन्हांकित कर किसानों को वापस करने के लिए राजस्व विभाग को सूचित करें। राजस्व मंत्री ने एस.ई.सी.एल. अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कोरबा में अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें एस.ई.सी.एल. द्वारा कोरबा में 4 डायलिसिस मशीनें लगाई जाएंगी।

# अब गाड़ियों का फोटो फिट्नेस क्यूआर कोड एम-वाहन ऐप से

**पायनियर संवाददाता < रायपुर**
www.dailypioneer.com



परिहवन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि वाहनों की फिटनेस को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए एक मार्च से प्रदेश भर में एम-वाहन नामक एप शुरू किया गया है। ऐप के माध्यम से रसीद में दिया क्यूआर कोड स्कैन करने से गाड़ी की समस्त जानकारी उपलब्ध हो जाएगी। ऐप से फिट्नेस करने लिए गाड़ी का फोटो एम-वाहन ऐप से खींचना पड़ेगा, ऐप के द्वारा फोटो के साथ गाड़ी का लोकेशन भी दिख जाएगा। जिसे मुख्यालय में बैठे अधिकारी भी देख सकेंगे। इसके तहत फिटनेस के लिए आने वाले वाहनों का फिटनेस टेस्ट के बाद फोटो ऐप में अपलोड करनी पड़ेगी, इसलिए अब परिवहन कार्यालय आने वाले वाहनों का ही फिटनेस हो पाएगा। इसके साथ ही परिवहन विभाग से मिलने वाली रसीद पर क्यूआर कोड भी शुरू किया गया है। क्यूआर कोड को स्कैन करने से वाहन का पूरा खाका स्वतः मिल जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा एम-वाहन नामक ऐप की पूरे राज्य में 01 मार्च से शुरू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि राज्य में कुल 60 लाख छोटी-बड़ी गाड़ियां पंजीकृत हैं। रायपुर आरटीओ कार्यालय में परिवहन कार्यालय में एक दिन में 50 गाड़ियां तथा प्रदेश भर में कुल 800 गाड़ियां प्रतिदिन फिटनेस की जांच कराने पहुंचती हैं। वर्तमान में गाड़ियों का फिटनेस कर्मचारियों द्वारा मैन्यूअल किया जाता है। प्रदेश में एक मार्च से एम-वाहन नामक एप के शुरू होने से फिटनेस की जांच कर रहे अधिकारी द्वारा जांच समय गाड़ी की फोटो एम-वाहन नामक ऐप से खिंचा जाएगा। एम-वाहन ऐप से फोटो खींचते ही फोटो खींचने वाले जगह का जीओ टैगिंग भी हो जाएगा और मैप में लोकेशन का कोऑर्डिनेट भी आ जाएगा। फिटनेस की जांच कर रहे अधिकारी यदि जांच केंद्र से 500 मीटर दूर हो जाएगा तो ऐप तुरंत काम करना बंद कर देगा। इससे जांच अधिकारी अब जांच के दौरान हेराफेरी नहीं कर पाएंगे। इसके साथ ही परिवहन विभाग को अक्सर शिकायत मिलती है कि बिना गाड़ी आए ही फिटनेस हो गया है। छोटी मालवाहक गाड़ियां बड़ा डाला बनवाकर फिटनेस करा लेती हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403